नई दिल्ली, गुरुवार 14 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष-02 ■ वर्ष : 27, अंक : 249 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 24, न्यून. 11 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



संसद पर हमले की 22वीं बरसी के दिन ही लोकतंत्र के मंदिर में फिर 'सेंधमारी'

**बड़ा सवाल : तीन लेयर की सुरक्षा में बड़ी चूक, जिम्मेदार कौन? क्या घुसने वाले लोगों का खालिस्तानी या नक्सली कनेक्शन?**

### दो प्रदर्शनकारियों को संसद के बाहर और एक को अंदर तथा एक को बाद में लिया हिरासत में

# संसद भवन की सुरक्षा में चूक, दो युवकों ने सदन में मचाया उत्पात

हिरासत में लिए गए पांचों लोगों से लोकल पुलिस और स्पेशल सेल कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद हमले की बरसी पर बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए। उन्होंने पीले रंग का धुआं उड़ा दिया। इसके बाद सदन में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया।

एक युवक सांसदों की सीटों पर चढ़कर उछल कूद करने लगा। सांसदों ने दोनों युवकों को पीटने के बाद सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया। इसे संसद की सुरक्षा में भारी चूक के तौर पर देखा जा रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा संसद भवन के बाहर भी देखने को मिला। एक महिला और एक युवक को रंग उड़ाते समय हिरासत में लिया गया। दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पांचों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दोनों युवक विजिटर पास के जरिए संसद के अंदर पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक संसद के बाहर ट्रांसपोर्ट भवन के सामने सड़क से दो प्रदशनकारियों को हिरासत में लिया गया। इनमें एक पुरुष और दूसरी महिला है। जबकि एक को बाद में हिरासत में लिया गया।

इनके नाम हिसार हरियाणा निवासी नीलम (42) और लातूर, महाराष्ट्र निवासी अमोल शिंदे (25) बताया गया है। वहीं संसद के अंदर उत्पात मचाने वालों में सागर शर्मा और मनोरंजन डी (35) शामिल है। ये दोनों कनार्टक के रहने वाले हैं। इनके द्वारा इस्तेमाल की गई सामग्री को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। जिस वक्त नीलम को संसद के बाहर से पकड़ा गया, उस वक्त वह तानाशाही नहीं चलेगी, संविधान बचाओ, मणिपुर को इंसाफ दिलाओ और महिलाओं पर अत्याचार नहीं चलेगा के नारे लगा रही थी। पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है संसद को साजिश के तहत टारगेट किया गया। ये दो अलग अलग ग्रुप में आए थे। इनमें दो लोग संसद के अंदर दाखिल हुए जबकि दो बाहर ही रहे। संसद के अंदर घुसे दोनों युवकों की करतूत को सुरक्षा में भारी चूक माना जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अब तक की गई पूछताछ व जांच में इस हंगामे प्रदर्शन में कुल छह लोग शामिल हैं। इनमें से पांच की पहचान हो चुकी है। पांचवे युवक का नाम ललित झा बताया जा रहा है। उसी के घर पर इस हरकत की प्लानिंग हुई थी। आज की इस करतूत को लेकर उनकी एक मीटिंग गुरुग्राम में हुई थी। मामले की जांच स्थानीय पुलिस के अलावा स्पेशल सेल की टीम भी कर रही है। पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा भी संसद भवन पहुंचे।

### किसी पार्टी से नहीं जुड़ी है नीलम- परिजन

नीलम के छोटे भाई राम निवास ने दिल्ली पुलिस को बताया कि नीलम हिसार में पढ़ाई करती है। वह किसी राजनैतिक पार्टी से जुड़ी नहीं है। बुधवार को उनके बड़े भाई ने यह घटना टीवी में देखकर अन्य परिजनों को इसकी जानकारी दी। नीलम मंगलवार को फार्म भरने की बात कहकर घर से निकली थी। आज सुबह नीलम से फोन पर बात भी हुई थी, जिसने मां की दवाई के बारे में पूछा था। आज जो कुछ भी हुआ, उसने ऐसा क्यों किया यह सब उससे मिलकर और बात करने के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पकड़े गये दूसरे युवक सागर लखनऊ का रहने वाला है। उसकी मां ने कहा कि वह धरने प्रदर्शन में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था।

**पकड़े गए सेंध लगाने वाले**



संसद भवन के बाहर पीले रंग का धुंआ छोड़ रही कैन लेकर प्रदर्शन कर रही नीलम नाम की महिला और अमोल को पुलिस कर्मियों ने हिरासत में ले लिया।

**सांसदों ने कर दी पिटाई**



सार्वजनिक गैलरी से दो लोग लोकसभा कक्ष में कूदे तो कुछ सांसद युवक पर टूट पड़े और पकड़कर पिटाई कर दी।

**पुलिस टीमें जांच में जुटीं**



संसद परिसर में रंगीन गैस का छिड़काव करने की पुलिसकर्मी जांच करते हुए।

## संसदीय सुरक्षाकर्मियों से यूं हुई एक के बाद एक भारी चूक, कई नपेंगे

हरिभूमि विशेष

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

संसद परिसर में हमले के बाद संसद के गर्भगृह में जहां तमाम सांसद बैठते हैं, संसदीय कार्यवाही चलती है, दर्शक दीर्घा से दो दर्शकों की कूदने की घटना इतिहास के स्याह पन्ने में दर्ज हो गई। संसद के अंदर और बाहर से गिरफ्तार से अलग अलग प्रांतों के युवाओं ने आखिर ऐसी प्लानिंग क्यों की? आखिर उनका मसौदा क्या था? लोकसभा की पंद्रह फिट ऊपर की दर्शक दीर्घा से बतौर दर्शक आए यूपी के सागर शर्मा और मैसूरू के डी. मनोरंजन आखिर नीचे कूदने में सफल कैसे हो गये, जब कि दर्शक दीर्घा की प्रथम पंक्ति में दर्शकों को बैठने की इजाजत नहीं! ये सब ऐसे सवाल हैं जिनसे घटना के बाद से ही संसदीय सुरक्षातंत्र सहित दिल्ली पुलिस के आला अफसर जूझ रहे हैं। हर कोण से जांच ⏩ शेष पेज 5 पर

### पेन, पेंसिल तक बाहर रहता है तो स्मोक गन कैसे पहुंचा?

संसदीय सुरक्षाकर्मी दर्शकों की तरफ मुंह कर चौकन्ने हो कर खड़े रहते हैं। किसी दर्शक ने टांग पर टांग रख ली या उसकी बॉडी लॅंग्वेज भी गलत हो गई तो तुरंत सुरक्षाकर्मी टोकते हैं। पेन, पेंसिल, घड़ी तक बाहर रखना पड़ता है तो फिर अपनी सीट से उठकर नीचे, लोकसभा के गर्भगह में कूदने में दोनों सफल कैसे हो गए? स्मोक-गन के साथ आखिर दोनों तमाम तरह के सुरक्षा घेरे को धता बताते हुए कैसे दर्शक दीर्घा तक पहुंचने में सफल हो गए?

### वर्ष 2001 में संसद पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत के उप राष्ट्रपति एवं सभापति, राज्य सभा जगदीप धनखड़, प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी एवं लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला के नेतृत्व में बुधवार को राष्ट्र ने 13 दिसंबर 2001 को आतंकवादी हमले से संसद की ⏩ शेष पेज 5 पर




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**एस सोमनाथ बोले-अन्य देशों से नहीं मिली मदद**

## अब गगनयान मिशन के लिए खुद का ही ईसीएलएसएस विकसित कर रहा इसरो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मिशन 'गगनयान' के लिए पर्यावरण नियंत्रण एवं जीवन समर्थन प्रणाली (ईसीएलएसएस) को स्वदेशी रूप से विकसित करने का फैसला किया है। अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एस सोमनाथ ने बुधवार को यह जानकारी दी। गगनयान परियोजना में परिकल्पना की गई है कि मानव चालक दल को चार सौ किलोमीटर की कक्षा में लॉन्च किया जाएगा और फिर उन्हें भारतीय समुद्री जल क्षेत्र में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लाया जाएगा। इसे 2025 में लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

वह गोवा के विज्ञान, पर्यावरण और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा डोना पाउला में आयोजित कार्यक्रम मनोहर परिकर विज्ञान महोत्सव 2023 के पांचवें संस्करण को संबोधित कर रहे थे। सोमनाथ ने कहा कि इसरो ने अब ईसीएलएसएस को स्वदेशी रूप से विकसित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हम अपने पास मौजूद ज्ञान का उपयोग करके और हमारे पास मौजूद उद्योगों का इस्तेमाल करके भारत में इसे विकसित करने जा रहे हैं।

### 'हमारे पास कौशल और आत्मविश्वास होना चाहिए'

उन्होंने कहा, 'जब हम अपने गगनयान कार्यक्रम के जरिए इंसानों को अंतरिक्ष में भेज रहे हैं तो मुझे लगता है कि हमारे पास जो कौशल और आत्मविश्वास होना चाहिए, वह वर्तमान की तुलना में अधिक होना चाहिए।' सोमनाथ ने कहा कि आज पूरे इसरो में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के सहयोग से विश्वास बहाली की प्रक्रिया हो रही है। गगनयान कार्यक्रम का पहला हिस्सा रॉकेट है। उन्होंने आगे कहा, रॉकेट जब भी लॉन्च के लिए तैयार होता है तो हमारे दिल की धड़कन बढ़ जाती है, क्योंकि भले ही रॉकेट सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए बहुत सुरक्षित रूप से बनाया गया हो, फिर भी कुछ गलत हो सकता है।

इसरो isro

### 'कोई भी देश ईसीएलएसएस हमें देने के लिए तैयार नहीं'

सोमनाथ ने कहा, हमारे पास पर्यावरण नियंत्रण जीवन समर्थन प्रणाली विकसित करने का कोई अनुभव नहीं है। हम केवल रॉकेट और उपग्रह डिजाइन कर रहे थे। हमने सोचा था कि यह ज्ञान अन्य देशों से आएगा। लेकिन, दुर्भाग्य से इतनी चर्चा के बाद कोई भी इसे (ईसीएलएसएस) हमें देने के लिए तैयार नहीं है।

### ईडी ने जब्त किए बैंकों के 64,920 करोड़

**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड़ ने बताया कि ईडी ने बैंकों के 64,920 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। वहीं, बैंकों के खिलाफ 1105 मामले दर्ज किए गए हैं और अब तक 150 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 10 सरकारी बैंकों ने एनएआरसीएल को 11,617 करोड़ से अधिक के बुरे फंसे कर्ज हस्तांतरित किए गए हैं।

## इस्लामिक देशों के संगठन को भारत ने लगाई 'लताड़'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



धारा 370 पर 11 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर चिंता जताने पर मुस्लिम देशों के संगठन ओआईसी को भारत ने जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल ओआईसी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता जाहिर की थी। ओआईसी सचिवालय द्वारा जारी बयान के संबंध में, आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत भारतीय सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के जनरल सचिवालय द्वारा जारी बयान को खारिज करता है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर राज्य से अनुच्छेद 370 को हटाने के केंद्र सरकार के फैसले को सही ठहराया है। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को संविधान के इस प्रावधान के खत्म कर दिया था। यह प्रावधान जम्मू-कश्मीर को भारत के अन्य राज्यों से अलग विशेष दर्जा प्रदान करता था। इसके बाद भारत सरकार के इस कदम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे सोमवार को शीर्ष अदालत ने खारिज करते हुए अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले को वैध करार दिया। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर से अलग लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले ⏩ शेष पेज 5 पर

**महादेव एप मामले में कार्रवाई**

## महादेव एप का मालिक रवि उप्पल दुबई से हुआ गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ दुबई

छत्तीसगढ़ की सियासी चूले हिला देने वाले महादेव ऐप का मालिक अंततः दुबई से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जल्द ही भारत लाने के प्रयास तेज हो गए है। दुबई पुलिस ने उप्पल के अलावा दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले इंटरपोल ने रवि उप्पल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। इसी नोटिस के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। भारतीय एजेंसियां दुबई सुरक्षा एजेंसियों के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। ⏩ शेष पेज 5 पर



### आरोपों से इनकार

रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर ने एक बयान में घोटाले में शामिल होने से इनकार कर दिया था। इन लोगों ने इसके लिए शुभम सोनी को जिम्मेवार ठहराया है। ईडी ने यूएई में भारतीय दूतावास से शुभम सोनी का बयान लिया है। ईडी के साथ-साथ मुंबई पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने उप्पल और एक अन्य प्रमोटर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

**भारत बन रहा है डेटा सेंटर का वैश्विक केंद्र**

## अब बदलेगी भारत की 'डिजिटल इकोनॉमी' और 'सूचना तकनीक'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत सूचना तकनीकी का वैश्विक केंद्र रहा है, और अब पिछले कुछ वर्षों से हम कंप्यूटर हार्डवेयर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्माण भी बड़े स्तर पर कर रहे हैं। सूचना तकनीकी हो या आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, इन सभी में आधारभूत जरूरत होती है डाटा की, और वह डाटा कहाँ स्टोर हो रहा है। कहा उसकी प्रोसेसिंग हो रही है, यह बड़ी ही महत्वपूर्ण बात होती है और जहां यह डेटा स्टोर होता है, और जहाँ विभिन्न कंप्यूटिंग उत्पादों द्वारा डेटा प्रोसेसिंग होती है, वह जगह कहलाती है डेटा सेंटर। बता दें, डेटा सेंटर ऐसी जगह होती है जहां किसी कंपनी की आईटी गतिविधियों को सुचारु रूप से चलने वाले उपकरणों को रखा जाता है। इन गतिविधियों में डेटा को स्टोर करना, सूचनाओं की प्रोसेसिंग करना, नेटवर्क का इस्तेमाल कर उसे कहीं ⏩ शेष पेज 5 पर

**आईसीसी टी-20 रैंकिंग जारी**

## रिंकू सिंह ने लगाई लंबी छलांग रोहित शुभमन आए बराबरी पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में शानदार अर्धशतक लगाने वाले रिंकू सिंह के सितारे बुलंदी पर हैं।

उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक मंगलवार (12 दिसंबर) को लगाया। अगले ही दिन आईसीसी टी20 रैंकिंग में उन्हें बड़ा फायदा हुआ। रिंकू को 46 पायदान का फायदा हुआ और वह अब 59वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रिंकू का रेटिंग अंक 464 है। उन्होंने इस मामले में भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा, ओपनर शुभमन गिल और बांग्लादेश के आफिफ हुसैन की बराबरी कर ली। तीनों ही खिलाड़ियों के रिंकू के बराबर रेटिंग अंक हैं। रिंकू ने तीन टी20 मैचों की सीरीज के ⏩ शेष पेज 5 पर

**मुख्यमंत्री सहित दोनों राज्यों में दो दो उप मुख्यमंत्रियों ने ली शपथ**

## एमपी में मोहन और छग में विष्णु की सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल हुए पीएम मोदी

एजेंसीए ⏭ भोपाल/रायपुर

बुधवार को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्रियों ने शपथ ली। उनके साथ दो-दो उप मुख्यमंत्रियों ने भी शपथ ली है। इस दौरान भाजपा का पूरा शक्ति प्रदर्शन दिखा। पीएम मोदी, जेपी नड्डा और भाजपा शासित राज्यों के सीएम मौजूद रहे।

भाजपा विधायक दल के नेता एवं उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल में मध्य प्रदेश के सीएम पद की शपथ ली। पहले डॉ. मोहन यादव (58) को राज्य की राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने जगदीश देवड़ा (मंदसौर के मल्हारगढ़ से विधायक) और राजेंद्र शुक्ला (रीवा से विधायक) को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे। इस मौके पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नितिन गडकरी भी मौजूद रहे।



पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय को बधाई दी



पीएम नरेंद्र मोदी से मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव ने आशीर्वाद लिया

### विष्णु देव साय बने छत्तीसगढ़ के सीएम

इसके बाद विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के सीएम के रूप में शपथ ली है। साय के साथ ही भाजपा विधायक अरुण साव और विजय शर्मा ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। पहला मौका है जब राज्य में सीएम को सहयोग करने के लिए दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान साय और दोनों उपमुख्यमंत्रियों को शपथ दिलाई। समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ मौजूद थे।

### वसंत कुंज मुठभेड़ के दौरान हो गया था फरार

# गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट से जुड़ा बदमाश किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने गत दिनों वसंत कुंज में हुई गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के गुर्गों से मुठभेड़ में फरार हुये बदमाश को अरेस्ट कर लिया है। इसके पास से एक पिस्टल, आठ कारतूस और एक लग्जरी कार बरामद हुई है। गिरफ्तार बदमाश का नाम मोहन जायसवाल बताया गया है। इसे बवाना इलाके से दबोचा गया।

पुलिस के मुताबिक 8 दिसंबर को वसंत कुंज इलाके में हुई एक छोटी से मुठभेड़ के दौरान मोहन फरार हो गया था। उस वक्त बदमाश लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के निर्देश पर एक बड़े होटल के बाहर गोलीबारी करने जा रहे थे। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आक्रामक स्वभाव के कारण परिवार के सदस्यों के साथ उसके रिश्ते काफी पहले खराब हो गये थे। प्रॉपर्टी डीलिंग के दौरान वह बदमाशों के संपर्क में आया। पुलिस से छिपने वाले बदमाश उसके पास शरण लेते थे। इसके खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज मिले हैं।



### महिला से ठगी करने वाला फर्जी डॉक्टर अरेस्ट

दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने खुद को डॉक्टर बता जालसाजी व ठगी करने वाले एक शख्स को कोलकाता से अरेस्ट किया है। आरोपी के निशाने पर शुगर पीड़ित लोग होते थे। सचिन कुमार (31) नामक आरोपी खुद भी शुगर का मरीज है। वह बिहार का रहने वाला है। इसके पास से तीन डेबिट कार्ड, चेकबुक और पासबुक आदि सामान जब्त किया गया हैं पुलिस के अनुसार हाल ही में इस जालसाज का शिकार एक महिला हुई थी। साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर जांच की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पास एक अनजान नंबर से कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद को शुगरफिट सर्विसेज की तरफ से खुद को डॉक्टर बताया था। उनसे शुगरफिट सेवाएं प्रदान करने के बहाने 15 हजार रुपए ऐंठ लिए गये थे। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक डिटेल्स, कॉल डिटेल्स हासिल कर आरोपी को कोलकाता, पश्चिम बंगाल से दबोचा। उसने पूछताछ में बताया कि वह गुरुग्राम की एमएनसी में मोबाइल टेलीकॉलर के रूप में काम कर चुका है। 2019 में नौकरी छोड़कर वह कोलकाता चला गया। एक साल पहले ही उसने भोले भाले लोगों को धोखा देने की योजना बनायी थी। इसके तहत शुगर से पीड़ित लोगों का डाटा इकट्ठा किया और शुगर फिट (शुगर निवारण सेवाएं) से ऑनलाइन सेवाएं देने के बहाने ठगी शुरू कर दी। शुगरफिट वेबिनार में शामिल होने के दौरान उसने काफी लोगों के मोबाइल नंबर जुटाए थे।

### बिजनेसमैन के घर पर फायरिंग करने वाले दो नाबालिगों समेत तीन पकड़े

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने सोनीपत में छापा मारकर दो नाबालिक शूटरों को पकड़ा है। इनकी निशानदेही पर एक तीसरे शख्स को भी अरेस्ट किया गया है जिसके पास इन्होंने वारदात में इस्तेमाल पिस्टल रखी थी। उसका नाम देवराज डबास बतया गया है। 30 नवंबर को वजीराबाद इलाके में बिल्डिंग मैटेरियल का व्यवसाय करने वाले शख्स के घर के बाहर फायरिंग की गई थी। फायरिंग के बाद रंगदारी की डिमांड वाली पर्ची भी फेंकी गई थी। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की मदद से मामले बदमाशों के रूट की पहचान की गई। इसके अलावा टेक्निकल सर्विलांस की भी मदद ली गई। एक बदमाश की लोकेशन सोनीपत में मिली। क्राइम ब्रांच की टीम ने छापा मारकर दो नाबालिग शूटरों को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर एक अन्य शख्स की भी गिरफ्तारी की गई जिसमें पास इनका हथियार रखा था। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है।

### बिंदापुर में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग

उधर द्वारका जिले के बिंदापुर में भी बुधवार दोपहर एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग की घटना सामने आई है। बाइक सवारों ने ऑफिस पर कई राउंड फायरिंग की और फरार हो गये। पुलिस का कहना है कि फायरिंग रंगदारी के लिये की गई है। फायरिंग में कोई शख्स जख्मी नहीं हुआ। शिकायतकर्ता से पूछताछ की गई तो उसने कहा कि पहले कभी उनसे रंगदारी की डिमांड नहीं की गई थी। फायरिंग की यह घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे सामने आई।

# पंडारा रोड मार्केट का होगा जीर्णोद्धार, रूपरेखा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली इलाके के पंडारा रोड मार्केट का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसकी रूप-रेखा तैयार कर ली गई है। इसके मद्देनजर बुधवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बुधवार को पंडारा रोड मार्केट का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिष्ठित बाजार के व्यापक नवीनीकरण और विकास में एक महत्वपूर्ण कार्यो को चिह्नित किया गया। निरीक्षण के दौरान, पंडारा रोड मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों ने बाजार के पुनरुद्धार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें बाजार के केंद्र में क्षतिग्रस्त फूलों के बागानों की मरम्मत, मौजूदा फव्वारे को बाइक पार्किंग सुविधाओं के साथ बदलने का प्रस्ताव, पूरे बाजार में नई फर्श टाइल्स की आवश्यकता और विकलांगों के लिए प्रावधानों के साथ दोनों प्रवेश शौचालयों का नवीनीकरण शामिल था। इसके अतिरिक्त, सुझावों में शौचालय की छतों पर सौर पैनलों की स्थापना, इंडिया गेट थीम के साथ बिजली के खंभों का नवीनीकरण और पंडारा पार्क नर्सरी के पास अतिरिक्त कार पार्किंग स्थानों का निर्माण शामिल है। इन सुझावों पर प्रतिक्रिया देते हुए उपाध्याय ने संबंधित एनडीएमसी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश और व्यावहारिक सिफारिशें प्रदान कीं। सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने बाजार के सफल नवीनीकरण और रखरखाव को सुनिश्चित करने में सामूहिक जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उपाध्याय ने कहा कि यह मार्केट 1959 साल से है और इसका ऐतिहासिक महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि पंडारा रोड बाजार बड़े पैमाने पर बाजार में आने वाले विदेशियों और भारतीयों दोनों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। इसका संरक्षण और संवर्धन नई दिल्ली के सांस्कृतिक ताने-बाने को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने पंडारा रोड मार्केट एसोसिएशन से आग्रह करते हुए कहा कि नागरिक निकाय अपना कर्तव्य पूरा कर रहा है, यह आपकी भी समान रूप से जिम्मेदारी है कि आप बाजार क्षेत्र को साफ, स्वच्छ और हरा-भरा रखने में सक्रिय रूप से भाग लें।

# दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के मुताबिक मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस और सोमवार को 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री कम था। विभाग ने बताया कि बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे शहर की सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 100 फीसदी रहा। पिछले कई दिनों से राष्ट्रीय राजधानी में तापमान सामान्य से कम है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की जा सकती है। बुधवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 377 रहा, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

# सिग्नेचर ब्रिज पर स्टंट में शामिल ऑटो-रिक्शा जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुलिस ने उस ऑटो-रिक्शा को जब्त कर लिया है जिस पर सवार एक व्यक्ति उत्तरी दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर स्टंट करते हुए नजर आया था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ऑटो-रिक्शा सवार एक व्यक्ति जब वाहन से बाहर निकल कर स्टंट कर रहा था, तब वह एक साइकिल सवार व्यक्ति से टकरा भी गया था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आया। दिल्ली यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बंधित ऑटोरिक्शा और गाजियाबाद के रहने वाले उसके चालक शिवा का टीपीआर सर्कल के यातायात कर्मियों ने पता लगा लिया है। उन्होंने कहा कि खतरनाक तरीके से वाहन चलाने, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने और मोटर वाहन अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत चालान जारी किया गया तथा ऑटो-रिक्शा को जब्त कर लिया गया है। इससे पहले सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। मोटरसाइकिल सवार एक चालक के हेलमेट में लगे कैमरे से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में एक व्यक्ति तेज रफ्तार से जा रहे तिपहिया वाहन से लटकते हुए देखा गया। इस दौरान वह एक साइकिल सवार व्यक्ति से टकरा भी गया था। हादसे के बाद ऑटोरिक्शा चालक मौके से फरार हो गया था।

## प्रदेश भाजपा ने संसद पेश एनसीआर कानून संशोधन विधेयक का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को संसद में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून (विशेष प्रावधान) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2023 पेश किये जाने का स्वागत किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा है कि केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी द्वारा बुधवार को संसद में पेश किए गए विधेयक में प्रस्तावित 3 साल का एकमुश्त विस्तार दिल्ली के संपत्ति मालिकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। सचदेवा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने दंडात्मक कार्रवाई के खिलाफ संपत्तियों को 3 साल की लंबी अवधि के लिए सुरक्षित करके जनता की मांग के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई है, जैसा कि व्यापारी संगठनों द्वारा मांग की जा रही थी।

# नमो कबड्डी के समापन समारोह में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर : सहरावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बच्चों और लड़कियों को खेल के प्रति रुझान को बढ़ावा देने के लिए देश भर के सभी राज्यों में जिला स्तर पर नमो कबड्डी का आयोजन किया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत ने बताया कि दिल्ली के सभी 14 जिलों में नमो कबड्डी का आयोजन किया गया और कहा प्रत्येक जिले में लड़के और लड़कियों दोनों ही टीमों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रत्येक जिले में पुरस्कृत किया गया। विनोद सहरावत ने बताया कि दिल्ली में



इस टूर्नामेंट की शुरुआत 26 नवंबर को उत्तर पश्चिम जिले से हुई थी और इसका समापन नजफगढ़ जिले में 15 दिसंबर को होने वाला है जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष विनोद सहरावत, सांसद प्रवेश साहिब सिंह, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजकुमार चाहर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि जीतने और हारने वाली दोनों टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

# हाईवे पर मृत मिला तेंदुआ, कई दिन से फैली थी इलाके में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलीपुर क्षेत्र के एनएच 44 पर एक तेंदुआ बुधवार सुबह मृत पाया गया। शुरुआती तौर पर पुलिस तेंदुए की मौत एक्सीडेंट में होने की आंशका जता रही है। इसकी जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। अलीपुर, मुखमेलपुर और बुराड़ी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक तेंदुए के दिखने से लोग दहशत में थे। इसकी सूचना पुलिस व वन विभाग को भी दी गई थी।

गौरतलब है कुछ दिन पहले सैनिक फार्म एरिया में तेंदुआ देखे जाने के बाद लोगों में दहशत फैल गई थी। तेंदुए को ट्रेस करने के लिए वन विभाग की टीम ने कई दिन तक ऑपरेशन भी चलाया लेकिन वह हाथ नहीं आ सका था। बाद में वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए के वाइल्ड लाइफ सेंचुरी ओखला चले जाने का शक जाहिर किया था।

# दरियागंज इलाके में चलाया गया 'शुक्रिया मोदी जी' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान शुक्रिया मोदी जी के तहत बुधवार को दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा दरियागंज इलाके में भी 'शुक्रिया मोदी जी' अभियान चलाया गया। इसमें सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने भाग लिया और केंद्र सरकार के फैसलों को अपना समर्थन देते हुए इसी अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चला कर स्थानीय मुस्लिम महिलाओं की सहमति स्थापित की। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आतिफ रशीद, दिल्ली प्रदेश मोर्चा के प्रभारी कारी मोहम्मद हारून, महजबीन मुख्य रूप से उपस्थित रहे और इस अभियान का मार्गदर्शन किया। इस अभियान में दरियागंज




इलाके में सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने शुक्रिया मोदी जी के नारे लगाए और अपने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अनीस अब्बासी ने कहा कि भाजपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के दिशा निर्देश अनुसार दिल्ली के विभिन्न इलाकों में शुक्रिया मोदी जी अभियान चलाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं को 33 प्रतिशत राजनीतिक आरक्षण, तीन तलाक प्रथा समाप्त बिल और बिना मेहरम हज यात्रा सुविधा जैसी दर्जनों योजनाएं देकर लाभवंतित किया है, जिससे आज मुस्लिम समाज की माताओं बहनों में खुशी की लहर है।

# इंडियन आर्मी वेटरन्स हाफ मैराथन को सेना प्रमुख ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना ने करगिल युद्ध में ऐतिहासिक सैन्य विजय की स्मृति में 10 दिसंबर 2023 को दिल्ली में 'ऑनर रन - इंडियन आर्मी वेटरन्स हाफ मैराथन' का आयोजन किया। इसे नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कई सैन्य, अनुभवी और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई। 'ऑनर रन' चार श्रेणियों के तहत आयोजित किया गया था। 21.1 किमी की पहली श्रेणी को उपयुक्त रूप से 'कारगिल रन' नाम दिया गया था। अन्य तीन श्रेणियां 10 किमी दौड़ की थीं, जिन्हें 'टाइगर हिल' रन नाम दिया गया। वहीं, 05 किमी की दौड़ रखी गई जिसे 'टोलोलिंग रन' कहा गया और 3 किमी की दौड़ भी थी जिसका नाम 'बटालिक रन' है। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में 'दिग्गज' 14,000 सेवारत कर्मियों ने लिया भाग इस कार्यक्रम में 14,000 से अधिक सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेटों, सैन्य कर्मियों के परिवारों और विभिन्न आयु वर्ग के उत्साही नागरिकों ने भाग लिया। सेना के उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार, एडजुटेंट जनरल और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ अनुभवी ब्लेड रनर मेजर डीपी सिंह तथा विश्व ख्याति के एथलीट सूबेदार अविनाश साबले भी साथ दौड़े। इस मैराथन में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे और अन्य सैन्य कर्मियों की पत्नियों ने भी भाग लिया।

# संसद की सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात : अरविंद केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि 2001 के हमले की बरसी पर संसद के अंदर सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 2001 के हमले की बरसी पर आज संसद की सुरक्षा में चूक हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात है। हमारे लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हमलावर कौन थे, वे लोग कैसे अंदर आए, उनके इरादे क्या थे- इसका खुलासा करने के लिए तत्काल जांच महत्वपूर्ण है। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने इस घटना को उस काले दिन (13 दिसंबर 2001) जैसा बताया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत को अब भी 2001 में हमारी संसद पर हुआ हमला याद है। आज की सुरक्षा चूक उस काले दिन के जैसा है, जिसने उन घावों को फिर से हरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है। षडयंत्रकारियों को जल्दी बेनकाब करने के लिए तत्काल और गहन जांच की आवश्यकता है। उन्होंने संसद को राष्ट्र का एक पवित्र प्रतीक बताते हुए देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि संसद पर 2001 में हुए हमले की बरसी पर बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो लोग दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए और कनेस्टर के माध्यम से धुआं फैला दिया। घटना के तुरंत बाद दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया।

इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग
**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय,**
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305
www.bpsmv.ac.in

**शुद्धिपत्र**

इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में प्रयोगशाला मदों की खरीद हेतु निविदा संदर्भ सं. 149 और निविदा आईडी 2023_HRY_332259_1 हेतु अन्तिम तिथि एतद द्वारा 20.12.2023 अप. 5.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और ये 21.12.2023 को पूर्वा. 10.00 बजे खोली जाएंगी। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगे।

कन्वीनर/चेयरपर्सन

पीआरडीएच-1239/11/45/2024/23379/88/7 दि. 13.12.23

**हरियाणा सरकार** **शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/ एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | TENDER NOTICE NO 47/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन सेक्टर-1, रोहतक में बार्ब्ड वायर की फिक्सिंग के साथ-साथ चारदिवारी को उठाना और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्य। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया, बंद होना : 18.12.2023, खुलना : 19.12.2023 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 [illegible] |
| 2 | यूएचबीवीएन | TENDER NOTICE NO 46/CCR/2023-24 | ओपीएच कॉलोनी, यूएचबीवीएन, रोहतक में सीई आवास में विभिन्न सिविल कार्य जैसे एक्सटीरियर पेंट, इंटीरियर पेंट इत्यादि। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया, बंद होना : 18.12.2023, खुलना : 19.12.2023 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 [illegible] |
| 3 | यूएचबीवीएन | TENDER NOTICE NO 45/CCR/2023-24 | 33 केवी सब स्टेशन मदीना, रोहतक में यू/फेंसिंग वॉल का निर्माण और अन्य सिविल कार्य, समय निम्नानुसार बढ़ाया गया, बंद होना : 18.12.2023, खुलना : 19.12.2023 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/23374/I/88/7 दि. 13.12.23

# जिला अदालतों में बुनियादी ढांचे की कमी वास्तविक समस्याः हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने अधीनस्थ न्यायपालिका और अर्ध-न्यायिक निकायों में सुनवाई की 'हाइब्रिड' प्रणाली लागू करने की मांग वाली एक जनहित याचिका को बहाल करते हुए बुधवार को कहा कि यहां की जिला अदालतों में बुनियादी ढांचे की कमी एक वास्तविक समस्या है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने याचिका को बहाल करने के लिए दायर एक अर्जी इस आधार पर मंजूर कर ली कि दिल्ली सरकार द्वारा आवश्यक



बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। अदालत ने जनवरी 2022 में इस याचिका का निपटारा कर दिया था। पीठ ने कहा कि जिला अदालतों में कुछ न्यायाधीश अदालत के कर्मचारियों के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके 'हाइब्रिड' सुनवाई कर रहे हैं। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि अभी हो ये रहा है कि न्यायाधीश मोबाइल फोन पर सुनवाई कर रहे हैं। वे अपने कोर्ट स्टाफ का मोबाइल फोन ले रहे हैं और उसके जरिए हाइब्रिड सुनवाई से जुड़ते हैं। उन्होंने (याचिकाकर्ताओं ने) एक बहुत महत्वपूर्ण बात बताई है और हमें इस पर गौर करने की जरूरत है। पीठ ने हाईकोर्ट के अधिकारियों से तीस हजारी अदालत परिसर में जिला न्यायाधीश के अदालत कक्ष का दौरा करने को कहा, जहां 'हाइब्रिड' सुनवाई के लिए एक 'सेट-अप' बनाया गया है। इसने कहा कि जिला न्यायाधीश के कमरे को काफी अच्छी तरह से बनाया गया है और इसे अन्य सभी अदालतों में दोहराए जाने की जरूरत है। इसे एक मॉडल के रूप में लें और इसे अन्य अदालतों में दोहराया जाए। यदि आप इसे 31 मार्च, 2024 तक पूरा कर सकें, तो यह बहुत अच्छा होगा। चूंकि याचिका की बहाली की अर्जी का दिल्ली हाईकोर्ट के प्रशासनिक पक्ष और दिल्ली सरकार के वकील ने विरोध नहीं किया, इसलिए अदालत ने इसे एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए मंजूर कर लिया। केंद्रीय परियोजना समन्वयक अभिलाष मल्होत्रा ने पीठ को सूचित किया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 'हाइब्रिड' सुनवाई पर एक परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसकी उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय के अनुरोध पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा पड़ताल की गई थी। उन्होंने कहा कि अगस्त में, एनआईसी ने पीडब्ल्यूडी से दिल्ली सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अनुरोध किया। हालांकि, तब से कोई प्रगति नहीं हुई है और पीडब्ल्यूडी बिना किसी कारण के परियोजना में देरी कर रहा है। पीठ ने दिल्ली सरकार से आवश्यक कदम उठाने को कहा। पीठ ने उच्च न्यायालय के वकील से सुनवाई की अगली तारीख 11 जनवरी से पहले अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

# डीजेबी सीईओ से लेकर जेई तक के सभी अधिकारी नियमित करें क्षेत्रों का निरीक्षण: आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली जल मंत्री आतिशी ने सीवर के ओवरफ्लो और उनकी शिकायतों का निपटारा न होने पर दिल्ली जल बोर्ड अधिकारियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की है। इस बारे में आतिशी ने बुधवार को एक बार फिर से दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को शिकायती पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सीईओ को निर्देश दिया है कि खुद शीर्ष अधिकारियों से लेकर जूनियर इंजीनियर तक को नियमित क्षेत्रों का निरीक्षण करना है। हर सोमवार इसकी प्रगति रिपोर्ट भी उनको सौंपनी है। जल मंत्री आतिशी ने



- जल मंत्री ने सीवरेज ओवरफ्लो की शिकायतों के प्रति डीजेबी की गैर-जिम्मेदारी पर व्यक्त की नाराजगी

बुधवार को सीईओ ए. एनबरासु को लिखे पत्र में कहा कि उनके कार्यालय में दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से सीवर ओवरफ्लो के संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इसके अलावा उन्हें संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों के साथ सुल्तानपुर माजरा, मयूर विहार, अशोक विहार, चितला गेट, नेहरू हिल के कई क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान जमीनी स्थिति निराशाजनक मिली। इन इलाकों में सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इन इलाकों के लोग कई महीनों से समस्याओं का सामना कर रहे हैं। कई जगह सीवर ओवरफ्लो होने के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलने के लिए ईंट रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बोर्ड अधिकारियों की लापरवाही ने इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बीमार करने वाली स्थिति पैदा कर दी है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

### जमीनी हकीकत से अनजान हैं जल बोर्ड के अधिकारी

*आतिशी ने पत्र में लिखा है कि जब वह दौरों पर होती हैं तो उसके साथ जाने वाले अधिकारी जमीनी स्तर पर आम लोगों के सामने आने वाली समस्याओं से अनजान हैं। वरिष्ठ अधिकारियों को इसका कुछ भी नहीं पता है। अधिकारियों की समझ व जमीनी हकीकत में बिल्कुल भी मेल नहीं है। जबकि उन्होंने गत दिनों सीईओ व अधिकारियों को 48 घंटों के भीतर सभी सार्वजनिक शिकायतों को हल करने के लिए निर्देश दिए थे। इस मोर्चे पर कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।*

### बोर्ड के सीईओ व सदस्य को हर सप्ताह कम से कम करने होंगे दो दौरे

*आतिशी ने सीईओ समेत जल बोर्ड के सभी अधिकारियों को जमीनी हकीकत की जांच करने का निर्देश दिया है। इसके लिए उन्होंने समय भी तय किया है। आतिशी ने कहा कि बोर्ड के सीईओ व सदस्य को हर सप्ताह इलाके में कम से कम दो दौरे करने हैं। वहीं, मुख्य अभियंता हर सप्ताह कम से कम तीन बार इलाके में रहेगा। जबकि सभी कनिष्ठ अभियंता (जेई), सहायक अभियंता (एई), अतिरिक्त मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता हर दिन दौरे करें। जल मंत्री का मानना है कि इससे व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।*

## डीजेबी चला रहा है पानी-सीवर की शिकायत निपटाने के लिए 11-16 तक मेंटेनेंस वीक

*नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) पानी-सीवर की शिकायतों को निपटाने के लिए 11-16 तक चलाए जा रहे मेंटेनेंस वीक के तहत लोगों की समस्याओं का समाधान करने का दावा कर रहा है। डीजेबी का दावा है कि इस सात दिवसीय मेंटेनेंस वीक के तहत राजधानी में अधिकांश जगहों से मिलने वाली शिकायतों का रिकॉर्ड समय में निपटान किया जा रहा है। डीजेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व जल मंत्री आतिशी के साफ साफ दिशा निर्देश है कि लोगों के घरो में समय से शुद्ध जलापूर्ति होनी चाहिए। बकौल अधिकारी का कहना है कि सौरभ भारद्वाज के बाद मंत्रालय संभालने वाली आतिशी ने कमाल कर दिया है। दिन रात डीजेबी को सुधारने में जुटी है, और सुधार नजर भी आ रहा है। इस अधिकारी ने कहा कि सात दिवसीय इस मेंटेनेंस वीक के अभी तीन ही दिन हुए है और बहुत बदलाव देखने को मिला है। डीजेबी का दावा है कि हमारा मिशन जनसेवा है संकल्प के तहत एक ही लक्ष्य है समस्या का समाधान तुरंत करना है। इस पर अमल के लिए डीजेबी ने पानी और सीवर से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए दिल्ली के सभी 11 जोन में दिनरात मेंटेनेंस वीक को पूरी तत्परता से लागू किया जा रहा है। बता दें कि तत्कालीन मंत्री सौरभ भारद्वाज से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जल बोर्ड वापस लेकर आतिशी को सौंपा था। जिसके बाद से डीजेबी को लेकर आतिशी लगातार कार्य कर रही है।*

### स्वास्थ्य मंत्री ने चार सरकारी अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण

# अस्पतालों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के अस्पतालों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात बुधवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने चार सरकारी अस्पतालों के निरीक्षण के दौरान कही। गौरतलब है कि बुधवार को दिल्ली स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने चार सरकारी अस्पतालों गुरु गोविंद सिंह अस्पताल, आचार्य भिक्षु अस्पताल, सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल और एनसी जोशी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सौरभ ने सभी अस्पतालों में दवाइयां की क्या व्यवस्था है, उसकी पूरी जानकारी ली। अस्पतालों में साफ सफाई की क्या व्यवस्था है, इसका जायजा लिया। अस्पताल में आए मरीजों से प्रत्यक्ष रूप से अस्पताल प्रशासन के व्यवहार और अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं पर बातचीत की। जहां कहीं भी अस्पताल में किसी प्रकार की कोई कमी या कोई त्रुटि पाई गई उसको तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करने के आदेश दिए। वहीं जिन अस्पतालों में व्यवस्था बेहतर पाई गई उन्होंने अस्पताल प्रशासन के कार्य की सराहना भी की। सौरभ भारद्वाज ने निरीक्षण के दौरान किसी अस्पतालों में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था थी, तो किसी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं थी। कुछ जगहों पर अस्पताल में आए मरीज अस्पताल प्रशासन की व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए कुछ जगहों पर मरीजों की शिकायतें मिली सभी अस्पतालों में जो भी त्रुटियां या लापरवाही पाई गई तुरंत प्रभाव से अस्पताल प्रशासन को उन सभी समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। कई जगहों पर गंभीर समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए। कुछ जगहों पर जहां अस्पताल प्रशासन ने अच्छा काम किया था, वहां अस्पताल प्रशासन की कार्य की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि यह औचक निरीक्षण इसलिए समय-समय पर करना जरूरी है, ताकि अस्पताल में होने वाली छोटी-मोटी लापरवाहियों को दूर किया जा सके और जो चिकित्सा व्यवस्था दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को दी है और जो दिल्ली के अस्पतालों में पिछले 8 सालों से जनता को दी जा रही है, वह इसी प्रकार से सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर तरीके से चलाने के लिए इस प्रकार के औचक निरीक्षण करना बेहद



### मंत्री ने की गुरु गोविंद सिंह अस्पताल प्रशासन की सराहना

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सबसे पहले रघुवीर नगर में स्थित गुरु गोविंद सिंह अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां मरीजों को सभी दवाईयां अस्पताल में ही मिल रही थीं। मरीज ने भी मंत्री को बताया कि उन्हें सभी दवाइयां पूरी मिल रही हैं। इसके बाद मंत्री ने यहां का दवा कक्ष जांचा तो पाया कि अस्पताल प्रशासन गोदाम से दवाइयां निकालने के बाद गोदाम पर लगे ताले पर सील लगा देता है, ताकि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से गरीब जनता को दी जाने वाली दवाइयां की चोरी ना कर सके। इस बात को लेकर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल प्रशासन की सराहना की।

### गंदगी मिलने पर आचार्य भिक्षु अस्पताल के प्रशासन को लगाई लताड़

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज जब मोती नगर में स्थित आचार्य भिक्षु अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे तो यहां उन्हें अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था बेहद ही खराब नजर आई। मौके पर मौजूद मरीजों एवं उनके परिवारजनों ने भी सफाई को लेकर काफी शिकायतें कीं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मौके पर ही तुरंत प्रभाव से अस्पताल के सभी शौचालयों की सफाई करवाने के आदेश दिए। साथ ही साथ इस गंदगी और व्यवस्था के लिए अस्पताल प्रशासन को लताड़ लगाई। सौरभ ने इस गंदगी के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने के आदेश दिए एवं सफाई करने वाली कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### एनसीजोशी अस्पताल में रिश्वतखोरी की शिकायत पर मंत्री ने दिए जांच के आदेश

झंडेवालान में स्थित एनसी जोशी अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान मंत्री सौरभ भारद्वाज को एक बुजुर्ग महिला ने अस्पताल के एक कर्मचारी पर रिश्वत लेने के बारे में जानकारी दी। जिस पर मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल के एमएस को तुरंत प्रभाव से इसकी जांच करने के आदेश दिए एवं किसी भी प्रकार का कोई भ्रष्टाचार पाए जाने पर दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### आचार्य भिक्षु अस्पताल के ठेका कर्मचारियों ने मंत्री से की शिकायत

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि जब वह आचार्य भिक्षु अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो अस्पताल में कार्यरत ठेका कर्मचारियों ने इस बात की शिकायत की, जिस कंपनी को अस्पताल की साफ सफाई, रखरखाव और सिक्योरिटी का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है, वह कंपनी अस्पताल में कार्यरत ठेका कर्मचारी को पूर्ण वेतन नहीं देती है। ठेका कर्मचारियों ने बताया कि इस बात की शिकायत उन्होंने अस्पताल प्रशासन को लिखित रूप में भी दी है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मौके पर ही इस शिकायत की जांच करने के अस्पताल प्रशासन को आदेश दिए और साथ ही साथ उसे कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस शिकायत का जल्द से जल्द निवारण कर स्वास्थ्य मंत्री को भी सूचित करने के निर्देश दिए।

## लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा से बच रही है आप सरकार : भाजपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- विधानसभा का शीतकालीन अधिवेशन कम से कम 10 दिन का किया जाए : बिधूड़ी

दिल्ली विधानसभा के 15 दिसंबर से शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले भाजपा के विधायकों ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा से बच रही है। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र मात्र दो दिन का ही रखा गया है ताकि जनता के हितों और समस्याओं पर चर्चा ही नहीं की जा सके। आप सरकार ने विधानसभा को केवल अपने राजनीतिक हितों को साधने वाला भोंपू बना दिया है। बता दें कि 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में भाजपा के आठ विधायक और आप के 62 विधायक हैं।

प्रैसवार्ता में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि बुधवार को उनकी अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक में दो दिन के शीतकालीन अधिवेशन में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में भाजपा विधायकों मोहन सिंह बिष्ट, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी और अजय महावर ने हिस्सा लिया। प्रैसवार्ता में भाजपा विधायकों ने मांग की कि शीतकालीन अधिवेशन कम से कम दस दिन का किया जाए और भाजपा विधायकों ने दस से ज्यादा ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा के जो नोटिस भेजे हैं, उन सभी पर चर्चा कराई जाए। प्रैसवार्ता का संचालन दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता वीरेंद्र बब्बर ने किया।

उन्होंने बताया कि भाजपा विधायकों ने मुख्यमंत्री आवास के सौंदर्यीकरण में सरकारी खजाने की बर्बादी, सतर्कता विभाग की फाइलों में हेरफेर की कोशिश, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में आप सरकार की विफलता, डीटीसी के बेड़े में पिछले नौ सालों में एक भी सीएनजी बस न आना, डीटीसी को पांच साल में दस हजार करोड़ का घाटा, पैनिक बटन के नाम पर करोड़ों का घोटाला, जल बोर्ड की खस्ता वित्तीय स्थिति, आठ साल से नए राशन कार्ड न बनना, पांच सालों से ओल्ड ऐज पेंशन बंद होना, दिल्ली में एक भी नया स्कूल-कॉलेज न खुलना और शिक्षकों की कमी, करोड़ों खर्च करके भी यमुना मैली होना, किसानों को जमीन का उचित मुआवजा न मिलना और प्रदूषण से दिल्ली की हवा का जहरीला होना जैसे विषयों पर चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस भेजे हैं।

**खबर संक्षेप**

### उपमहापौर ने की परिवहन मंत्री से मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमहापौर आले मोहम्मद इकबाल ने बुधवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से मुलाकात कर पुरानी दिल्ली से जामिया के बीच बस सेवा शुरू करने की अपील की। मुलाकात के बाद उपमहापौर ने बताया कि परिवहन मंत्री गहलोत ने पूरी बात को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद भरोसा दिया है कि जल्द ही उक्त मार्ग पर बस सेवा शुरू करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि अगर यह बस सेवा शुरू हो जाती है तो स्थानीय लोगों के साथ ही पुरानी दिल्ली के छात्रों को बहुत राहत मिलेगी। इस मुलाकात के दौरान बस सर्विस के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा है। उपमहापौर ने कहा कि पुरानी दिल्ली से बड़ी संख्या में छात्र जामिया से पढ़ाई करने के लिए आते जाते हैं। इस मार्ग पर सीधी बस सेवा न होने की वजह से कई कई बसें बदलनी पड़ती है, जिससे छात्रों का समय और पैसा खराब होता है, साथ ही काफी परेशानी भी होती है।

### रुकेगी अवैध पेड़ों की कटाई : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महापौर डॉक्टर शैली ओबेरॉय ने बुधवार को कहा कि निगम भी दिल्ली सरकार की तर्ज पर पहली बार अपने अधिकार क्षेत्र के पेड़ों का ट्री सेन्सस (गिनती) करवा रहा है। इस कदम से जहां पेड़ों की अवैध कटाई पर लगाम लगेगी वहीं उनकी देखभाल करने में आसानी होगी। क्योंकि गिनती के समय सभी वार्डों में प्रत्येक पेड़ पर उसकी क्रमांक संख्या नंबर अंकित किया जाएगा। महापौर ने कहा कि अगले 15 दिन के भीतर यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

## 'मैं भी केजरीवाल' अभियान के तहत दिल्ली का एक भी घर नहीं छूटना चाहिए : संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'मैं भी केजरीवाल' कैंपेन के तहत दिल्ली का एक भी घर नहीं छूटना चाहिए। हमें हर-घर जाकर लोगों से रायशुमारी करनी है। हमें भाजपा की तानाशाही के बारे में दिल्ली की जनता को बताना है। हमें लोगों को बताना है कि मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और संजय सिंह को जेल में डालने के बाद अब भाजपा दिल्ली के बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल में डालने का षड्यंत्र रच रही है। यह बातें बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) मुख्यालय में आयोजित नॉर्थ ईस्ट लोकसभा और चांदनी चौक लोकसभा सीट के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने कही। बैठक की अध्यक्षता संदीप पाठक और राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने की।



## एलजी ने डीयू में किया 74वें तीन दिवसीय ऑल इंडिया कॉमर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 13 से 15 दिसंबर तक तीन दिवसीय 74वें अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन का उद्घाटन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया। डीयू में आयोजित इस वर्ष वार्षिक सम्मेलन का विषय इस बार एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। उपराज्यपाल सक्सेना उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिन्होंने दीप प्रज्वलित करके सत्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर देश विदेश से 2,500 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन अवसर पर एलजी सक्सेना के अलावा डीयू के प्रो योगेश सिंह, कॉमर्स विभाग के डीन प्रो. अजय सिंह, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.सी. राज कुमार सहित अन्य मौजूद थे। बताया गया कि डीयू वर्ष 1952 के बाद दूसरी बार कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। इस अवसर पर उपराज्यपाल सक्सेना ने आह्वान किया कि जैसा कि 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास कर रहे हैं। आइए हम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना के अनुसार विकसित भारत 2047 की दिशा में काम करें। वसुधैव कुटुंबकम के हमारे सभ्यतागत लोकाचार का पालन करते हुए एक स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध भारत के लिए। वैश्विक विकास के लिए ट्रिपल आधारशिला के रूप में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' विषय पर जोर दिया गया है।



### महापौर ने किया ईस्ट पटेल नगर का दौरा

# शैली ओबेरॉय ने वार्ड के पुराने सामुदायिक भवन को जल्द से जल्द तोड़कर नये बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की महापौर डाक्टर शैली ओबेरॉय ने बुधवार को करोल बाग अंतर्गत ईस्ट पटेल नगर का दौरा करते हुए निर्देश दिए कि यहां के सभी पुराने व अनुपयोगी सामुदायिक शौचालयों को तोड़कर नए बनाए जाएं। निरीक्षण के दौरान ही महापौर ने वार्ड के पुराने सामुदायिक भवन को जल्द से जल्द तोड़कर नये बनाने के निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर के साथ उपायुक्त कुमार अभिषेक व निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर ने दुकानदारों से अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा न देने की अपील करते हुए कहा कि सड़कों व फुटपाथ पर अपनी दुकान का सामान न रखें। इसके साथ ही महापौर ने कड़ा रूख अपनाते हुए सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर कूड़ा व अवैध मलबा डालने पर सख़्त कार्रवाई करने व चालान काटने के भी निर्देश दिए। ओबेरॉय ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये की सार्वजनिक स्थलों व सड़कों पर कूड़ा, ग्रीन वेस्ट व अवैध मलबा डालने पर सख़्त कार्रवाई हो और चालान काटा जाए। दिल्ली की सफाई व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शहर को साफ व सुंदर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और पुराने व अनुपयोगी सामुदायिक शौचालयों को तोड़कर नये बनाया जाए। क्षेत्र के निगम अधीन सभी नाली नालों की सफाई नियमित की जाए। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र में निगम की भूमि अथवा सड़कों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण पाया गया तो सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। क्योंकि अवैध अतिक्रमण के कारण देखा गया है कि अधिकांश सड़कों पर जाम लग जाता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ओबरॉय ने कहा कि वे बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के वार्डों का दौरा करती रहेंगी, ताकि वास्तविकता का पता किया जा सके। केजरीवाल मॉडल के अनुरूप हम निगम में बेहतर नागरिक सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य कर रहे हैं।



## लवली ने लोस चुनावों से पहले संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्व विधायकों संग की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- केंद्र व दिल्ली सरकार की नाकामियों को उजागर करने के लिए सड़कों पर उतरने की तैयारी

आगामी लोकसभा चुनावों के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कमर कस ली है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बुधवार को सभी पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों सहित अन्य नेताओं के संग एक मैराथन बैठक की। बैठक में करीब चार घंटे की चर्चा के बाद तय हुआ कि केंद्र व दिल्ली सरकार के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी। कांग्रेस लोकसभा चुनावों से पूर्व आम आदमी पार्टी व भाजपा की जबरदस्त घेरे बंदी को पूरी तरह से मन बना चुकी है। जल्द ही दिल्ली के कांग्रेसी विभिन्न मुद्दों पर धरने प्रदर्शन करते नजर आएंगें। इसके अलावा बैठक में मंडलम के बाद संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की नीति पर गहन मंथन के बाद नई नीति बनाई गई। बैठक में लवली के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, देवेन्द्र यादव, पूर्व मंत्रियों में हारून यूसुफ, मंगत राम सिंघल, राज कुमार चौहान, डॉ नरेंद्र नाथ, रमाकांत गोस्वामी, किरण वालिया और कृष्णा तीरथ सहित अन्य मौजूद थे। बैठक के बारे में लवली ने बताया कि लम्बे समय के बाद पूर्व विधायकों की इस बैठक में पूर्व विधायकों व पूर्व मंत्रियों के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदि शामिल हुए। बैठक में गहन चर्चा के बाद दिल्ली के वर्तमान चुने हुए सांसदों, विधायकों व पार्षदों के खिलाफ जनहित के मुद्दों पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के अलावा मिशन 2024-25 के नाम से एजेंडा भी तय कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग के खाते से 85 हजार निकाले



**गुरुग्राम।** शिवाजी नगर थाना एरिया में युवक द्वारा डैबिट कार्ड बदलकर बुजुर्ग के खाते से 85 हजार निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में हीरानगर गुरुग्राम में रहने वाले 67 वर्षीय सुमरत सिंह ने कहा कि वह बीती सुबह रुपए निकालने के लिए गांधी नगर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर गया था।

### नशीला पेय पिलाकर एक लाख रुपए निकाले



**गुरुग्राम।** सेक्टर-14 थाना एरिया में एक यात्री को ऑटो में नशीला पेय देकर उसके अकाउंट से एक लाख रुपए निकालने का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़ित का मोबाइल फोन भी ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी मूल के पवन कुमार ने कहा कि वह एमजी रोड मैट्रो स्टेशन से ऑटो द्वारा बस स्टैंड की ओर आ रहा था।

### ट्रैक्टर की टक्कर से कार सवार युवक की मौत




**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 एरिया में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से कार सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी हरसरु गांव के महेश कुमार ने कहा कि उसकी वरना कार को उसका साला दीपक शर्मा लेकर गया था। रास्ते में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी।

### टेलर से मारपीट कर पर्स व मोबाइल छीना



**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 एरिया में तीन-चार युवकों द्वारा एक टेलर से मारपीट कर पर्स व मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के नवादा निवासी अभय रंजन ने बताया कि वह हरिनगर गुरुग्राम में किराए के मकान में रहता है। वह सेक्टर-37 स्थित एक कंपनी में टेलर मास्टर का काम करता है।

### फर्जी ढंग से वाहनों को खींचने वाले 3 गिरफ्तार



**गजियाबाद।** थाना विजयनगर पुलिस ने ऐसे आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश किया है जो थानों की फर्जी मोहर लगाकर बैंक लोन न चुकाने पर वाहनों को अपने यार्ड में लेकर खड़ा कर देते थे। गिरोह के तीन सदस्यों को सम्राट चौक के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 3 फर्जी मुहर, इंकपैड तथा फर्जी मुहर लगे कागजात बरामद हुए हैं। एसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि फर्जी मुहर बनाकर बैंक द्वारा लोन पर दिए गए वाहन को अपने यार्ड में लाकर खड़ा करने वाले हरीश, प्रिंस व सूरज को गिरफ्तार किया गया है।

### हत्या के 10 साल की कैद

गाजियाबाद। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता की हत्या करने के मामले में अदालत ने पति पर 10 साल की कैद व पांच हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि सास, ससुर को सात साल की कैद व दो-दो हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

# घर बैठे समस्याओं का निदान कर सकेंगे महानगरवासी: आयुक्त

नए साल पर गाजियाबाद नगर निगम महानगर के लोगों को अपनी समस्याओं का जल्दी निराकरण करने के लिए गाजियाबाद 311 नाम से एक एप लांच करने जा रहा है।

**नए साल पर महानगरवासियों को देगा गाजियाबाद नगर निगम 311 एप का तोहफा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम नए साल पर महानगर के लोगों की सुविधा के लिए तोहफा देने जा रहा है। यह तोहफा गाजियाबाद 311 एप होगा ताकि लोग अपनी समस्याओं का इस एप के जरिए जल्दी निराकरण कर सकें। अभी इसको संभावित नाम 311 अप दिया गया है।

**खास बातें**
- एचडीएफसी तैयार कर रहा है एप
- निगमकर्मी अपनी लोकेशन से लगा सकेंगे हाजिरी
- एप का डेमो दिया गया है



### 311 एप पर काम अंतिम चरण में

नगर आयुक्त ने बताया गया कि बिना किसी व्यय के जनहित में गाजियाबाद 311 एप का कार्य चल रहा है। नए साल की शुरुआत में इसको लॉन्च किया जाएगा। इस एप को सीएसआर फंड के तहत एचडीएफसी द्वारा बनवाया जा रहा है। इस ऐप में हर विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु व्यवस्था की गई है।

### 48 तरह की कंप्लेंट एप में जोड़ी

नगर आयुक्त ने बताया कि लगभग 48 तरह की कंप्लेंट एप में जोड़ी गई हैं। इसका लाभ यह होगा कि कोई भी नागरिक गाजियाबाद नगर निगम कार्यालय में न आकर भी तत्काल समस्या से अवगत कराते हुए समाधान प्राप्त कर सकता है। यह एप नागरिकों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के लिए भी काफी सुविधाजनक रहेगा।

### एप के जरिए उपस्थित होगी दर्ज

नगर आयुक्त ने बताया कि सभी निगम कर्मचारियों की उपस्थिति भी इसी एप के माध्यम से दर्ज होगी। सफाई कर्मचारी से लेकर अधिकारी अपनी लोकेशन से अपनी हाजिरी लगा सकेंगे जिनकी जानकारी सभी को इस एप के माध्यम से रहेगी।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर कई कार्य हो सकेंगे

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम मुख्यालय में आयोजित स्वच्छता जन जागृति कार्यक्रम में डेमो भी दिया गया, इस ऐप के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, म्यूटेशन, हाउस टैक्स का सेल्फ एसेसमेंट में अन्य कार्य सरलता से किया जा सकेंगे। जिनको शहर के नागरिकगण स्वयं कर सकते हैं।

### अन्य स्थानों की जानकारी जान सकेंगे

नगर आयुक्त ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि उक्त एप के माध्यम से गाजियाबाद नगर निगम की लोकेशन के बारे में भी जानकारी रहेगी जिसमें आसपास के शौचालय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, जोनल कार्यालय व अन्य स्थानों की जानकारी भी रहेगी।

## विधायक सीमा त्रिखा ने जन संवाद कार्यक्रम में हुई शामिल कहा-

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आमजन को मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पीएम नरेंद्र मोदी व हरियाणा के सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। इसी उद्देश्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है।

विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व हरियाणा के सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। इसी उद्देश्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। विधायक ने कहा कि पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की हर पात्र व्यक्ति तक संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम में एनआईटी-1, फायर ब्रिगेड स्टेशन और एनआईटी 1 मार्किट में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

**खास बातें**
- भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिलाई शपथ
- आमजनों के मध्य प्रचार सामग्री का किया वितरण



### विभिन्न विभागों के स्टॉल का किया अवलोकन

विधायक सीमा त्रिखा ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया और स्वयं वहां बैठकर लोगों की समस्याओ को सुना। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### पीएम जो संकल्प लेते हैं, उसे पूरा करते हैं

त्रिखा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी जो संकल्प लेते हैं उसे पूरा करते हैं। उनका संकल्प है कि वर्ष 2047 में भारत विश्व गुरु का अपना पुराना दर्जा प्राप्त करें। इसका अर्थ है कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी आजादी के 100 साल मना रहा होगा, तब पूरी दुनिया उसे विश्व गुरु के रुप में देख रही होगी।

### केंद्र व राज्य चला रहीं जनकल्याणकारी योजनाएं

सीमा त्रिखा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और सीएम मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जो जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही है, उनका लाभ आप तक कैसे पहुंचे यह बताने तथा उनका लाभ आपके दिलाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा आपके द्वार तक पहुंची है। उन्होंने सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई।

## आंगनवाड़ी वर्कर ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

# न्यूनतम वेतन 26 हजार देने तथा ग्रेच्युटी लागू करने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने अपनी मांगों के समर्थन में आज जिला मुख्यालय पर धरना दिया और जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के फौरन बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम फरीदाबाद, परमजीत सिंह चहल को सौंपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जिला प्रधान देवेंद्री शर्मा कर रही थी। जबकि संचालन जिला सचिव मालवती ने किया।

इस मौके पर सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, सीटू जिला कमेटी सदस्य कमलेश, सुरेंद्री, सविता आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। आंदोलनकारी आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं को संबोधित करते हुए यूनियन के नेताओं ने राज्य सरकार पर आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं की जायज मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

### सीएम ने की थी सकारात्मक घोषणाएं

प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा आंगनबाड़ी वर्करों और सहायिकाओं के बारे में 18 नवंबर 2023 को की गई घोषणाओं को सरकार का सकारात्मक कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं में उनकी बहुत जरूरी मांगों व समस्याओं का समाधान करने की पहल कदमी को लेकर आज यूनियन ने 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सरकार को फिर भेजा है।

# शिक्षा से जीवन में हम सदैव आगे बढ़ सकते हैं: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



शिक्षा से जीवन में हम सदैव आगे बढ़ सकते हैं। भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक विमल खण्डेलवाल ने स्पोकन इंग्लिश पाठ्यक्रम पूरा करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्रों के वितरण समारोह में यह बात कही। समारोह में आईटीआई ओल्ड फरीदाबाद के छात्रों, संकाय सदस्यों और ट्री कैंपस अकादमी और संस्था के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। निःशुल्क अंग्रेजी शिक्षण शिक्षा और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम प्रदान करने वाली ट्री कैंपस अकादमी ने इस 3 महीने के स्पोकन इंग्लिश पाठ्यक्रम को निःशुल्क पेश किया। अकादमी के सह संस्थापक लोकेश खेतान ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता कक्षाओं से परे है और हम इसे जारी रखेंगे।

# एडीसी ने प्रस्तावित कलेक्टर रेट के लिए सुझाव आमंत्रित किए

## तहसीलवार दर्ज किए गए दावे-आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में जिला फरीदाबाद के प्रस्तावित कलेक्टर रेट के दावे और आपत्ति दर्ज किए गए।

बता दें कि 1 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक जिला फरीदाबाद की वेबसाइट फरीदाबाद एनआईसी डॉट इन पर आम जनता से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु अपलोड कर दिए गए थे। जिनके लिए किसी व्यक्ति को प्रस्तावित कलेक्टर रेब के संबंध में अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज कराने के लिए 25-11-2023 से 07-12-2023 तक सेक्टर-12 में लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में लिखित या ई-मेल के माध्यम से अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज करा सकता था। बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद के तहसीलवार लोगों के कलेक्टर रेट लिए गए। इस दौरान एसडीएम अमित मान, एसडीएम त्रिलोक चंद, डीआरओ बिजेन्द्र राणा सहित सभी तहसीलों के तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा वन विकास निगम लिमिटेड हिसार | जीन्द जिले में लॉगिंग ऑपरेशंस हेतु अतिरिक्त अपेक्षित कार्यों सहित एस.ओ.आर. में वर्णित अनुसार सभी सम्बन्धित कार्यों और बिक्री डिपो में वन और गैर-वन क्षेत्रों से पेड़ों को गिराने सहित ठूंठों को निकालना, कनवर्जन, माप रिकॉर्डिंग, लोडिंग, कैरेज, अनलोडिंग और स्टैकिंग (लॉट्स बनाना)। | 12.12.2023 19.12.2023 | 99.95 लाख | hfdc.gov.in | 9467546775 gmhfdchsn@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/23370/1/88/7 दि. 13.12.23



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फतेहाबाद | चिन्दर - अमर सिंह मंझु के खेत से रोहताश मंझु के खेत तक पानी के खाल का निर्माण + 2 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 12.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भंडेरी, ब्लॉक कथुरा में सामुदायिक हॉल का निर्माण। | 12.12.2023 18.12.2023 | 39.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज नारनौल | गांव कोथाल कलां में मास्टर रोशन के मकान से सतदेव पुत्र गणपत के मकान की तरफ रास्ता का निर्माण, गांव कोथाल कलां में स्टेडियम से जगराम के मकान की तरफ रास्ता का निर्माण और गांव सुरजनवास में राजेन्द्र शर्मा के मकान से हिमंत पुत्र बंसीलाल के मकान तक गली मरम्मत का निर्माण + 7 कार्य। | 12.12.2023 21.12.2023 | 381.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7988410870 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | शेरगढ़ खालसा - सुरेश कश्यप के खेत से प्रेम जाट के खेत तक रास्ता का निर्माण और शेरगढ़ खालसा - ब्लॉक इन्द्री में मेन रोड से धर्मपाल के खेत तक रास्ता का निर्माण, एमएमकेकेएसवाई + 3 कार्य। | 11.12.2023 25.12.2023 | 60.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव पोपड़ा, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में राजकीय विद्यालय के निकट हॉल का निर्माण। | 08.12.2023 21.12.2023 | 13.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गढ़ी बीरबल (खरक) - ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में हरिजन चौपाल को पूरा करना, स्कीम - जिला परिषद + 1 कार्य। | 09.12.2023 15.12.2023 | 20.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | गांव जबरोट, जीपी जबरोट, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल का रखरखाव / मरम्मत + 4 कार्य। | 12.12.2023 18.12.2023 | 11.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पांची जाट्टान, ब्लॉक गन्नौर में ग्रे वाटर ट्रीटमेंट नाला हेतु संशोधित आकलन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 16.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | एमपी एलएडीएस - गांव धनाना - एलएसटी, ब्लॉक व जिला भिवानी में ब्राह्मण धर्मशाला का निर्माण + 3 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 27.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | ब्लॉक सोनीपत में गांव सलीमसर माजरा, भडाना, गुहणा, सलारपुर माजरा, चटिया, संदल कलां, संदल खुर्द और गांव ठरू में नाला 2×2 और 1.5 और 1.5 का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 63.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज सोनीपत | गांव डोडवा में बीसी चौपाल का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 23.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मदीन, ब्लॉक कथुरा में बारम्भी वाला तालाब पर गऊघाट का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 40.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव खुबड़ू, ब्लॉक गन्नौर में ग्रे वाटर प्रोजैक्ट। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 25.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | बक्शीवाला - गांव बक्शीवाला, जीपी बक्शीवाला, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल की मरम्मत व रखरखाव + 9 कार्य। | 11.12.2023 18.12.2023 | 21.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथुरा, रिंढाना और आहूलाना, ब्लॉक कथुरा में ग्रे वाटर मैनेजमेंट में ड्रेन और नाला का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 98.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव निजामपुर, ब्लॉक कथुरा में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.12.2023 | 37.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज कलायत, कैथल | गांव कालासर में सामान्य चौपाल को पूरा करना, प्लास्टर कार्य, पेंट, चारदिवारी इत्यादि। | 11.12.2023 18.12.2023 | 5.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 KALAYATSDOPR@GMAIL.COM |
| 18 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पार्ट्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 90 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 19 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पार्ट्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यु लेडर सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 42 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 20 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पार्ट्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यु लेडर सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 55 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 21 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पार्ट्स के बिना तीन वर्ष के मानक वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित रेस्क्यु लेडर सहित एरियल लैडर प्लेटफार्म 70 मीटर ऊंचाई की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। ईयूआरओ-VI. | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 22 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | वीडियो स्पैक्ट्रल कम्पारेटर्स की खरीद और गैस लिक्विड मास स्पेक्ट्रोफोटोमीटर्स की खरीद। | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 23 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | सोलर जनरेशन और बीI-डायरेक्शनल मीटर की आपूर्ति समेत, 7 वर्ष की अवधि के लिए व्यापक रखरखाव समेत बैटरी बैंक के बिना (नेट मीटरिंग सुविधा सहित) ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर पावर प्लांट्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 24 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | अग्निशमन और रेस्क्यु ऑप्रिशन हेतु पार्ट्स के बिना तीन वर्ष के वार्षिक रखरखाव अनुबंध और रखरखाव व प्रचालन समेत दो वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि सहित 50 मीटर (वर्किंग ऊंचाई) के टर्न टेबल लैडर प्लेटफॉर्म की आपूर्ति, डिलीवरी, माउंटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 13.12.2023 12.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/480/23371/I/88/7 दि. 13.12.23

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर जवान की संदिग्ध मौत



**सीवान।** सीवान निवासी अग्निवीर जवान प्रदीप कुमार यादव (नंबर ए3452888वाई) की संदिग्ध मौत हो गई। वह जम्मू कश्मीन के अखनूर के टांडा क्षेत्र में 10 आर्टिलरी ब्रिगेड के 24 फील्ड रेजिमेंट की सेंट्री पोस्ट पर तैनात था। मंगलवार रात को अचानक गोली चलने की आवाज आई। आसपास के जवान गए तो देखा कि अग्निवीर जवान जमीन पर गिरा हुआ था। उसे गोली लगी हुई थी।

### माओवादियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतारा



**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में कथित तौर पर प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादियों) के संदिग्ध सदस्यों पर संदेह जताया जा रहा है। घटना माओवाद प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रायगढ़ा गांव में हुई। पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने यह जानकारी दी।

### नेपाल के रास्ते सीमांचल में पाकिस्तानी फंडिंग



**पूर्णिया।** पाक से बिहार के सीमांचल में टेरर फंडिंग के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। नेपाल के रास्ते फंडिंग की जा रही है। पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज जिले के जिलों में दस हजार से अधिक म्यूल एकाउंट का संचालन धड़ल्ले से जारी है। ऐसे एकाउंट से प्रतिदिन भारी मात्रा में लेनदेन हो रहा है। आशंका है कि पैसे का यह लेनदेन संदिग्ध गतिविधि को संचालित करने वाले लोग कर रहे हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब पूर्णिया पुलिस ने तीन साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। खाता खुलवाने का जिम्मा पाक में बैठे हैंडलरों ने सीमांचल के कुछ युवाओं को सौंप रखा है।

# जीएलए का 12वां दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर को

# 3535 विद्यार्थियों को दी जाएंगी उपाधियां, 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडलिस्ट छात्र होंगे सम्मानित

**परमाणु उर्जा आयोग के अध्यक्ष का देंगे दीक्षांत भाषण**

कमल कांत उपमन्यु ▶▶ मथुरा

जीएलए विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर को मनाया जाएगा। समारोह में वर्ष 2023 में विभिन्न पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्राप्त कर चुके 3535 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा प्रतिभाशाली छात्रों को 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के ऑडीटोरियम में होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. अजीत कुमार मोहंती होंगे। उन्होंने बताया कि जीएलए से वर्ष 2023 में पीएचडी के 58, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर के 92, बीएससी ऑनर्स बायोटेक के 31, बीएससी ऑनर्स कैमिस्ट्री के 31, बीएससी ऑनर्स फिजिक्स के 31, बीए ऑनर्स इकॉनोमिक्स के 13, बीबीए के 163, बीबीए ऑनर्स 124, बीबीए फैमिली बिजनेस 27, बीकॉम ऑनर्स ग्लोबल एकाउंटिंग के 11, बीकॉम ऑनर्स 80, बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के 49, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 45, इलेक्ट्रॉनिक्स के 18, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 120, बीटेक एमई ऑटोमोबाइल के 4, एमई मेकाट्रॉनिक्स के 4, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के 94, कम्प्यूटर साइंस के के 933, बीटेक सीएस एआईएमएल के 105, बीटेक सीएस सीसीवी के 29, बीटेक सीएस डीए के 28, बीटेक सीएस सीएसएफ के 24, बीटेक सीएस आइओटी के 10, बीसीए के 216, बीफार्म के 81, बीएड के 40 विद्यार्थियों की उपाधि अनुमोदित की गई है।



### स्नातकोत्तर करने वाले छात्रों भी होंगे शामिल

अग्रवाल ने बताया कि इसके साथ ही एमएससी बायोटेक के 17, एमएससी माइक्रो एंड इम्यूनोलॉजी के 13, एमएससी कैमिस्ट्री के 11, एमएससी फिजिक्स के 3, एमएससी मैथमेटिक्स के 3, एमटेक सीई ट्रांसपोर्टेशन के 5, एमटेक सीई स्ट्रक्चरल के 2, एमटेक सीएस के 6, एमटेक ईई के 4, एमटेक ईसी के 2, एमटेक एमई प्रोडक्शन के 7, एमबीए के 341, एमबीए ऑनर्स के 17, एमबीए कंस्ट्रक्शन के 7, एमबीए एफएमबी के 35, एमबीए एलएससीएम के 14, एमसीए के 102, एमफार्म फार्माकोलॉजी के 13, एमफार्म फार्मास्यूटिक्स के 15, एलएलएम बीएफआइएल के 1, एलएलएम सीडीपीएल के 7 विद्यार्थियों की उपाधि अनुमोदित की गई है। इसके अलावा डिप्लोमा कैमिकल के 10, डिप्लोमा सिविल इंजी. के 63, डिप्लोमा सीएस के 62, डिप्लोमा ईई 87, डिप्लोमा ईसी के 9, डिप्लोमा एमई के 146 तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी के 45 विद्यार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

### प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सुमा वरूघीस होंगी विशिष्ट अतिथि

कुलपति ने बताया कि विशिष्ट अतिथि कम्प्यूटेशनल सिस्टम्स और साइबर सिस्टम के महानिदेशक एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सुमा वरूघीस अपना संबोधन देंगी। उनके बाद परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. अजीत कुमार मोहंती दीक्षांत भाषण देंगे। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल करेंगे। कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन, दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से होगा।

**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राधिकरणों के लिए आए 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव उतरेंगे धरातल पर**

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 2.5 लाख करोड़ की 1800 परियोजनाएं की तैयारियां अंतिम चरण में

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न विभागों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों ने जो 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। इन्हें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से धरातल पर उतारने की तैयारी जोर-शोर से हो रही है।**

यूपी में व्यापक स्तर पर निवेश को धरातल पर उतारने में योगी सरकार जुट गई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न विभागों और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों ने जो 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं। अब उन्हें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के माध्यम से धरातल पर उतारने की तैयारी जोर-शोर से हो रही है। इनमें 7.5 लाख करोड़ की परियोजनाएं तैयार हैं, जिनमें औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की ओर से करीब 2.5 लाख करोड़ का निवेश भी शामिल है। इन औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में यूपीसीडा, यीडा, यूपीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गीडा शामिल हैं।

**खास बातें**
- प्राधिकरणों के माध्यम से 8 .5 लाख करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव
- 7 .5 लाख करोड़ की परियोजनाएं तैयार
- 3 हजार परियोजनाएं शामिल
- अभी 1,793 परियोजनाएं हैं तैयार



### गीडा को 20,591 करोड़ का प्रस्ताव

यूपीसीडा, यीडा, यूपीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गीडा द्वारा 2,37,571 करोड़ से अधिक के निवेश को जीबीसी के लिए तैयार कर लिया गया है। इस तरह अभी कुल 1,793 परियोजनाएं भी तैयार हो चुकी हैं, जिनमें वृद्धि की पूरी संभावना है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) को 20,591 करोड़ की 298 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव मिले थे, जिनमें 7,981 करोड़ की 253 परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### यूपीसीडा की एक लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं तैयार

जीआईएस-23 में सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव यूपीसीडा को प्राप्त हुए थे। 3,70,229 करोड़ की 1,494 परियोजनाओं में से यूपीसीडा ने 1,00,218 करोड़ की 1,081 परियोजनाओं को तैयार कर लिया है। इसी तरह यीडा को 1,86,036 करोड़ की 307 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव मिले थे। इनमें से 31,496 करोड़ की 174 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार हैं।
वहीं, न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी को 1,03,239 करोड़ की 469 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव मिले थे। 56,679 करोड़ की 131 परियोजनाएं जीबीसी के लिए तैयार हो चुकी हैं।

### 1800 परियोजनाएं तैयार

इन विकास प्राधिकरणों ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से कुल 8.5 लाख करोड़ से ज्यादा के करीब 3 हजार विभिन्न परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए थे। इनमें डिफेंस कॉरिडोर, लॉजिस्टिक हब, डाटा सेंटर, आईटी पार्क, सोलर पावर पार्क, बल्क ड्रग पार्क समेत कई परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें कई परियोजनाएं अपने अंतिम चरण में चल रही हैं, जिन्हें मूर्त रूप देने के लिए प्राधिकरण के साथ सरकार ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

### जीनीडा की 93,696 करोड़ की परियोजनाएं तैयार

इसी तरह, ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीनीडा) को 93,696 करोड़ की 213 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव मिले थे। जीनीडा ने 6,534 करोड़ की 119 परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी पूरी कर ली है। जीआईएस-23 में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को 80,331 करोड़ की 120 परियोजनाओं के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। यूपीडा ने 4,663 करोड़ की 35 परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए तैयार कर लिया है।

**एमपी में यादव सीएम बनने पर शिवपाल ने कहा-**

# एमपी वह संभालें, यूपी को हम लोग देख लेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



मध्य प्रदेश में बहुमत से जीतने वाली भाजपा ने डॉ. मोहन यादव को सीएम बनाया है। राजनीतिक गलियारों में यादव जाति के व्यक्ति को प्रतिनिधित्व देने का भाजपा का मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है, जिसे यादव वोटबैंक में सेंधमारी के तौर पर देखा जा रही है। यादव वोट बैंक के सहारे अपनी राजनीति करने वाली दलों की नींद उड़ गई है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने भी प्रतिक्रिया दी है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने डॉ. मोहन यादव को सीएम बनने पर बधाई दी। शिवपाल ने कहा कि एमपी वह संभालें, यूपी को हम लोग देख लेंगे। उन्होंने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर योगी सरकार को घेरा।

**योगी ने दी बधाई**

*सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'डॉ. मोहन यादव को मध्य प्रदेश के सीएम पद की शपथ लेने की हार्दिक बधाई! मुझे पूर्ण विश्वास है कि पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में आप मध्य प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सफल होंगे।' सीएम योगी ने एमपी के नए उप मुख्यमंत्रियों जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल को भी बधाई दी। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, 'जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल को मध्य प्रदेश राज्य के उप सीएम पद की शपथ लेने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!*

### युवा यादव भाजपा के साथ

कई वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि जो यादव नेताजी मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के सीएम काल से सपा से जुड़ा है, वह भले ही सपा के साथ रहे लेकिन युवाओं की जो नई पीढ़ी है वह इस घोषणा के बाद भाजपा की तरफ देख रहा है। मोहन यादव को सीएम बना के भाजपा ने यादव वोटबैंक में सेंधमारी का काम किया है। एक ऐसा वर्ग जो यूपी और बिहार में भाजपा से अछूता था वो अब भाजपा की तरफ देख रहा है। यादव वर्ग का झुकाव आने वाले दिनों में भाजपा की तरफ दिखेगा। भाजपा ने मध्य प्रदेश में ऐसा चुंबक लगा दिया है जो यूपी से लेकर बिहार तक यादव को अपनी तरफ खींचने का काम करेगा।

## पेज एक का शेष...

### संसदीय सुरक्षाकर्मियों...

की जा रही है। संसदीय सुरक्षा व्यवस्था केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के वरिष्ठ आईपीएस अफसर के नेतृत्व में चाकचौबंद की जाती रही है। संसदीय परिसर के भीतर संसद के अपने सुरक्षाकर्मी तैनात होते हैं जब कि बाहर दिल्ली की पुलिस की पहरेदारी होती है। दिल्ली पुलिस के पास संसद या उसके आसपास कुछ गडबडी की इनपुट्स थी फिर भी संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह उपद्रवी कैसे पहुंचे?
**रिटारमेंट धडाधड, नियुक्तियां नहीं:** संसदीय सुरक्षा से जुडे वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लंबे समय से सिक्योरिटी स्टाफ की भर्ती नहीं होने से मैनपॉवर बहुत कम हुए हैं। रिटायमेंट के बाद नई बहाली हो नहीं रही जब कि नई संसद बनने के बाद दर्शकों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। ससंदीय सुरक्षा से जुडे उक्त वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद हजारों महिलाओं को अलग अलग सांसद लेकर संसद पहुंच गये। एक साथ बेहद कम समय में हजारों महिलाओं की सुरक्षा जांच किया जाना असंभव था। उन्होंने बताया कि ऐसा ही हाल हर दिन लगभग रहता है जब अलग अलग सांसदों के यहां से हर रोज इतने दर्शकों का पास बनाने की अनुशंसा की जा रही है कि उन्हें संभालना, ढंग से सिक्यारोटी ड्रिल करना गिनती के सुरक्षाकर्मियों के बस की बात नहीं!
**विपक्ष को मिला औजार:** बहरहाल, इस घटना के बाद कई जिम्मेदारी अधिकारी नपेंगे। संसद के भीतर हुई इस घुसपैठ से विपक्ष को नया राजनीतिक औजार मिल गया है। विपक्षी दल के नेता दोनों सदनों की नेता, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मिलकर अपनी व्यथा बतायेंगे। भाजपा पर इसी बहाने चौतरफा हमले की रणनीति तैयार की जा रही है।
**पास की अवधि खत्म होने के बाद भी दोनों कैसे बैठे रहे?:** सबसे बडा सवाल ये कि दोनों के पास सुबह 11 बजे से 12 बजे तक के लिए ही बनाये गये थे तो एक घंटा अतिरिक्त यानि दोपहर के 1 बजे तक दोनों दर्शक दीर्घा में कैसे बैठे रह गये? जब कि दीर्घा में मौजूद सुरक्षाकर्मी पास की समय सीमा खत्म होने के कुछ मिनट पहले ही संबंधित दर्शकों को दीर्घा से बाहर जाने का निर्देश देते हैं!

### वर्ष 2001 में संसद पर हुए ...

रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अनेक केन्द्रीय मंत्रियों, संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, शहीदों के परिवार के सदस्य तथा अन्य विशिष्टजनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
स्मरणीय है कि वर्ष 2001 में इसी दिन राज्य सभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव और मातबर सिंह नेगी, के.रि.पु.ब. में कांस्टेबल, श्रीमती कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, श्री विजेंद्र सिंह और श्री घनश्याम, तथा कें.लो.नि.वि. में माली देशराज ने आतंकवादी हमले से संसद की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था।

### इस्लामिक देशों के...

को भी सही ठहराया है। इस कारण इस अनुच्छेद को हटाए जाने तक राज्य की जनता सीधे तौर पर भारत के संविधान के अधीन नहीं थी। जम्मू-कश्मीर की जनता के अपने कानून थे। इनमें नागरिकता, संपत्ति और मौलिक अधिकार से जुड़े कानून भी शामिल थे। अनुच्छेद 370 के तहत केंद्र सरकार के हाथ पूरी तरह बंधे थे। वह राज्य में वित्तीय आपातकाल नहीं लगा सकती थी। भारत सरकार केवल युद्ध के वक्त राज्य में आपातकाल लगा सकती थी। यहां तक कि भारत के नागरिक जम्मू-कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे। वे जम्मू-कश्मीर में बस नहीं सकते थे।

### महादेव एप का मालिक...

रवि उप्पल महादेव ऐप मामले के मुख्य आरोपियों में से एक है। इसके अलावा महादेव ऐप के दूसरे प्रमोटर और आरोपी सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के प्रयास भी जारी हैं।

### अब बदलेगी भारत...

भी भेजना, और कई प्रकार के सॉफ्टवेयर भी यहीं से चलाए जाते हैं।
**भारत में हो रहा है अभूतपूर्व काम:** भारत में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सरकार द्वारा अभूतपूर्व गति से किए जाने वाले डिजिटलीकरण, सूचना प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढांचे में सुधार, 5जी, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम होने के कारण नए डाटा सेंटर्स बनाने का काम बेहद तेज गति से चल रहा है। डाटा प्राइवेसी जैसे कानूनों की मांग होने लगी है। के कारण भी देश के नागरिकों के डाटा को देश में ही रखने की मांग उठने लगी है, जिसके कारण भी देसी विदेशी कंपनियां अब भारत में ही अपने डाटा सेंटर्स खोल रही है। वहीं covid महामारी के पश्चात एकाएक डाटा के इस्तेमाल में अभूतपूर्ण तेजी आयी है, सस्ते इंटरनेट ने इसे और गति ही दी है । ऐसे में डाटा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए लोकल डाटा सेंटर बनाने की मांग ने तेजी पकड़ी है।
**अमेरिकी डेटा सेंटर में होता है डेटा स्टोर:** कभी आपने सोचा है, जो आप सोशल मीडिया इस्तेमाल करते हैं, फेसबुक, वॉट्सएप, इस्टाग्राम, या यूट्यूब जैसे एप्लिकेशन्स कहां से संचालित होती हैं और इनमे आप जो डेटा डालते हैं, वो कहां स्टोर होता है? यह सभी एप्लिकेशन अमेरिकी हैं, और यह मूल रूप से अमेरिका से ही संचालित होती हैं। जहां तक इनमे व्याप्त डेटा की बात है, तो वह डेटा अमेरिकी डेटा सेंटर्स में स्टोर होता है। किन्हीं ख़ास परिस्थितियों, डाटा सुरक्षा कारणों या देशों के कानूनों के अनुसार इन ऍप्लिकेशन्स को उन्ही देशों के डाटा सेंटर्स में इन एप्लीकेशन का डाटा रखना होता है।
**भारत के डेटा सेंटर का बढ़ रहा है आकार:** भारत के डेटा सेंटर उद्योग लगभग 5.6 अरब डॉलर है और भविष्य में यह बेहद तेज गति से बढ़ने वाला है। वित्त वर्ष 2025 तक देश के कुल अनुमानित डेटा सेंटर की मांग 2,100 मेगावाट होने की आशा है। जिसमें बहुत बड़े स्तर के हाइपरस्केल डाटा सेंटर्स और हाइब्रिड (क्लाउड प्लस डेटा सेंटर) की गिनती ज्यादा होगी। बढ़ती हुई मांग के अनुपात में भारत में 45 नए डेटा केंद्र बनाए जाएंगे, और अगर एनारॉक-बिंग्सवेंगर की रिपोर्ट की बात की जाए, तो 2025 के अंत तक देश में 2।4 करोड़ वर्ग फुट और कुल आईटी क्षमता के 1,752 मेगावाट के साथ 183 डेटा सेंटर होंगे। भारत में इस समय अडानी ग्रुप, सीटीआरएलएस डाटा सेंटर,नेटमैजिक सोलूशन्स , एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स, एनटीटी डाटा, सिफ़ी टेक्नोलॉजीज, एनएक्सटीजीईएन, और योट्टा जैसी कई बड़ी कम्पनियाँ डाटा सेंटर्स बनाने के काम में संलग्न हैं, और आने वाले समय में यह सभी 50 बिलियन डॉलर से ज्यादा का इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में लाने जा रहे हैं।

### रिंकू सिंह ने लगाई लंबी ...

दूसरे मुकाबले में 39 गेंद पर 68 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। रिंकू का स्ट्राइक रेट 174.35 का रहा। उन्होंने इसी साल अगस्त में भारत के लिए डेब्यू किया था और अब निचले क्रम पर अपना दावा मजबूत कर चुके हैं। इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने 36 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। वह टी20 रैंकिंग में पहले से ही शीर्ष पर बरकरार हैं। अब उन्होंने अपनी स्थिति और मजबूत की है। अर्धशतक लगाने के बाद उन्हें 10 रेटिंग अंक का फायदा हुआ है। अब उनके खाते में 865 रेटिंग अंक हो गए हैं।
**तिलक वर्मा को 10 स्थानों का फायदा:** सूर्यकुमार ने दूसरे स्थान पर काबिज पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पर बढ़त बढ़ा ली है। रिजवान के 787 रेटिंग अंक हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम के 758 रेटिंग अंक हैं। उनके साथी खिलाड़ी रीजा हेंड्रिक्स भारत के खिलाफ 49 रन की पारी के बाद एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, भारत के तिलक वर्मा को 10 स्थानों का फायदा हुआ है। वह 55वें नंबर पर आ गए हैं।

**ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बोली नीतीश सरकार**

# बिहार को पांच साल में पांच टॉप राज्यों में करेंगे शामिल



एजेंसी ▶▶ पटना

ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की शुरूआत हुई। इस समिट में अडाणी, गोदरेज, आईटीसी, आईओसीएल समेत देश-दुनिया के 600 उद्यमी व निवेशक शामिल होंगे। बिहार बिज़नेस कनेक्ट 2023 की शुरुआत करते हुए राज्य के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि ऐसा आयोजन प्रत्येक साल होना चाहिए। आगामी 3 वर्ष में बिहार को टॉप 10 और 5 साल में टॉप 5 राज्यों की सूची में लाना है। यहां उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को सरल किया गया है।

**31 हजार करोड़ के करेंगे करार**

*समिट के दूसरे दिन सीएम नीतीश कुमार मौजूद रहेंगे। सीएम की मौजूदगी में ही देश-विदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा बिहार में 31 हजार करोड़ के निवेश करने को लेकर करार होगा। मौके पर उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त एवं वाणिज्यकर मंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, अडाणी ग्रुप के प्रणव अडाणी, नाहर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के कमल ओसवाल, माइक्रोमैक्स बायोफ्यूल्स के राजेश अग्रवाल, हाईस्प्रीट कॉमर्शियल वेंचर्स के तुषार जैन, गोदरेज ग्रुप के राकेश स्वामी सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहेंगे।*

**अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थ की करते थे खरीद-बिक्री**

# एक करोड़ की हेरोइन व 14 लाख रुपए के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, राजस्थान-बिहार में करते थे आपूर्ति

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

तस्करी में पकड़े गए लोग वाराणसी, बिहार और राजस्थान के हैं। इनके पास से खरीद बिक्री करते समय एक किलो मादक पदार्थ हेरोइन (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपए है) और 14 लाख रुपए नगद बरामद किया है। अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गाजीपुर जिले के नंदगंज थाना क्षेत्र के देवकठिया बेसो नदी पुलिया (एनएच 31) के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोग वाराणसी, बिहार और राजस्थान के हैं। इनके पास से खरीद बिक्री करते समय एक किलो मादक पदार्थ हेरोइन (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपए है) और 14 लाख रुपए नगद बरामद किया है।



### मास्टर माइंड का बेटा भी शामिल

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र के मुताबिक इस गिरोह का मास्टर माइंड अजय कश्यप शहर कोतवाली क्षेत्र के ददरीघाट निवासी है, हालांकि उसका वर्तमान पता वाराणसी में फ्लैट नंबर 403 टावर नंबर 03 श्रीराम नगर कालोनी मडुआडीह रेलवे स्टेशन के पास है। वह दूर बैठे-बैठे पूरे नेटवर्क को संचालित करता है। साथ ही इस कार्य में अपने बेटे अभय कश्यप व अन्य सहयोगी राजकमल उर्फ कमल साहनी, शिवम प्रताप सिंह को शामिल किया है। इन लोगों के माध्यम से वो मादक पदार्थ की खरीद बिक्री अंतर्राज्यीय स्तर पर कराता है।

**रंगे हाथ पकड़ा लिया**

*12 दिसंबर को राजस्थान के हेरोइन तस्कर बागचन्द तंवर उर्फ भागचंद निवासी ग्राम दुर्जनपुरा थाना घाटोली जिला झालावार राजस्थान को एक किलोग्राम हेरोइन की डिलिवरी करनी थी। अजय कश्यप के कहने पर अभय कश्यप, राजकमल उर्फ कमल साहनी व शिव प्रताप सिंह दो बाइक से एनएच 31 बेसो नदी पुलिया के पास हाइवे पर मंगलवार की शाम 6:45 बजे पहुंचे। जिन्हें मुखबिर की सूचना पर अलर्ट हुई पुलिस ने हेरोइन खरीद बिक्री करते समय रंगे हाथ पकड़ लिया गया।*

**श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की संघ ने संभाली कमान**

# पांच हजार विहिप कार्यकर्ताओं को रोजाना दर्शन कराने की है तैयारी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

गणतंत्र दिवस से पूरे देश को रामलला के दर्शन का आमंत्रण श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दिया जा रहा है। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद देश के पांच लाख गांवों में घर-घर हल्दी लगा अक्षत भेज रहा है। यह अक्षत गणतंत्र दिवस के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण है। संघ हर रोज पांच हजार कार्यकर्ताओं को दर्शन कराने की तैयारी कर रहा है। यह दर्शन अभियान 26 जनवरी से शुरू होकर 23 फरवरी तक चलेगा। एक दिन में दो राज्यों को दर्शन कराया जाएगा।

### निवेदन पत्रक भेजा जा रहा

हल्दी अक्षत के साथ एक निवेदन पत्रक भी भेजा जा रहा है। यह पत्रक देश के सभी प्रमुख भाषाओं में छापा गया है, ताकि पत्रक का संदेश रामभक्त आसानी से समझ सकें। विश्व हिंदू परिषद ने संगठन की दृष्टि से देश को 45 प्रांतों में बांट रखा है। हर राज्य में दो से तीन इकाइयां हैं। यूपी में छह इकाइयां हैं। संघ सभी इकाइयों को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित करेगा।

### संघ के तीन हजार कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे



संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि संघ ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की कमान संभाल ली है। विभिन्न प्रांतों से करीब तीन हजार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में कैंप किया है। इन सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। गणतंत्र दिवस से दर्शन अभियान शुरू किया जाएगा। हर रोज एक या दो प्रांत के करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं को दर्शन के लिए अयोध्या बुलाया जाएगा। उनके रहने, खाने आदि के इंतजाम किए जा रहे हैं।

### रामभक्तों के लिए असम से आई खाद्य सामग्री

अयोध्या में भक्तों के लिए 36 स्थानों पर भोजनालय की व्यवस्था की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हर रोज 25 हजार भक्तों को निःशुल्क भोजन कराने की तैयारी की जा रही है। बड़ी संख्या में समाजसेवी संस्थाएं और रामभक्त भी भक्तों की सेवा के लिए जलपान आदि का शिविर लगाने की इच्छा जता रहे हैं। यही नहीं खाद्य सामग्री भी भक्त अयोध्या भेज रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को असम से खाद्य सामग्री की पहली खेप अयोध्या पहुंची है। असम से दालचीनी, चायपत्ती, बड़ी इलायची व अन्य कई प्रकार के मसाले आए हैं, जिन्हें रामसेवकपुरम स्थित कार्यशाला में रखा गया है।


**युद्ध स्तर पर बन रही टेंट सिटी**

*अयोध्या मणि पर्वत के बगल श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा बनाए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम की 50 एकड़ की भूमि पर इन दिनों टेंट सिटी का काम युद्ध स्तर पर है। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने आए लोगों में 15 हजार रामभक्तों को यहां ठहराने की व्यवस्था की जा रही है। खास तौर पर संतों के निवास के लिए इस स्थान को चुना गया है। एक टेंट में तीन कमरे और एक शौचालय होगा। कमरों के साथ कुल मिलाकर दो हजार शौचालय और 10 बेड का अस्पताल भी बनेगा। रहने खाने सहित पूरी व्यवस्था कुंभ की तर्ज पर तैयार की जा रही है। इसीलिए निर्माण का कार्य उन्हें सौंपा गया है जिन्होंने देश में होने वाले किसी भी कुंभ में टेंट सिटी बनाने का कार्य किया है। इस स्थान पर चारों दिशाओं से लोगों का आवागमन हो सकता है।*



## मस्कुलर बॉडी से ज्यादा जरूरी है हम अपनी हेल्थ पर फोकस करें


इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलीकास्ट हो रहे सीरियल 'वंशज' में नील भारद्वाज के रोल में मोहित कुमार दिख रहे हैं। नील एक्टिंग के साथ ही अपनी हेल्थ-फिटनेस पर भी पूरा ध्यान देते हैं। उनका फिटनेस फंडा जानिए, उन्हीं की जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

**मोहित कुमार**

मेरा मानना है कि लाइफ में हेल्दी रहना बहुत जरूरी है। पैसा और बाकी सारी चीजें आती-जाती रहती हैं, लेकिन हेल्थ हमारे साथ हमेशा रहती है। अगर लाइफ में सारी सुख-सुविधाएं हैं लेकिन आप फिट नहीं हो, कुछ भी यूज करने के लिए हेल्दी नहीं हो तो किसी भी सुख-सुविधा की क्या वैल्यू रह जाएगी? आप ज्यादातर टाइम बीमार रहते हो या कोई भी प्रॉब्लम बॉडी में है तो लाइफ का कोई मजा नहीं रह जाएगा। इसलिए मेरे लिए तो लाइफ का सबसे बड़ा एजेंडा है कि खुश रहो, हेल्दी रहो, फिट रहो और अपना ध्यान रखो।



**बचपन से रहा हूं फिटनेस कॉन्शस :** मैं स्कूल टाइम से ही स्पोर्ट्स से जुड़ा रहा हूं। लॉन टेनिस और फुटबॉल खूब खेलता था। मेरे घर वाले भी सुबह चार बजे उठकर रनिंग या वॉक के लिए अपने साथ मुझे ले जाते थे। यानी बचपन से ही मुझे आदत हो गई कि सुबह उठकर रनिंग के लिए जाना है। मेरा वो रूटीन अब भी बना हुआ है। मुझे यह रूटीन बहुत अच्छा लगता है, मैं इसे खूब एंज्वॉय करता हूं। जब तक सुबह उठकर रनिंग या वर्कआउट ना करूं, तो मेरा डेली रूटीन स्टार्ट ही नहीं होता है। मैं अपना फिटनेस आइडल अपनी मम्मी को मानता हूं, क्योंकि बचपन से उन्होंने ही फिट रहने की हैबिट मुझमें डेवलप की।

**हेल्दी होना है ज्यादा इंपॉर्टेंट :** मैं फिट बॉडी से ज्यादा इंपॉर्टेंट हेल्दी होने को मानता हूं। क्योंकि फिट फिगर बनाना तो ईजी है लेकिन अगर आप अंदर से हेल्दी नहीं हैं तो बाहर की फिटनेस का क्या फायदा? बॉडी अच्छी दिख रही है लेकिन आप अंदर से बीमार हैं, शरीर में कोई प्रॉब्लम है तो आप हेल्दी नहीं कहलाएंगे। जब आप खुश होते हैं, फिट होते हैं, हेल्दी होते हैं, तो वो आपके चेहरे पर दिखता है। इसीलिए मेरा मानना है कि फिट, मस्कुलर बॉडी दिखाने से अच्छा है, आप अपनी हेल्थ पर फोकस करो। इसके लिए हेल्दी डाइट लें, डेली वर्कआउट करें, पूरे दिन का न्यूट्रिशस डाइट प्लान बनाकर उसे फॉलो करें।

**डाइट प्लान :** मैंने अपना डाइट शेड्यूल ऐसा बनाया है कि मैं पूरे दिन में एक ही बार खाना खाता हूं। एक ही मील में चपाती, चिकन, एग, सब्जियां और स्वीट डिश सब होता है। एक मील में ही सब कुछ खा लेता हूं। लेकिन बाकी पूरा दिन फास्टिंग करता हूं। अगर रात को शूटिंग है तो मॉर्निंग में खाना खाता हूं। जब शूट नहीं होती है तो घर में हल्का खाता रहता हूं।

**मेरा वर्कआउट शेड्यूल :** काफी सालों से मेरा वर्कआउट रूटीन यही रहा है कि सुबह जल्दी उठकर 7-8 किलोमीटर रनिंग पर जाना है। घर आकर ब्रेकफास्ट करता हूं, फिर जिम चला जाता हूं। अगर सुबह बारह बजे की शिफ्ट है, टाइम नहीं है या बाहर तेज धूप या बारिश का मौसम है तो घर की सीढ़ियों पर आधे घंटे ऊपर-नीचे करके वर्कआउट कर लेता हूं। जिम में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कम करता हूं और क्रॉसिंग एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देता हूं। मेरा फोकस मसल्स बनाने पर नहीं बल्कि फ्लेक्सिबल बॉडी पर रहता है। क्रॉसिंग एक्सरसाइज से ओवरऑल बॉडी पर वर्कआउट होता है।

**ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी :** आज के दौर में मेंटली फिट रहना एक चैलेंज होता है। हेक्टिक शेड्यूल, कई तरह की प्रॉब्लम्स से स्ट्रेस हो ही जाता है। मेंटली फिट रहने के सबके अलग-अलग फंडे होते हैं। मेरा फंडा यह है कि जब भी मुझे मेंटली अच्छा नहीं लग रहा है तो मैं रनिंग के लिए चला जाता हूं। मुझे रनिंग करना पसंद है। डेली 5-7 किलोमीटर की रनिंग में मैं खुद से बात करता हूं, प्रॉब्लम के बारे में सोचता हूं। इससे मेरी 99.99 प्रॉब्लम्स दूर हो जाती हैं। मैं स्ट्रेसफ्री फील करने लगता हूं। *

**प्रस्तुति : सेहत फीचर्स**

**डॉक्टर एडवाइस**


**डॉ. मयंक गुप्ता**

डायरेक्टर-यूरोलॉजी, धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली


# क्यों होती है स्टोन प्रॉब्लम जानें लक्षण-कराएं उपचार

गलत लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट की वजह से हाल के दिनों में पथरी (स्टोन) की समस्या कॉमन होती जा रही है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि इसके होने के कारण क्या हैं और यह कितने प्रकार की हो सकती है? यहां डिटेल में बता रहे हैं इसके प्रमुख लक्षणों और उपचार के तरीकों के बारे में।



पथरी एक कंकड़ जैसी कठोर और क्रिस्टलीय संरचना होती है, जिसका विकास शरीर के विभिन्न भागों जैसे- किडनी, यूरिनरी ट्रैक्ट, पैंक्रियास, टॉन्सिल, स्लाइवरी ग्लैंड्स या पित्ताशय की थैली (गॉल ब्लैडर) आदि में हो सकता है। पथरी के कारण पेशेंट को असहनीय दर्द होता है। पथरी के आकार में वृद्धि और विकास के साथ कई तरह के जोखिम का खतरा भी बढ़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि पथरी के लक्षणों पर समय रहते ध्यान दिया जाए और निवारक उपाय अपनाए जाएं। यदि सही समय पर पथरी का इलाज नहीं हो पाता है तो मरीज को आगे चलकर कई तरह की गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### स्टोन होने के प्रमुख लक्षण

सामान्यतः पथरी की बीमारी 30 से 40 साल की उम्र में देखी जाती है, जिसमें पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में तीन से चार गुना अधिक हो सकती है। पथरी के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि पथरी का विकास शरीर के किस भाग में हुआ है। किडनी में पथरी के विकास के कारण व्यक्ति को पेट और कमर में गंभीर दर्द महसूस हो सकता है। किडनी स्टोन का आकार 5 एमएम. से बड़ा है तो मूत्र मार्ग में रुकावट और यूरिनरी ट्रैक्ट संक्रमण जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसी तरह पैंक्रियास में पथरी के विकास के कारण पेट में तेज दर्द के साथ सूजन जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। कभी-कभी स्लाइवरी ग्लैंड्स में क्रिस्टलीय संरचना का विकास होने लगता है, जो बाद में पथरी का रूप ले लेता है, जिससे व्यक्ति को स्लाइवरी ग्लैंड्स में दर्द महसूस होने लगता है। गले में पीछे की तरफ टॉन्सिल स्टोन का विकास भोजन में उपस्थित हानिकारक पदार्थ और बैक्टीरिया के प्रभाव के कारण होता है, जिससे व्यक्ति को भोजन निगलने में कठिनाई महसूस हो सकती है। साथ ही गले में खराश और बदबू बनी रहती है। इसके अलावा पित्ताशय की थैली में पथरी के विकास के कारण पेट में गंभीर दर्द, उल्टी, पीलिया, बुखार और कमजोरी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### रोग के कारण और प्रकार



ऐसा देखने में आ रहा है कि वर्तमान समय में लोगों को किडनी स्टोन की समस्या का सामना अधिक करना पड़ रहा है। यूरीन में केमिकल्स की अधिक मात्रा, शरीर में मिनरल्स की कमी, जंक फूड का सेवन और कम मात्रा में पानी पीना किडनी स्टोन के मुख्य कारण माने जाते हैं। इनमें कैल्शियम स्टोन और यूरिक एसिड स्टोन के मरीजों की संख्या अधिक होती है। पैंक्रियास में होने वाले स्टोन का मुख्य कारण, अधिक शराब का सेवन को माना जाता है। इसके अलावा स्मोकिंग और निकोटिन का सेवन, उच्च वसा और उच्च प्रोटीन युक्त भोजन, वंशानुगत कारक और संकीर्ण या ब्लॉक्ड पैंक्रियास ट्रैक्ट के कारण भी पैंक्रियास में पथरी का विकास हो सकता है। स्लाइवरी ग्लैंड में पथरी एक दुर्लभ प्रकार की पथरी है। यह पथरी डिहाइड्रेशन, खराब खान-पान, एब्नॉर्मल ब्लड प्रेशर और मूत्रवर्धक दवाओं के सेवन के कारण हो सकती है। वहीं गले में टॉन्सिल स्टोन खराब खान-पान, बैक्टीरिया और कवक संक्रमण के कारण विकसित हो जाती है। शरीर में पाचन के लिए पित्त की आवश्यकता होती है, लेकिन पित्त जब कोलेस्ट्रॉल को घोल नहीं पाता है, तब एक्स्ट्रा कोलेस्ट्रॉल पित्ताशय में पथरी का रूप ले लेता है।




### ट्रीटमेंट के तरीके

शरीर में पथरी के रोग का निदान इसके स्थान, आकार, प्रकार और मरीज की अन्य शारीरिक स्थितियों पर निर्भर करता है। निदान में कई उपचारक विधियां हैं, जो इस बात पर निर्भर करती हैं कि पथरी किस भाग में विकसित हुई है? किडनी स्टोन के उपचार के लिए अधिक तरल पदार्थ के सेवन के साथ दर्द निवारक प्रक्रियाओं और किडनी को तोड़ने में मदद करने वाली दवाओं का उपयोग किया जा सकता है। किडनी स्टोन की स्थिति में गर्म पानी पीना लाभकारी होता है।

किडनी स्टोन का आकार बढ़ जाने पर और पित्ताशय की पथरी के उपचार के लिए सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। इसके अतिरिक्त स्लाइवरी ग्लैंड की पथरी के उपचार के लिए सियालेंडोस्कोपी सर्जरी की सलाह भी डॉक्टर द्वारा दी जाती है, जो एक मिनिमम इनवेंसिव प्रक्रिया है। साथ ही कई बार पथरी के उपचार के लिए डॉक्टर शॉक वेव थेरेपी की भी सलाह देते हैं, इसलिए बहुत आवश्यक है कि डॉक्टर की सलाह लें और जरूरी जांच कराएं, जिससे पथरी का निदान जल्द से जल्द हो सके। *

**प्रस्तुति : सेहत डेस्क**

### सर्दियों में पथरी का अधिक खतरा



**अकसर हम** सर्दियों में कम पानी पीते हैं, जिससे स्टोन बनने का खतरा भी पैदा हो सकता है। दरअसल, ठंड के मौसम में कम पानी पीने के कारण किडनी यूरिन के जरिए टॉक्सिक पदार्थों को शरीर से बाहर निकालने में सक्षम नहीं हो पाती और गंदगी जमा होने के कारण पथरी होने की संभावना बनी रहती है। ठंड के मौसम में तापमान कम होने के साथ शरीर की दूसरी बीमारियां होना शुरू हो जाती हैं, जिसका सीधा असर किडनी पर पड़ सकता है। इसलिए ठंड के मौसम में भी खुद को हाइड्रेट रखना जरूरी है, इससे आपकी किडनी अच्छे से खून की सफाई करती है। साथ ही टॉक्सिक पदार्थों को भी यूरिन के जरिए बाहर निकाल देती है। यही नहीं इस कारण खून में सोडियम, पोटैशियम और कैल्शियम का लेवल भी बरकरार रहता है, जिससे आपको पथरी होने की संभावना बहुत कम हो जाती है। *

**प्रिकॉशन**

**विनीता**

अगर आपको अकसर पेट दर्द, लूज मोशन और वॉमिटिंग जैसी समस्या होती है तो इसे अनदेखा ना करें। ऐसा सीलिएक डिजीज के कारण हो सकता है। जानिए, इस बीमारी के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में।

## सीलिएक डिजीज से ऐसे करें बचाव




हमारे नियमित खान-पान में गेहूं से बने खाद्य प्रमुखता से शामिल होते हैं। रोटी, पूरी, परांठा, ब्रेड और बिस्किट का सेवन अधिकतर लोग अपने नाश्ते और खाने में करते हैं। लेकिन जिन्हें सीलिएक डिजीज की समस्या होती है, उनका पाचनतंत्र आटा, सूजी या मैदे से बने किसी भी खाद्य पदार्थ को पचाने में असमर्थ होता है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि इस समस्या से ग्रस्त अधिकतर लोगों को इसका अंदाजा नहीं होता है और वे ताउम्र पेट से जुड़ी अन्य बीमारियों का इलाज कराते रहते हैं।

**क्या है सीलिएक डिजीज :**यह ऐसी बीमारी है, जिसमें व्यक्ति गेहूं में मौजूद ग्लूटेन नामक प्रोटीन के प्रति एलर्जिक हो जाता है। यह ऐसी शारीरिक अवस्था है, जब ग्लूटेन के खिलाफ शरीर में एंटीबॉडीज बनने लगती हैं, जो आंतों में ग्लूटेन पचाने वाले तत्वों को ही नुकसान पहुंचाने लगती हैं। नतीजतन व्यक्ति गेहूं से बनी चीजों को पचा नहीं पाता। कई बार छह माह की उम्र के बाद जब बच्चे को दूध के अलावा बिस्किट, रोटी जैसी चीजें दी जाती हैं, तभी से उन्हें पाचन में दिक्कत, पेट दर्द और वॉमिट जैसी समस्याएं होती हैं और कम उम्र से बच्चों में इसके लक्षणों की पहचान हो जाती है। कई बार जेनेटिक कारणों से भी यह समस्या होती है। इस बीमारी से बच्चों का विकास धीमी गति से होता है, क्योंकि आंतें पोषक तत्वों को अवशोषित नहीं कर पाती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** पेट का फूलना, दर्द, उल्टी, पेट खराब होना, कमजोरी, थकान और खून की कमी जैसे लक्षण सीलिएक डिजीज के मरीज में नजर आते हैं।

**साइड इफेक्ट्स :** इस बीमारी के कारण आंतें भोजन को पचा नहीं पातीं, इससे शरीर जरूरी मिनरल्स को अवशोषित नहीं कर पाता, जिससे उन्हें कई तरह की अन्य बीमारियां घेर लेती हैं। लड़कियों को ऐसी समस्या हो तो शादी के बाद उन्हें मिसकैरेज होने का खतरा रहता है। सीलिएक रोग की वजह से कुछ लोगों को ब्रेन और स्किन संबंधी ऑटो इम्यून डिजीज भी परेशान करती है। इसकी वजह से डायबिटीज टाइप-1, हार्ट अटैक और कॉर्डियोवैस्कुलर डिजीज होने का भी अंदेशा रहता है। अगर ग्लूटेन फ्री डाइट ना ली जाए तो इसकी वजह से आंतों का कैंसर भी हो सकता है।

**टेस्ट :** अगर कोई भी लक्षण नजर आए तो सबसे पहले टीटीजी (टिशू ट्रांसग्लूटामिनेज एंटीबॉडी) टेस्ट जरूर करवा लेना चाहिए। रिपोर्ट पॉजिटिव आए तो, इसका मतलब यही है कि व्यक्ति सीलिएक डिजीज से ग्रस्त है। कई बार जांच की पुष्टि के लिए एंडोस्कोपी या बायोप्सी की भी जरूरत पड़ती है।

**प्रिवेंशन :** इस समस्या का कोई उपचार नहीं है। इसकी वजह से शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, सप्लीमेंट्स के माध्यम से उन्हें दूर करने की कोशिश की जाती है। इसलिए बचाव ही इसका एकमात्र समाधान है। आप गेहूं के बजाय चावल, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का जैसे मिलेट्स को अपने आहार में शामिल करें। कोई भी डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ खरीदते समय उसके पैकेट को ध्यान से पढ़ लें कि कहीं उसे तैयार करने में गेहूं, मैदा, सूजी और राई का इस्तेमाल तो नहीं किया गया। अपने भोजन में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों जैसे- दूध, दही, पनीर, अंडा और मछली को शामिल करें। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद में एचओडी-डाइटेटिक्स डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

**घरेलू औषधि / रेखा देशराज**

## गुणों का खजाना मेथी दाना



अपने देश में सदियों से मेथी दाने का प्रयोग मसालों के साथ-साथ औषधि के रूप में भी किया जाता रहा है। खासतौर पर अगर सर्दियों के लिए चार या पांच ऐसे मसालों की सूची बनाई जाए, जो सबके लिए उपयोगी हों, तो उनमें मेथी दाना जरूर शामिल होगा। दरअसल, ठंड के दिनों में मेथी दाना हमें ना सिर्फ गरमाइश से भरपूर रखता है, साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है।

**कई तरह से फायदेमंद :** आयुर्वेद में मेथी दाने को गुणों का खजाना कहा जाता है। सैकड़ों सालों से भारतीय लोगों को इसकी विशिष्टता का भान रहा है। इसलिए मेथी दाने को भारतीय घरों में दर्जनों तरह से उपयोग किया जाता है। मेथी दाना हमारे दिल को स्वस्थ रखता है, इसके नियमित सेवन से हार्ट अटैक की आशंका काफी घट जाती है। पोटैशियम से भरपूर होने के कारण यह हृदय की गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार होता है।

**सुबह खाने के फायदे :** हर दिन सुबह खाली पेट भीगे हुए मेथी दाने खाने के बहुत सारे फायदे होते हैं। मेथी दाना खाने से शरीर को बैक्टीरिया-वायरस से लड़ने की ताकत मिलती है। मेथी दाने में गैलेक्टोगॉग्स नाम का एक कंपाउंड होता है, जिस कारण दूध पिलाने वाली मांओं में भरपूर दूध बनता है। यह टेस्टोस्टेरॉन हार्मोन को बनाने में मदद करता है, जिससे पुरुषों में सेक्स पावर बढ़ती है। यह कैल्शियम से भरपूर होता है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं और जोड़ों में होने वाले दर्द से छुटकारा मिलता है। यह वजन कम करने में भी मददगार है। इसके नियमित सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल घटता है और अच्छा कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी कारगर है। यह डायबिटीज को भी कंट्रोल करता है, इसके लिए रात भर भीगे हुए मेथी दाने का पानी सुबह पीना हितकर है।

**ना करें अधिक सेवन :** जहां एक तरफ मेथी दाना स्वास्थ्य के लिए वरदान है, वहीं अधिक मात्रा में सेवन करने से कई नुकसान भी होते हैं। ज्यादा सेवन करने से ब्लड शुगर लेबल कम हो सकता है, शरीर में गैस बनने लगती है, पेट खराब हो सकता है, जिससे दस्त शुरू हो सकते हैं और मितली भी आने लगती है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि एक दिन में कितना मेथी दाना इस्तेमाल करें। वैसे एक दिन में एक स्वस्थ वयस्क को एक चम्मच से ज्यादा मेथी दाने का सेवन नहीं करना चाहिए। बेहतर यही है कि इसका सेवन करने से पहले किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें।

**ये लोग ना करें सेवन :** अगर आपका ब्लड प्रेशर लो रहता है तो मेथी का सेवन नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि मेथी दाना खाने से ब्लड प्रेशर काफी कम हो जाता है। गर्भवती महिलाओं को मेथी दाने के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इससे पेट खराब हो सकता है, गैस ज्यादा बनने लगेगी। *





डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल के 5 नंबर स्टॉप पर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर पताका लगाया व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।


उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से उनके आवास जाकर सौजन्य भेंट की।


पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सौजन्य


विधायक जगदीश देवड़ा को उप मुख्यमंत्री बनाने पर जीनगर समाज ने साफा पहना और स्मृति-चिन्ह देकर मिष्ठान खिलाकर स्वागत सत्कार किया।

### वोरा, पटवा, जोशी और गौर के बाद चौहान को मिला यह आवास

# श्यामला हिल्स से 74 बंगले में शिफ्ट होंगे शिवराज, बी-8 पर पहुंचने लगा सामान

### उमा, दिग्विजय और कमलनाथ अभी श्यामला हिल्स में मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। सोमवार को विधायक दल की बैठक के बाद मोहन यादव के नाम का एलान हो गया। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल को जाकर इस्तीफा दे दिया।

अब चौहान फिर बड़े तालाब किनारे श्यामला हिल्स स्थित सरकारी बंगले को छोड़ लिंक रोड नंबर-1 स्थित 74 बंगले में शिफ्ट होंगे। उनके बंगले का नंबर बी-8 हैं। इस बंगले में साज-सज्जा और निर्माण कार्य एक साल पहले से पूरे कर लिए गए हैं। इसके साथ वाले बंगले को दीवार को तोड़कर उसे भी मिला लिया गया है।

शिवराज ने कहा कि वे जल्द ही अधिकृत सीएम हाउस खाली कर देंगे। इससे पहले ही जरूरी कुछ सामान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान श्यामला हिल्स से नीचे आकर रहने वाले 5वें पूर्व मुख्यमंत्री होंगे। इसके पहले मोतीलाल वोरा, सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी और बाबूलाल गौर 74 बंगले में शिफ्ट हुई थे। अभी प्रदेश के तीन पूर्व सीएम श्यामला हिल्स पर ही रह रहे हैं। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ शामिल है। तीनों के सरकारी बंगले श्यामला हिल्स पर ही है।

पूर्व सीएम चौहान 2018 तक श्यामला हिल्स पर रह रहे थे। इसके बाद कांग्रेस सरकार बनने पर वह बी-8 बंगले में शिफ्ट हुए थे।



#### 2005 में अलॉट हुआ था बी-8 बंगला

शिवराज सिंह चौहान को 74 बंगला स्थित बी-8 बंगला दिग्विजय सिंह की सरकार में सांसद बनने पर अलॉट हुआ था। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बनने पर मुख्यमंत्री निवास में शिफ्ट हो गए थे। इसके बाद से वह 2018 तक श्यामला हिल्स पर ही रह रहे थे। इस बीच कांग्रेस की सरकार बनने पर वह अपने बी-8 बंगले में शिफ्ट हो गए थे। 2020 में दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर श्यामला हिल्स पर ही रह रहे।

#### लक्ष्मीनिवास के तौर पर कहा गया था शिवराज का बंगला

जानकारों का कहना है कि मप्र और छत्तीसगढ़ का विभाजन नहीं हुआ था। इस दौरान मंत्री सत्यनारायण शर्मा को बी-8 अलॉट किया गया था। शर्मा के रहते बंगले को लक्ष्मीनिवास कहा जाने लगा। इस बंगले से कोई खाली हाथ नहीं लौटता था। हालांकि इससे पहले शिवराज सिंह ने ओम प्रकाश सकलेचा के बंगले में शिफ्ट होने की इच्छा जताई। फिर पूर्व सीएम पीसी सेठी और केंद्रीय मंत्री रही सुषमा स्वराज की मौत इसी बंगले के अलॉट रहते हुई थी। अपशगुन के चलते फिर पूर्व सांसद नंद कुमार चौहान के बंगले को ही मर्ज किया गया।

## मीटर रीडिंग में लापरवाही, 18 मीटर वाचक बर्खास्त

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नवंबर महीने में उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने के आरोप में 18 मीटर वाचकों को सेवा से बर्खास्त कर 127 मीटर वाचकों का वेतन काटा गया है। वहीं 78 मीटर वाचकों को कार्य में लापरवाही बरतने पर चेतावनी दी गई है। कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि उपभोक्ताओं के परिसर पर एक्युरेसी के साथ मीटर वाचन होना चाहिए और मीटर रीडिंग के आधार पर ही बिल दिया जाए। साथ ही मीटर वाचकों के कार्य की निष्ठा एप के द्वारा निगरानी रखकर लापरवाही बरतने पर उन्हें बर्खास्त किया जाए। मीटर रीडिंग में लापरवाही बरतने पर राजगढ़ में 1, भोपाल में 6, भिण्ड में 1, अशोक नगर में 1, ग्वालियर में 5, नर्मदापुरम में 1, दतिया में 1, शिवपुरी में 1 एवं बेतुल में 1 आउटसोर्स मीटर वाचक को बर्खास्त किया गया है।

■ 127 मीटर वाचकों का वेतन काटा गया

विपक्ष के नेता की दौड़ में अजय बच्चन, सिंघार और रावत आगे

## कांग्रेस के विधायक दल की बैठक आज, चुना जाएगा नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16वीं विधानसभा के लिए कांग्रेस गुरुवार को अपना विधायक दल का नेता चुनेगी। इसके लिए सभी विधायकों को भोपाल बुलाया गया है। विधायक दल के नेता का चयन करेंगे। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस के विधायक दल की बैठक गुरुवार 14 दिसंबर को होगी। बैठक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और स्क्रूटनी कमेटी के चेयरमैन भंवर जितेंद्र सिंह भी बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

इसमें 16वीं विधानसभा के लिए कांग्रेस के विधायक दल के नेता का किया जाएगा। जानकारी के अनुसार पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन, पूर्व मंत्री उमंग सिंघार और विधायक राम निवास रावत के नाम चर्चा में हैं। इनमें से किसी एक को कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना जा सकता है। बता दें कि अजय सिंह पूर्व में दो बार नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं, जबकि बाला बच्चन भी उप नेता प्रतिपक्ष का जिम्मा विधानसभा में संभाल चुके हैं। राम निवास रावत ओबीसी वर्ग से आते हैं और संसदीय कार्यवाही के अच्छे जानकर माने जाते हैं। उमंग सिंघार युवा चेहरे आदिवासी वर्ग से आते हैं और राहुल गांधी के करीबी कहलाते हैं।

» राहुल के करीबी विधायक पर भी कांग्रेस लगाएगी दांव, हार के बाद सुरजेवाला और भंवर आएंगे भोपाल





#### ओबीसी वर्ग को मिल सकता है मौका

मध्य प्रदेश की राजधानी इस वक्त ओबीसी वर्ग के इर्द-गिर्द घूम रही है। भारतीय जनता पार्टी ने भी ओबीसी चेहरे पर ही दांव लगाया है। बीजेपी ने मोहन यादव को अपना विधायक दल का नेता चुना है जो बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। ऐसे में कांग्रेस भी किसी ओबीसी चेहरे को ही नेता प्रतिपक्ष चुन सकती है। ओबीसी चेहरे को प्राथमिकता दी गई तो रामनिवास रावत नेताप्रतिपक्ष की रेस में बाजी मार सकते हैं।

#### पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद भी हारे

15वीं विधानसभा में कांग्रेस में डॉ. गोविंद सिंह को नेता प्रतिपक्ष बनाया था, लेकिन इस बार के विधानसभा चुनाव में वह चुनाव हार गए हैं। ऐसे में कांग्रेस को इस पद के लिए अब किसी नए चेहरे की तलाश है। 2020 में कांग्रेस की सरकार गिरने पर कांग्रेस सत्ता से सीधे विपक्ष में आ गई थी। ऐसे तब डॉक्टर गोविंद सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया था।

## गांव के डाकघरों में लगा ताला, डाकिए रहे हड़ताल पर

**कोरबा।** भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर जिले के ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से सभी ग्रामीण शाखा डाक घरों में ताला लग गया है। वेतन विसंगति दूर करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर डाक कर्मियों ने मोर्चा खोल दिया है। मुख्य डाकघर की ओर से अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। वितरण के अभाव में चिठ्ठियां लेटर बॉक्स में जाम हो गई है। जिले के चार सौ बारह ग्राम पंचायतों संचालित डाकघरों में कार्यरत 320 ग्रामीण डाक कर्मियों ने अनिश्चत कालीन हड़ताल की बिगुल फूंक दी। कर्मचारियों मंगलवार को जिला मुख्य डाकघर के साथ अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। हड़ताल का असर पहले दिन से ही शुरू हो गया है। संगठन के उपाध्यक्ष सुखदेव कैवर्त ने बताया कि विगत कई वर्षों ग्रामीण डाककर्मी अपनी मांगों को शासन के समक्ष रखते आए हैं लेकिन अनसुनी ही की जाती रही हैं। अब वे अपनी मांगों के पूरा होने के बाद ही काम पर लौटेंगे। मांग के संबध में उन्होने बताया कि डाक कर्मियों से आठ घंटे काम लिया जाए, पेंशन, सरकारी लाभ से उन्हे जोड़ा जाए, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिश को लागू किया जाए।

## गुम मोबाइल को मालिकों तक पहुंचाया, ओड़िशा झारखंड समेत अन्य राज्यों से खोज निकाला

» जिले में गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से भी बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जिले में गुम हुए मोबाइल को पुलिस ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के साथ ही झारखंड, ओड़िशा समेत अन्य राज्यों से खोज निकाला। इन मोबाइल को पुलिस ने उनके मालिकों को सौंप दिया है। एसीसीयू के प्रभारी एसआई कृष्णा साहू ने बताया कि जिले के लोगों ने अलग-अलग थानों अपने मोबाइल गुम होने की शिकायत की है। इन मामलों की एसीसीयू की टीम जांच कर रही है। जांच के दौरान एसीसीयू को गुम हुए मोबाइल की लोकेशन राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मिले। इसके साथ ही कुछ मोबाइल के लोकेशन झारखंड, ओड़िशा, महाराष्ट्र में मिले। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर 80 मोबाइल खोज निकाले। मंगलवार को एसपी कार्यालय में इन मोबाइल को उनके मालिकों को सौंप दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता गिरीश साहू ने बताया कि उनका मोबाइल चार महीने पहले गुम हो गया।



#### इन लोगों के पुलिस ने वापस किए गुम हुए मोबाइल

गिरीश ने इसकी शिकायत एसीसीयू में की थी। उन्हें पूरा भरोसा था कि मोबाइल मिल जाएगा। इसी तरह पुलिस ने सागर पहाड़िया, वी चंद्रशेखर, नीरज साहू, अशोक दास, सिद्धार्थ यादव, शीलबानो, गौरी यादव, फरदीन खान, संगीता कुशवाहा, तोखन चंद्राकर, विद्या नायर को मोबाइल वापस किए गए हैं। एसीसीयू प्रभारी ने बताया कि साइबर सेल की मदद से सालभर में 500 से अधिक मोबाइल खोजकर उनके मालिकों को सौंपा गया है। कार्यक्रम के दौरान साइबर एक्सपर्ट एसआइ प्रभाकर तिवारी ने साइबर ठगी के संबंध में बताकर इससे बचने के उपाय बताए।

आठ जनवरी को ईवीएम से पहली बार होना है चुनाव

## भोपाल बार एसोशिएशन चुनाव का मुकाबला हुआ रोचक अध्यक्ष सहित सचिव पद के लिए हुए छह नामांकन जमा

संवाददाता ▶▶ भोपाल

भोपाल जिला अभिभाषक संघ के बार चुनाव का माहौल रोचक मोड़ पर आ गया है। मंगलवार को चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए जितिन राठौर सहित चार अन्य प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा किए।

नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद सहित सचिव के लिए छह उपाध्यक्ष के लिए छह, सहसचिव के लिए सात, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के लिए पांच नामांकन जमा हुए। प्रत्याशियों ने वकीलों के बीच अपने जनसम्पर्क में कमर कस ली है।




#### छंटनी और चुनाव की ये होगी तारीख

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 दिसंबर तक नामांकन पत्रों की छंटनी होगी एवं 19 दिसंबर तक पत्रों जांच की जाएगी। 20 एवं 21 दिसंबर तक नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गई है। आगामी 22 दिसंबर को अंतिम प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन होगा। टेंडर वोटिंग की तारीख 4 एवं 5 जनवरी तय होने के साथ 8 जनवरी को जिला न्यायालय परिसर में चुनाव होंगे।

मध्यप्रदेश में पहली बार किसी अधिवक्ता संघ के चुनावों में ईवीएम से चुनाव होंगे। इस पद्धति को लेकर प्रत्याशियों एवं मतदाताओं में रोचकता बनी हुई है। पारदर्शित एवं त्वरित चुनाव परिणाम इस बार एसोसिएशन की खासियत होगी।
*रविंद्र तिवारी, मुख्य चुनाव अधिकारी*

#### परिणाम जल्द मालूम होंगे

मध्यप्रदेश में पहली बार ईवीएम से जिला अभिभाषक संघ भोपाल के आठ जनवरी को होने वाले चुनावों ईवीएम वोटिंग होगी। अध्यक्ष पद के दावेदार अभिभाषक जितिन राठौर के अनुसार प्रदेश में पहली बार ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। इससे मतदान में पारदर्शिता होगी। पारदर्शिता के साथ वोटिंग परिणाम सटीक होने के साथ जल्द घोषित हो सकेंगे।

**इन पदों के लिए होंगे चुनाव इतनी हुई दावेदारी**

- वरिष्ठ पुरुष कार्यकारिणी सदस्य के लिए 28
- कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए 20
- वरिष्ठ एवं कनिष्ठ महिला कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल 7 आवेदन जमा हुए

महू के बड़गोंदा का किसान पहुंचा बांड की कीमत जानने कलेक्टर के पास

## 98 साल पुराना द बॉन्ड ऑफ द्वारकेश यूनिटी मिला, इसकी मौजूदा कीमत 1448 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महू के बड़गोंदा गांव का किसान गेंदालाल दसाना इंदौर कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के पास 98 साल पुराना बॉन्ड लेकर पहुंचा। यह बॉन्ड उसके परदादा ने खरीदा था। इतना पुराना बॉन्ड देखकर कलेक्टर भी चौंक गए। गेंदालाल ने कलेक्टर से निवेदन किया कि उसके बांड की जानकारी जुटाकर उसे वह राशि दिलाने में मदद की जाए जो उसके परदादा ने इस बॉन्ड में निवेश की थी।

बॉन्ड को देखकर इंदौर कलेक्टर भी चौके, अंग्रेजों के जमाने में लांच किया गया था



#### बॉन्ड बहुत सुरक्षित, सरकार की गारंटी

अपने राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए सरकार बॉन्ड जारी करती है। इनके जरिए निवेशकों से धन जुटाया जाता है। बॉन्ड की मैच्योरिटी की अवधि एक से 30 साल तक हो सकती है। अगर निवेश के नजरिए से देखा जाए तो बॉन्ड को बहुत सुरक्षित माना जाता है। खासकर सरकारी बॉन्ड बहुत सुरक्षित है। कारण यह है कि इनमें सरकार की गारंटी होती है। बॉन्ड जमा करने के बाद निवेश की हुई राशि ब्याज समेत वापस ली जा सकती है।

#### परदादा ने खरीदा था बॉन्ड साफ-सफाई के दौरान मिला

बॉन्ड पर द बॉन्ड आफ द्वारकेश यूनिटी लिखा है। बॉन्ड के बारे में यह जानकारी दी गई है कि इसे अंग्रेजों के जमाने में लांच किया गया था। गेंदालाल के पास इन बॉन्ड की अधिक जानकारी नहीं है वह बस इतना बता पाते हैं कि यह उनके परदादा ने खरीदा था। गेंदालाल का कहना है कि पुराने घर की साफ सफाई के दौरान उन्हें यह मिला। इसके साथ दादा और परदादा के जमाने के कुछ कागज भी रखे थे। परिचित लोगों ने सलाह दी कि कलेक्टर कार्यालय से इसकी जानकारी मिल सकती है, इसलिए मैं यहां पर आ गया। करीब 43 साल पहले उन्होंने मेवाड़ आयल एंड जनरल मिल्स लिमिटेड के 3500 शेयर खरीदे थे। हाल में जब उन्होंने इन शेयर की जानकारी ली तो पता चला कि इनकी कीमत 1148 करोड़ रुपए हो गई है। इससे पहले कई लोगों को इस तरह के बांड और शेयर बाजारों में निवेश के पुराने कागज मिले और वे करोड़पति बन गए। हाल ही में केरल के कोच्चि में रहने वाले बाबू जॉर्ज वालावी की खबर आई थी।

## पत्रकार पर हमला के तीन आरोपी गिरफ्तार एक हिरासत से फरार

**कोरबा।** पत्रकार पर हमले करने वालों में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां जमानत निरस्त होने पर जेल दाखिल करने ले जा रहे थे, तभी रास्ते में मुख्य आरोपी राहुल चौहान फरार हो गया। 26 अगस्त को पत्रकार उमेश यादव पर रात 10 बजे घंटाघर के समीप एक दर्जन लोगों ने हमला कर दिया था। मारपीट करने के साथ ही सोने की चेन, तीन मोबाइल और डेढ़ लाख रुपए भी लूट लिए थे। वहीं जिस कार में उमेश सवार था, उसे भी पत्थर मार कर तोड़ दिया गया था।

**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**दीक्षांत समारोह अधिसूचना** (विज्ञा. पीआर सं.-26 ऑफ 2023)

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडोटोरियम में 26 दिसम्बर 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे किया जाएगा। इसके लिये अनिवार्य रिहर्सल 25 दिसम्बर 2023 को पूर्वा. 10.00 बजे होगी। भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे।

सभी पीएच.डी. स्कॉलर्स/मैडल प्राप्तकर्ता जिन्हें डिग्रियां और रिसर्च मैडल्स प्राप्त करने हेतु दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने के लिए आमंत्रण प्राप्त हो चुका है, वे रिहर्सल हेतु 25.12.2023 को ठीक पूर्वा. 10.00 बजे अवश्य उपस्थित हों और रिपोर्ट करें। जिसमें विफल रहने पर उनको दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित "ड्रेस कोड" में दीक्षांत समारोह में उपस्थित होना होगा। सभी विवरण हेतु (ड्रेस कोड, आमंत्रित विद्यार्थियों की सूची इत्यादि) विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mdu.ac.in पर पधारें।

पीआरडीएच-1235/11/113/2024/23365/88/7 दि. 13.12.23 रजिस्ट्रार

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | आर्य नगर एक्सटेंशन, वार्ड नं. 14, नगर परिषद गोहाना में विभिन्न गलियों का निर्माण और स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना + 1 कार्य। | 11.12.2023 09.01.2024 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23359/1/88/7 दि. 13.12.23

चिंतन

# संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला

संसद में बुधवार को जो हुआ, वह पहले कभी नहीं हुआ। वर्ष 2001 में जब संसद पर आतंकी हमला हुआ था, उस दिन भी हमलावर आतंकी संसद के अंदर नहीं पहुंच पाए थे, उन्हें बाहर ही मार गिराया गया था, पर आज आरोपी न केवल संसद के अंदर में घुसे, बल्कि निम्न सदन के अंदर पीले धुएं वाला स्प्रे भी फैला दिया। नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही चल रही है। चाक-चौबंद सुरक्षा वाले इस संसद भवन में दो लोगों का अंदर घुसना व दो लोगों का बाहर प्रदर्शन करना संसद की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है। यूं तो 2001 की संसद हमले की घटना के बाद से संसद की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई है, परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन आज लोकसभा की कार्यवाही के दौरान अपराह्न करीब एक बजे दर्शक दीर्घा से अचानक दो लोगों का सदन के भीतर कूदना, धुआं फैलाना व नारे लगाना, सुरक्षा चूक का बड़ा मामला है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है। हालांकि लोकसभा में घुसपैठियों को तुरंत पकड़ लिया गया और संसदीय सुरक्षा सेवा मामले की जांच कर रही है, पर आरोपी ऐसा करके जो भी संदेश देना चाहते थे, पर यह आपराधिक कृत्य है। ऐसे लोगों पर कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कतई माफी के लायक नहीं हैं। सरकार के खिलाफ या सिस्टम के खिलाफ नाराजगी जताने का यह तरीका एकदम गलत है। लोकतंत्र में ऐसे तरीके की इजाजत नहीं है। संसद की इस सुरक्षा चूक पर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए, जैसा विपक्ष कर रहा है, सरकार पर हमलावर है। राज्यसभा में विपक्ष ने लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना को लेकर हंगामा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक बयान देने की मांग की है। हमें हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए। यह सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। संसद पर हमले की बरसी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वालों को सांसदों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। घुसपैठियों द्वारा संसद पर हमले की बरसी का दिन चुनना आतंकी साजिश की आशंका पैदा करता है। जिस तरह से वे संसद में पहुंच गए थे, अगर कोई बड़ी अनहोनी हो जाती तो, क्या होता? लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के भीतर दो लोगों के कूदने की घटना को गंभीर करार देते हुए कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जा रही है, जिसके निष्कर्ष के आधार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। बिरला ने सदन में यह भी कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी तथा सभी दलों के नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार भी किए जाएंगे। लोकसभा में कूदने वाले दोनों व्यक्तियों को रोकने और दबोचने में मुस्तैदी एवं निडरता दिखाने के लिए सांसदों, सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों की सराहना की जानी चाहिए। आज जो आज घटना घटी है वह सरकार के लिए चिंता का विषय है। यह लोकसभा या राज्यसभा का सवाल नहीं है। सवाल है कि इतनी बड़ी सुरक्षा के बीच दो लोग कैसे घुसने में कामयाब रहे? संसद की सुरक्षा की समीक्षा होनी चाहिए। हमारे सांसद जिनको भी सदन में आने के लिए सिफारिश करते हैं, वे सतर्क रहते हुए पूरी छानबीन के बाद ही ऐसा करें। कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा मामले में हम सबने देखा कि हमारे सांसद सुरक्षा को लेकर कितने लापरवाह हैं। गृह मंत्रालय को संसद की सुरक्षा की त्वरित समीक्षा करनी चाहिए। भविष्य में ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। संसद के अंदर व बाहर किसी भी तरह के आपराधिक कृत्य अक्षम्य होना चाहिए।

मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर



# सवालों में संसद की सुरक्षा

शीतकालीन सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था। क्योंकि आज से 22 बरस पहले आतंकियां द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, कल गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना हो कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न लें। आरोपियों की बुनी साजिश के जड़ तक जाना होगा? क्या उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। बहरहाल, संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है, लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ है कि साजिश की तासीर बहुत कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, पर लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती हैं। संसद की एक-एक ईट पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। पीला धुआं फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरा होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे, क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र के आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को धता बताकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसिर्यों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। शुरुआती पूछताछ में एक आरोपी अपना नाम सागर सरना बताया है और मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जिसे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी बताते हैं, पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सब कुछ नॉर्मल था, 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा सा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी भी हरकत कर सकता है। संसद सदस्य सभी आश्वस्त थे कि नई संसद सुरक्षा मानकों से अभेद है। बावजूद आरोपी चार नंबर गेट से विजिटर बनकर प्रवेश कर जाता है। क्या आरोपी 'स्मोक बम' के जरिए कोई संदेश फैलाना चाहता था, ये फिर उसे मात्र पब्लिसिटी चाहिए थी। हालांकि ऐसे सभी सवालों की लंबी लिस्ट बनाकर स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ में लगी हैं, लेकिन विपक्षी दल किसी बड़ी घटना होने की आशंका जता रहे हैं। उनकी आशंकाओं को ध्यान में रखकर भी जांच करनी चाहिए, इसके अलावा उसी वक्त बाहर भी एक युवती-युवक ने भी तानाशाही से आजादी के नारे लगा थे उनसे भी कड़ाई से पूछताछ हो? देशवासियों में ये संदेश बिल्कुल भी नहीं जाना चाहिए कि जब संसद ही सुरक्षित नहीं तो वो भला कैसे सुरक्षित होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



एआई
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युवा बनाएंगे विकसित भारत की तस्वीर

इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता दिखाई देगा।

12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वैश्विक साझेदारी' (जीपीएआई) पर शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई 21वीं सदी में विकास का सबसे बड़ा जरिया बन सकती है। ऐसे में भारतीय युवाओं में शीघ्र ही एआई कम्प्यूटरिंग क्षमता को बढ़ाने का व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत देशभर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के मौजूदा नेटवर्क का इस्तेमाल टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में युवाओं को एआई कौशल सिखाने में भी होगा। इससे देश की नई पीढ़ी स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ाते हुए मानवीय मूल्यों के साथ देश के तेज विकास के लिए आगे बढ़ेगी।

इसी तरह 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के राजभवनों में आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम' को वर्चुअली संबोधित करते हुए युवाओं को संदेश दिया कि यह भारत का अमृतकाल है और भारत के इतिहास का ऐसा कालखंड है जब देश की नई पीढ़ी राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मुट्ठी में लेकर लंबी छलांगें लगाते हुए 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार कर सकती है। गौरतलब है कि नीति आयोग की ओर से 10 दिसंबर को देश के विकास पर एक परिपत्र जारी करते हुए कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से जिस तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास, समग्र शिक्षा, जनधन योजना, स्टार्टअप इंडिया और उच्च व तकनीकी शिक्षा के विस्तार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे भारत डिजिटल कौशल से सुसज्जित नई पीढ़ी और तेज आर्थिक विकास के दम पर 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनते हुए विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकेगा। यकीनन इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जहां देश अपने पास दुनिया की सर्वाधिक 6.5 फीसदी विकास दर रखते हुए रोजगार के नए अवसर निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं तेजी से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था की अहमियत को समझते हुए दुनिया के उद्यमियों और प्रवासी भारतीयों के कदम भी भारत की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल में हिस्सा लेते हुए उद्योग संगठन नैस्कॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और देश की विकास गाथा में शामिल होने के लिए अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया भर से भारतीय उद्यमी वापस अपनी मातृभूमि की ओर लौट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय कुशल श्रमिकों, डॉक्टरों और छात्रों ने ब्रिटेन की वीजा सूची में अपनी ऊंचाई कायम रखी है। जुलाई 2022 से जून 2023 के एक वर्ष में सबसे ज्यादा



भारतीयों को ही ब्रिटेन का वीजा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 से 2022 के बीच भारतीयों को स्किल्ड वर्कर्स वीजा में करीब 63 फीसदी की बढ़ोतरी सामने आई है।

इसी तरह हाल ही में प्रकाशित ब्लूमबर्ग की नई रोजगार रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल सरकार ने एक लाख भारतीयों युवाओं को इजराइल में नौकरी के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। इसी तरह भारत और ताइवान के बीच नौकरियों को लेकर एक अहम समझौता अतिशीघ्र ही होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत ताइवान में भारत के एक लाख श्रमिकों को नौकरी मिलेगी। दरअसल ताइवान में बेरोजगारी दर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। उसे मैन्युफैक्चरिंग, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिकों की जरूरत है, जो उसे अपने देश में नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में ताइवान ने इस परिप्रेक्ष्य में भारत की तरफ समझौते के हाथ बढ़ाए हैं। ज्ञातव्य है कि श्रमिकों की मोबिलिटी को लेकर भारत का जापान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस समेत 13 देशों के साथ समझौता हो चुका है। इनमें से ज्यादातर देश आबादी के बूढ़े होने की समस्या से कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी के श्रमिकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। इन दिनों पूरी दुनिया में अर्थविशेषज्ञ एवं जनसंख्या विशेषज्ञ यह टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि सर्वाधिक युवा आबादी वाला भारत चीन की तरह अपनी युवा आबादी को गुणवत्तापूर्ण एवं नए दौर के डिजिटल कौशल से सुसज्जित कर दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक अरब 42 करोड़ 86 लाख आबादी के साथ भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया है। जबकि दूसरे स्थान पर चीन की इस रिपोर्ट के मुताबिक युवा आबादी के मामले में भारत की स्थिति चीन से अच्छी है। जहां इस समय भारत की करीब 50 फीसदी आबादी 25 साल में कम उम्र की है। वहीं 25.4 करोड़ आबादी 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में है। भारत की 66 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है। भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में नई पीढ़ी को देश और दुनिया में बढ़ती हुई रोजगार की नई संभावनाओं के मद्देनजर अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, जनसंचार, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार अवसर निर्मित किए जाने होंगे। साथ ही देश में इस वर्ष 2023-24 से शुरू प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा। निश्चित रूप से भारत के ये आर्थिक आधार विकसित भारत की संभावनाओं के आधार हैं। विकसित देश बनने के लिए 2047 तक लगातार 7 से 8 फीसदी की दर से बढ़ना होगा।

हम उम्मीद करें कि जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता हुआ दिखाई देगा।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। *-स्वामी विवेकानंद*

# मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा: साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है: मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### जम्मू कश्मीर में अलगाववादी तेवर पर लगाम जरूरी

कोर्ट के फैसले ने तो जम्मू कश्मीर और भारत के बीच संवैधानिक संबंध को धार देने का फैसला किया है।राष्ट्रपति के इस विशेषाधिकार फैसले को केंद्र की जीत बताई है और केंद्र ने संविधान के दायरे में रखकर कार्य करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की पीठ थपथपाई है। पाकिस्तान नैरेटिव फैलाने की कोशिश करने वाले घाटी में अनेक पत्रकार है। लिहाजा,आतंकवादी ताकतों को नाराज कर खुद को जोखिम में नही डाल सकते है। मोदी सरकार की वैधानिकता पर सुप्रीम की मोहर से कश्मीर गुलजार हो गया है। कश्मीरियों को जितनी खुशी हुई है शायद किसी को नही हुई होगी। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। संसद में दो विधेयक पेश कर पीओके की सीट नामित की गई है। 370 इस समय की कश्मीर के लिए और अवाम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉन आंध्र' का होगा विस्तार

अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी द्वारा संचालित अपनी तरह के पहले विश्वविद्यालय 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का विस्तार किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय भारतीय नृत्यों और भाषाओं में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अब विश्वविद्यालय अपने परिसर में विस्तार कर रहा है जहां एक मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय मानक का क्रिकेट स्टेडियम होगा और कृत्रिम मेधा जैसी उन्नत तकनीकों में नए पाठ्यक्रम की पेशकश की जाएगी। अमेरिकी शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का वर्तमान में मिलपिटास, कैलिफोर्निया में मुख्य परिसर है। वर्तमान में, यह विश्वविद्यालय छह 'मास्टर ऑफ आर्ट्स', पांच डिप्लोमा और पांच प्रमाणपत्र कार्यक्रम प्रदान करता है। अभी इसमें 230 छात्र हैं, जो 2017 के बाद से हुई छात्रों की संख्या में अच्छी-खासी वृद्धि है। शुरुआत में इसमें 44 छात्र थे। 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' के अध्यक्ष आनंद कुचिभोटला ने हाल में एक साक्षात्कार में बताया, बहुत से लोग विश्वास नहीं कर सकते कि एक विश्वविद्यालय है जो भारतीय कला और भाषाओं में स्नातक कार्यक्रम प्रदान करता है... शुरू में, हमारे यहां केवल अमेरिका से छात्र थे, लेकिन अब यहां भारत, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका और दुबई से भी छात्र हैं।



## ऑफ बीट

# सोशल मीडिया दुष्प्रचार क्या है, हर व्यक्ति इसमें फंसा

सूचना युद्ध हर ओर चल रहा है, और ऑनलाइन मौजूद हर व्यक्ति इसमें फंसा है, चाहे वह इसे जानते हों या नहीं। दुष्प्रचार जानबूझकर उत्पन्न की गई भ्रामक सामग्री है जिसे स्वार्थी या दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों से फैलाया जाता है। गलत सूचना के विपरीत, जिसे अनजाने में या अच्छे इरादों के साथ साझा किया जा सकता है, गलत सूचना का उद्देश्य अविश्वास पैदा करना, संस्थानों को अस्थिर करना, अच्छे इरादों को बदनाम करना, विरोधियों को बदनाम करना और विज्ञान और पत्रकारिता जैसे ज्ञान के स्रोतों को अवैध बनाना हो सकता है। कई सरकारें दुष्प्रचार अभियानों में संलग्न हैं। उदाहरण के लिए, रूसी सरकार ने यूक्रेन विरोधी प्रचार पर ध्यान आकर्षित करने के लिए मशहूर हस्तियों की छवियों का उपयोग किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने 30 नवंबर, 2023 को चेतावनी दी कि चीन ने अपने गलत सूचना अभियान को तेज कर दिया है। दुष्प्रचार कोई नई बात नहीं है, और अमेरिका सहित कई देशों द्वारा सूचना युद्ध का इस्तेमाल किया गया है। लेकिन इंटरनेट दुष्प्रचार अभियानों को अभूतपूर्व पहुंच प्रदान करता है। विदेशी सरकारें, इंटरनेट ट्रोल, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय चरमपंथी, अवसरवादी मुनाफाखोर और यहां तक कि भुगतान वाली दुष्प्रचार एजेंसियां भी संदिग्ध सामग्री फैलाने के लिए इंटरनेट का फायदा उठाती हैं।



## ट्रेंड

### मेडिकल रिस्पांस सिस्टम तैयार

आज के भारत ने सबसे कम दामों में, सबसे उपयुक्त आपातकालीन मेडिकल रिस्पांस सिस्टम-भीष्म तैयार कर लिया है। यह एक ऐसी संकल्पना है जो मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में कम समय में कम कीमतों पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु सक्षम है।
-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री



### सड़कों पर नरसंहार रोको

सड़कों पर प्रति मिनट 2 से अधिक मौतें होती हैं। हमारी सड़कों पर नरसंहार रोका जा सकता है। हम सभी देशों से सड़क सुरक्षा के केंद्र में कारों के बजाय लोगों को रखने का आह्वान करते हैं।
-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ प्रमुख



### बयान दें गृहमंत्री

आज संसद में जो सुरक्षा में चूक हुई है वह गंभीर मामला है। हम मांग करते हैं कि गृह मंत्री दोनों सदनों में आकर बयान दें। ये प्रश्न है कि इतनी सुरक्षा के बावजूद कैसे दो लोग अंदर आए और गैस छोड़ी है?
-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### शक्तिशाली आर्थिक रणनीति

विकसित भारत हमारे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक शक्तिशाली आर्थिक रणनीति है। एक विचार अर्थव्यवस्था जो तेजी से विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में हमारे सामने आने वाली असंख्य चुनौतियों का समाधान करती है।
-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## संसद हमले की 22वीं बरसी पर घटना को लेकर डरे सांसद

# हमारे साथ कुछ भी हो सकता था, यह एक भयानक अनुभव था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो लोगों के कूदने की घटना ने सांसदों को डरा दिया। इससे लोकसभा में मौजूद सभी सांसद सकते में आ गए। कुछ सांसद तो चुपचाप बैठे रहे। अपनी जगह से हिले तक नहीं। लेकिन, कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाई और उत्पातियों की जमकर धुनाई भी कर दी। इस पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और डिंपल यादव से लेकर कई सांसदों ने बयान दिया है। सभी ने कहा कि यह सुरक्षा में बड़ी चूक का मसला है।

### युवकों ने नारेबाजी की, धुआं हानिकारक भी हो सकता था



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने मीडिया से बात करते हुए लोकसभा में हुए इस घटना का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि अचानक दर्शक दीर्घा से दो 20 वर्षीय लड़कों ने छलांग लगा दी। दोनों के हाथों में कनस्तर था, जिसमें पीले रंग का पाउडर था। उनमें से एक स्पीकर की तरफ बढ़ रहा था। उन लोगों ने नारेबाजी भी किए।

### सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए: डिंपल



संसद में सुरक्षा में हुई चूक पर समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा कि जो भी संसद में आए, वे या तो दर्शक थे या पत्रकार। उनके पास टैग नहीं था। मुझे लगता है कि सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से सुरक्षा में चूक है। लोकसभा के अंदर कुछ भी हो सकता था।

### यह एक गंभीर मामला अधीर रंजन बोले



कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि दो युवाओं ने लोकसभा में छलांग लगा दी। उन्होंने कुछ फेंका जिससे गैस निकलने लगा। सांसदों ने उन्हें पकड़ा, बाद में सुरक्षाकर्मी उन्हें बाहर ले गए। सदन को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि आज 2001 में संसद भवन में हुए हमले की बरसी है।

### कोई घायल नहीं हुआ: सावंत



शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने बताया कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जब उन लोगों ने छलांग लगाई तब पीछे की सभी बेंच भरी हुई थी, इसलिए वह पकड़े गए। दो मंत्री सदन के अंदर थे।

### यह घटना भयानक थी: बंद्योपाध्याय



टीएमसी सांसद सुदीप बंधोपाध्याय ने इस घटना को भयानक बताया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी उनके मकसद का अंदाजा नहीं था। वह ऐसा क्यों कर रहे हैं यह भी नहीं मालूम। हम सदन से तुरंत बाहर निकल गए।

### मामले की कार्रवाई त्वरित एवं सख्त हो: केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुरक्षा में चूक की निंदा की। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि साल 2001 के संसद पर हमले की बरसी पर यह हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का पूरी तरह से अपमान है। संसद लोकतंत्र का मंदिर है। सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।

### खरगे ने गृह मंत्री से मांगा जवाब




संसद पर हमले की वार्षिकी पर फिर सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने गृह मंत्री अमित शाह से बयान देने की मांग की है। उन्होंने पूरे मामले को गंभीर बताया। खरगे ने सोशल साइट एक्स पर ट्वीट किया है।

## खबर संक्षेप

### ड्रग तस्कर 3.85 करोड़ के गांजे के साथ धराया

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने मोस्ट वॉन्टेड अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी के मुख्य आरोपी लक्ष्मीकांत प्रधान और



उसके सह-सहयोगी बिद्याधर बृंदाबन प्रधान को 1820 किलोग्राम गांजा मामले में ओडिशा के गंजम जिले से गिरफ्तार किया है। गांजे की कीमत 3.85 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर भीषण आग लगने का



मामला सामने आया है। फायर बिग्रेड की 8 से 10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। रेलवे स्टेशन के वेटिंग एरिया में टिकट आरक्षण केंद्र के ऊपर बने जन आहार कैंटीन में ये आग लगी है। रेलवे परिसर में आग से काफी नुकसान हुआ है। कैंटीन में चिमनी बनाने का काम हो रहा था।

### सीबीएसई में शिफ्ट होंगे लक्षद्वीप के स्कूल

**नई दिल्ली।** लक्षद्वीप प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश में शिक्षा विभाग के तहत सभी स्कूलों को मलयालम





से सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम में बदलने का निर्णय लेकर अपनी शिक्षा प्रणाली में एक बड़े बदलाव की घोषणा की है। शिक्षा निदेशक ने आदेश जारी किया है। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से सभी स्कूल ग्रेड 1 से छात्रों को प्रवेश देंगे।

### सुनारिया जेल पहुंचा डेरा प्रमुख राम रहीम

**अमृतसर।** रेप और हत्या के केस में हरियाणा की रोहतक जेल में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम की



21 दिन के फरलो की अवधि समाप्त हो गई है। लग्जरी गाड़ियों के साथ राम रहीम बरनावा आश्रम से सुनारिया जेल के लिए रवाना हुआ। वह 21 नवंबर को रोहतक की सुनारिया जेल से बागपत के बरनावा आश्रम में पहुंचा था।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर जताई नाराजगी

# केंद्र, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब से मांगी स्टेटस रिपोर्ट... दो महीने की मोहलत दी

मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि खेतों में आग लगना पूरी तरह बंद होना चाहिए। केंद्र की ओर से अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि जल्द से जल्द मंजूरी दे दी जाएगी। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान कहा...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह मामले पर निगरानी रखेगा ताकि अगले साल फिर वही स्थिति न बने। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि खेतों में आग लगना पूरी तरह बंद होना चाहिए।

इस मामले पर पंजाब सरकार ने अपना हलफनामा दाखिल कर कहा है कि पराली जलाने पर लोगों पर लगाए गए जुर्माने की वसूली 53 फीसदी बढ़ी है और 2023 में खेतों में आग लगना कम हो गया है। हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने तीव्र परिवहन प्रणाली के लिए पानीपत और अलवर लाइन को मंजूरी दे दी है। इससे क्षेत्र में प्रदूषण कम होगा। हालांकि इस प्रोजेक्ट को केंद्र की मंजूरी का इंतजार है। इस पर केंद्र की ओर से अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि जल्द से जल्द मंजूरी दे दी जाएगी।

पंजाब सरकार ने दाखिल कर दिया हलफनामा

हरियाणा सरकार ने भी अदालत को दी जानकारी

### शीर्ष कोर्ट बोला- वह मामले पर निगरानी रखेगा अगले साल फिर वही स्थिति नहीं बननी चाहिए



#### पिछले माह ही समाधान करने को कहा था

7 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रदूषण का तत्काल समाधान होना चाहिए। इस मामले में हमारा जीरो टॉलरेंस है। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने की घटना के लिए स्थानीय एसएचओ जिम्मेदार होंगे। प्रदूषण पर राजनीतिक लड़ाई नहीं होनी चाहिए। पराली जलाना प्रदूषण की मुख्य वजह है, दूसरा वाहनों की वजह से होने वाला प्रदूषण है।

#### दिल्ली सरकार बताए प्रदूषण को कम करने क्या किया?

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा था कि गाड़ियों के प्रदूषण को कम करने के लिए आपने क्या कदम उठाया? कोर्ट ने दिल्ली में स्मॉग टावर बंद पड़े होने पर सख्त नाराजगी जताते हुए दिल्ली सरकार से पूछा था कि स्मॉग टावर कब काम करेंगे। कोर्ट ने कहा कि स्मॉग टावर तुरंत शुरू होना चाहिए।

#### कम से कम अगली सर्दियों को बेहतर बनाने का प्रयास करें

मौजूदा साल सर्दियों में प्रदूषण से निपटने में नाकाम रही सरकारों पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की और कहा कम से कम अपनी अगली सर्दियों को बेहतर बनाने का प्रयास करें। सर्दियां बढ़ने वाली हैं। पीठ को अटॉर्नी जनरल ने कैबिनेट सचिवालय के नेतृत्व वाली बैठकों की जानकारी दी।

#### खेतों में लगने वाली आग अभी भी गंभीर मुद्दा

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में दर्ज किया कि हलफनामे से पता लगा है कि पर्यावरण उपकर की 53 फीसदी वसूली हुई है। इसमें तेजी लानी होगी। मुद्दा यह है कि खेतों में लगने वाली आग अभी भी गंभीर मुद्दा है, यह सब रुकना चाहिए। अटॉर्नी जनरल ने एक्यूएम इंडेक्स पर उठाए जाने वाले कदमों और सचिवों की बैठकों पर केंद्र सरकार द्वारा एक मसौदा प्रस्तुत किया है।

#### सख्त कदम उठाएं और हलफनामा दें

सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया कि हम राज्य सरकारों को दो माह में एजी के नोट के संबंध में कदम उठाने और एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हैं। रिपोर्ट में अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को भी आवश्यकतानुसार रिपोर्ट लागू कर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इस दौरान एक वकील ने कहा कि आज एक्यूआई 376 है। ऑड-ईवन से केवल वाहन कम हुए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीएक्यूएम को कचरा जलाने के मुद्दे पर गौर करने को कहा गया, ताकि यह गंभीर न हो और अगली सर्दियों में इसकी पुनरावृत्ति न हो। ऐसे में यह उचित होगा कि निगरानी और रिपोर्ट रखने के लिए एक समिति की मौजूदगी में भी इस मामले को दोबारा सूचीबद्ध किया जाए।

## भड़काऊ पोस्ट पर बॉम्बे हाईकोर्ट बोला

# अभिव्यक्ति की आजादी सत्य 'सीमा' को नहीं लांघ सकती

अदालत ने कहा अन्यथा हो सकते हैं विनाशकारी परिणाम



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी को तर्कसंगत सीमा लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती अन्यथा इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।

न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने ऑटोमोबाइल कलपुर्जा निर्माण कंपनी 'हिताची एस्टेमो फी' के एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति की व्यवस्था बरकरार रखते हुए यह बात कही। दरअसल, कर्मचारी ने कंपनी के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फेसबुक' पर दो भड़काऊ पोस्ट किए थे, जिसके बाद उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद कर्मचारी ने श्रम अदालत का रुख किया था, जहां से बर्खास्तगी को रद्द करने का आदेश दिया गया था। इसी आदेश को कंपनी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### कंपनी के खिलाफ किए गए थे पोस्ट

न्यायमूर्ति जाधव ने आदेश में कहा कि ये पोस्ट नफरत भड़काने के स्पष्ट इरादे से कंपनी के खिलाफ किए गए थे और ये लोगों को उकसाने वाले थे। ऐसे कारनामों के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिए जाने की जरूरत है।

### ऐसी हरकतों को शुरू में ही रोक देना चाहिए

उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतों को शुरुआत में ही रोक दिया जाना चाहिए। बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी को तर्कसंगत सीमा लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यदि इसकी अनुमति दी गई, तो इसके खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

### घटना होने का इंतजार नहीं किया जा सकता

पीठ ने यह भी कहा कि किसी भी मामले में और किसी तरह की घटना होने का इंतजार नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए तथा ऐसी हरकतों को शुरू में ही रोकने की जरूरत है।

## वित्त मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी

# पीएमजेडीवाई के तहत 2 लाख करोड़ से अधिक रकम जमा





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत नवंबर तक कुल 51.04 करोड़ बैंक अकाउंट खोले गए हैं, जिनमें 2,08,855 करोड़ रुपए की जमा राशि है। यह बात केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किसनराव कराड ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कही। 22 नवंबर तक कुल 4.30 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में जीरो बैलेंस है।

### इस योजना को 2014 में किया गया था लॉन्च

पीएमजेडीवाई को वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन के रूप में 28 अगस्त 2014 को लॉन्च किया गया था। वित्त मंत्रालय ने एक अधिकारिक बयान में कहा कि 9 साल पहले शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत 51 करोड़ बैंक खातों में अब तक 2.08 ट्रिलियन (2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा) की रकम जमा की जा चुकी है।

## आप को बड़ा झटका

# विधायक भूपत भयानी भाजपा में हुए शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है पार्टी के नेता भूपत भयानी ने



विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। वह जल्द भाजपा में शामिल हो सकते हैं। भूपत भयानी ने विधायक पद से अपना इस्तीफा गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी को सौंप दिया है। गुजरात में आम आदमी पार्टी की जीती हुई पांच सीटों में से अब सिर्फ चार सीटें बची हैं। भयानी ने मीडिया को बयान दिया है कि उन्होंने सही समय पर सही फैसला लिया है।

## तापमान माइनस 7 डिग्री पर पहुंचा, पहली बार इतना हिमपात

# सफेद चादर में लिपटा केदारनाथ धाम बर्फ को पिघलाकर पानी पी रहे लोग

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने अब मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ा दी है। सुबह शाम गलन वाली ठंड पड़ रही है तो दिन में मैदानी क्षेत्रों में धूप निकल रही है। सुबह-शाम कोहरा छाने लगा है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक हिमालय पर्वत श्रृंखला पर बर्फ बिछ गई है। इस शरद ऋतु में पहली बार भारी हिमपात हुआ है।

चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर जिले में ऊपरी पहाड़ियों पर भारी बर्फबारी होने से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। चारधाम में मंगलवार दोपहर से ही बर्फबारी हो रही है। फूलों की घाटी, हेमकुंड साहिब, तुंगनाथ, मद्महेश्वर, हर्षिल, उत्तरकाशी और औली क्षेत्र भी बर्फ से ढंक गए हैं। मौसम विभाग ने बुधवार को पहाड़ों पर बारिश का पूर्वानुमान जताया है।



**झरने-नालों का पानी जमा**

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तरकाशी जिले की हर्षिल घाटी में तो ठंड के चलते छोटे झरने और नालों का पानी भी जमने लगा है।

### पड़ रही कड़ाके की ठंड

मंगलवार को सुबह से ही केदारनाथ धाम में बादल छाए हुए थे, जिससे तापमान माईनस आठ डिग्री तक पहुंच गया था। दोपहर बाद धाम में बर्फबारी का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। केदारनाथ धाम में ठंड के चलते यहां रहे मजदूरों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। बदरीनाथ में तापमान अधिकतम माइनस 1 और न्यूनतम 8 डिग्री, औली में अधिकतम 3, न्यूनतम 3, जोशीमठ में अधिकतम 9, न्यूनतम माइनस 2 रहा।

### पुनर्निर्माण कार्य कर रहे मजदूर परेशान

केदारनाथ धाम में तो तापमान माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया है। गंगोत्री और यमुनोत्री में भी पारा शून्य से नीचे चला गया है। निचले इलाकों में बादल छाने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि पुनर्निर्माण कार्य कर रहे मजदूर बर्फ को गला कर पानी पी रहे हैं। नलों में पानी जम चुका है।

## आज मनाया जाएगा 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस'

# सभी लोगों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ानी होगी

### राष्ट्रपति विज्ञान भवन में समारोह में भाग लेंगी, वितरित करेंगी पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में देश की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' मनाया जाता है। इसका आयोजन ऊर्जा मंत्रालय से संबद्ध ऊर्जा दक्षता ब्यूरो करता है। इस ब्यूरो ने वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया था।

इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह में भाग लेंगी। वे जनसमूह को संबोधित करेंगी और राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार, राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवोन्मेषण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी करेंगी। केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। केंद्रीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल और विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल भी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे।

### भविष्य में परंपरागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट हो जाने का खतरा

जनसंख्या बढ़ने के साथ-साथ बढ़ रही ऊर्जा की खपत दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है





और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है। दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा।

#### छोटे उपाय भी जरूरी

कुछ छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्बों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्बों का इस्तेमाल किया जाए। आईएसआईविद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि बंद रखें।

#### ऊर्जा स्रोतों को बचाने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' अहम

भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने विश्व भर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच प्रभावशाली बनाने मनाया जाता है।

#### ऊर्जा की बचत के लिए लोगों को प्रेरित करें

इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। इसी क्रम में विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' शुरू किया गया। यह एक राष्ट्रीय जागरुकता अभियान बन गया है।

## नारेबाजी के बीच राष्ट्रगान गाना क्या मर्यादा के खिलाफ है?

# 'राष्ट्रगान अपमान' मामले में अपील कर सकेगी सरकार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के भाजपा विधायकों पर दर्ज प्राथमिकी पर कार्रवाई के मामले में राज्य सरकार अब हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ अपील कर सकेगी।

राष्ट्रगान के कथित अपमान मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर कलकत्ता हाईकोर्ट की दो जजों की पीठ ने बुधवार को कहा, 20 दिसंबर को मामले में अगली सुनवाई होगी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ ने राज्य सरकार को अपील की प्रतियां प्रतिवादियों को मुहैया कराने का निर्देश भी दिया। पुलिस की नोटिस के बाद भाजपा विधायक शंकर घोष और अन्य नेताओं ने विधायकों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की अपील की थी। उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल पीठ ने 7 दिसंबर को एफआईआर पर कार्यवाही करने से रोक लगा दी थी। एकल पीठ ने 17 जनवरी तक अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने कहा था कि यह बहस का विषय है कि क्या किसी भी समूह की नारेबाजी के बीच राष्ट्रगान गाना अपेक्षित मर्यादा के खिलाफ है?

इस बात पर भी विचार किया जाएगा कि क्या आरोपों पर संबंधित कानून के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है? भाजपा विधायकों के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के अनुसार इन लोगों ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि सरकार के खिलाफ नारेबाजी के अलावा राष्ट्रगान गाए जाने के दौरान भाजपा विधायक सम्मान में खड़े भी नहीं हुए।

### भाजपा नेताओं पर आरोप



कोलकाता पुलिस ने पांच भाजपा विधायकों को एक शिकायत पर नोटिस भेजा था। इन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने पिछले महीने पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में राष्ट्रगान गाए जाने के दौरान उसका अपमान किया था। टीएमसी के विधायकों ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाए थे।

## खबर संक्षेप

### सोना 80 रुपए टूटा, चांदी में 700 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 80 रुपये की गिरावट के साथ 61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। सोने की कीमत 61,900 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 700 रुपये की गिरावट के साथ 75,050 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी।

### जावा, येज्दी की कंपनी में महिंद्रा करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बुधवार को कहा कि वह बाहरी निवेशकों के साथ मिलकर क्लासिक लीजेंड्स प्राइवेट लिमिटेड में 875 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जावा, येज्दी और बीएसए जैसे ब्रांड का स्वामित्व है। इसने गुजरे दौर के ब्रांड जावा को 2018 में और येज्दी को पिछले साल भारतीय बाजार में दोबारा पेश किया था।

### डोम्स इंडस्ट्रीज के आईपीओ को मिला पूर्ण अभिदान




**नई दिल्ली।** पेंसिल निर्माता कंपनी डोम्स इंडस्ट्रीज के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बुधवार को खुलने के कुछ घंटे में ही पूर्ण अभिदान मिल गया। एनएसई पर दोपहर एक बजकर 24 मिनट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 1,200 करोड़ रुपये के आईपीओ को 88,37,407 शेयरों के मुकाबले 2,76,23,106 बोलियां मिलीं।

## राज्यों के वित्त पर आरबीआई ने एक अध्ययन रिपोर्ट जारी की

# आरबीआई ने चेताया, राज्य ना करें पुरानी पेंशन स्कीम के वादे, बर्दाश्त के बाहर हो जाएगा खर्च

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई भत्ते (डीए) से संबद्ध पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर आगाह किया है। उसने कहा है कि इसे लागू करने से राज्यों के वित्त पर काफी दबाव पड़ेगा और विकास से जुड़े खर्चों के लिए उनकी क्षमता सीमित होगी।

रिजर्व बैंक की 'राज्यों के वित्त: 2023-24 के बजट का एक अध्ययन' विषय पर जारी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि समाज और उपभोक्ता के लिहाज से अहितकर वस्तुओं और सेवाओं, सब्सिडी और अंतरण तथा गारंटी पर प्रावधान से उनकी वित्तीय स्थिति गंभीर स्थिति में पहुंच जाएगी।

### कुछ राज्यों ने राशि वापस करने का किया अनुरोध

वित्त मंत्रालय ने हाल ही में संसद को सूचित किया है कि इन राज्य सरकारों ने नई पेंशन योजना में अपने कर्मचारियों के योगदान की राशि वापस करने का अनुरोध किया है। केंद्रीय बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन योजना को लागू करना और कुछ अन्य राज्यों के भी इसी दिशा में आगे बढ़ने की रपट से राज्य के वित्त पर भारी बोझ पड़ेगा।

### पांच राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने की दी जानकारी

*उल्लेखनीय है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश की सरकारों ने केंद्र सरकार और पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) को अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के फैसले के बारे में सूचित किया है।*




### राजकोषीय बोझ एनपीएस के 4.5 गुना अधिक होगा

इसमें कहा गया है, आंतरिक अनुमान के अनुसार यदि सभी राज्य सरकारें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की जगह पुरानी पेंशन व्यवस्था को अपनाती हैं, तो संचयी राजकोषीय बोझ एनपीएस के 4.5 गुना तक अधिक हो सकता है। अतिरिक्त बोझ 2060 तक सालाना सकल घरेलू उत्पाद के 0.9 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

### पिछले सुधारों के लाभों को कम करेगा

आरबीआई की रिपोर्ट कहती है, 'इस प्रकार राज्यों के पुरानी पेंशन की ओर लौटना पीछे की तरफ जाने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह कदम पिछले सुधारों के लाभों को कम करेगा और आने पीढ़ियों के हितों के साथ समझौता करेगा।'

- महंगाई भत्ते और ओपीएस को लेकर किया आगाह
- राज्यों के वित्त पर काफी दबाव पड़ेगा
- विकास से जुड़े खर्चों के लिए राज्यों की क्षमता सीमित होगी

*पेंशन का बोझ बढ़ेगा*
*रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे पुरानी पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत आने वाले सेवानिवृत्त लोगों के लिए पेंशन का बोझ बढ़ेगा। इन लोगों का अंतिम बैच 2040 के दशक की शुरुआत में सेवानिवृत्त होने की संभावना है।*

### कर्ज का स्तर जीडीपी के 35 फीसदी से अधिक होगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ राज्यों ने 2023-24 में राजकोषीय घाटे को जीएसडीपी (राज्य सकल घरेलू उत्पाद) के चार प्रतिशत से अधिक करने का बजट रखा है, जबकि अखिल भारतीय औसत 3.1 प्रतिशत है। उनका कर्ज स्तर भी जीएसडीपी के 35 प्रतिशत से अधिक है, जबकि अखिल भारतीय औसत 27.6 प्रतिशत है।

### अतिरिक्त प्रावधान से वित्तीय स्थिति गंभीर होगी

इसमें कहा गया है, ''समाज के नजरिये अहितकर वस्तुओं और सेवाओं, सब्सिडी, अंतरण और गारंटी के लिए कोई भी अतिरिक्त प्रावधान उनकी वित्तीय स्थिति को गंभीर बना देगा और पिछले दो वर्षों में हासिल समग्र राजकोषीय मजबूती को बाधित करेगा।''

# इंडिगो अयोध्या के लिए उद्घाटन उड़ान का करेगी 30 दिसंबर को परिचालन




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वाणिज्यिक सेवाएं छह जनवरी से शुरू होगी

विमानन कंपनी इंडिगो 30 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी से अयोध्या हवाई अड्डे के लिए उद्घाटन उड़ान का परिचालन करेगी। कंपनी की वाणिज्यिक सेवाएं छह जनवरी से शुरू होगी। इंडिगो ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस महीने के अंत तक तैयार हो जाएगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। इंडिगो ने बयान में कहा, 'वह अयोध्या हवाई अड्डे से विमान का परिचालन करने वाली पहली एयरलाइन कंपनी होगी। इसके साथ, अयोध्या एयरलाइन का 86वां घरेलू गंतव्य होगा।' बयान के अनुसार, दिल्ली से उद्घाटन उड़ान 30 दिसंबर, 2023 को अयोध्या पहुंचेगी। इसके बाद, छह जनवरी, 2024 से दिल्ली और अयोध्या के बीच सीधी उड़ान के लिए वाणिज्यिक परिचालन शुरू होगा।

### सप्ताह में तीन दिन होगा परिचालन

उसके बाद 11 जनवरी, 2024 से अहमदाबाद और अयोध्या के बीच सप्ताह में तीन दिन उड़ानों का परिचालन होगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि दिल्ली और अहमदाबाद-अयोध्या को जोड़ने वाली नई उड़ानें अयोध्या को देश के विमानन मानचित्र पर ले आएंगी।

# एडवांस टैक्स पेमेंट जमा करने की आखिरी तारीख 15 दिसंबर, नहीं तो लगेगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एडवांस टैक्स पेमेंट को जमा करने की आखिरी तारीख बहुत नजदीक आ गई है। अगर आपने अभी तक टैक्स नहीं भरा है तो जल्दी कीजिए क्योंकि आपके पास सिर्फ दो दिन बाकी हैं। यदि आपने यह तारीख मिस कर दी तो जुर्माना और ब्याज भरना पड़ेगा। चालू वित्त वर्ष के लिए समय से पहले




इनकम टैक्स भरना ही एडवांस टैक्स कहलाता है। इसमें जमा होने वाले पैसे की गणना अनुमान से कर दी जाती है। इसे किस्तों में भरना होता है। बाद में इनकम टैक्स रिटर्न भरते समय टैक्स की सही गणना हो जाती है। यदि आपका ज्यादा टैक्स कटा होगा तो वह वापस आ जाएगा।

### कैसे भरें एडवांस टैक्स

*सबसे पहले आपको आयकर विभाग की वेबसाइट पर जाना पड़ेगा। इसके बाद ई-पे टैक्स पर क्लिक करें। फिर अपना पैन नंबर औरआधार नंबर डालें। इसके बाद एक ओटीपी आएगी, जिसे डालने के बाद अपना असेसमेंट ईयर चुनकर एडवांस टैक्स के ऑप्शन पर जाना पड़ेगा।*

### किसे भरना होता है एडवांस टैक्स

इनकम टैक्स एक्ट के अनुसार, यदि टीडीएस काटने के बाद भी आपको 10 हजार रुपए से ज्यादा टैक्स भरना है तो एडवांस टैक्स जमा करना पड़ेगा। यदि आप समय से एडवांस टैक्स नहीं भर पाए तो एक फीसदी प्रति माह के हिसाब से ब्याज देना पड़ेगा।

# सस्ता हो सकता है पेट्रोल-डीजल! कच्चे तेल के दामों में आई कमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में बड़ी गिरावट के बाद सरकार ने आम लोगों को महंगे पेट्रोल-डीजल की कीमतों से राहत दिलाने की तैयारी शुरू कर दी है। दोनों ही ईंधन के दामों में कमी को लेकर वित्त मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपस में मंथन शुरू कर दिया है। कच्चे तेल के दामों में भारी गिरावट के बाद सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोल डीजल बेचने पर मुनाफा हो रहा है।



ब्रेंट क्रूड ऑयल फिलहाल 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है।

### चुनावी से पहले बड़ी राहत की तैयारी!

सरकार का मानना है कि आने वाले दिनों में कच्चे तेल की कीमतें 75 - 80 डॉलर प्रति के बीच रह सकती है। ऐसे में उपभोक्ताओं को पेट्रोल डीजल के दामों में कमी कर राहत दी जा सकती है। डीजल के दामों में कटौती की गई तो महंगाई में कमी आ सकती है जिसका फायदा मौजूदा सरकार और सत्ताधारी दल को 2024 के लोकसभा चुनावों में मिल सकता है।

### तेज़ और अधिक मापने योग्य परिणामों के लिए अनुकूलित AI-चालित उपचारों का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** डॉ. बत्रा'ज़ ने साउथ कोरिया का बेहतरीन एआई एयर प्रो डायग्नोस्टिक टूल पहली बार भारत में पेश किया 13 दिसंबर 2023- दुनिया में होम्योपैथिक क्लिनिक्स की सबसे बड़ी चेन, डॉ. बत्रा'ज़® हेल्थकेयर ने एक अग्रणी नवाचार की पेशकश की है। उन्होंने बालों की समस्याओं के उपचार हेतु ज्यादा तेज, बेहद निजीकृत और सटीकता से मापने योग्य परिणामों के लिये एआई पर आधारित उपचार लॉन्च किये हैं। यह आधुनिक, वैज्ञानिक और पूर्वानुमानित उपचार एआई की क्षमताओं का उपयोग करता है। यह विभिन्न क्षेत्रों में सफल उपचार प्राप्त कर चुके 1.5 मिलियन रोगियों के एक व्यापक डेटाबेस से जानकारी प्राप्त करता है। ऐसा सिर की त्वचा की समस्याओं के सटीक विश्लेषण और सर्वोत्तम संभावित परिणामों वाले व्यक्तिगत उपचार बताने के लिए होता है। एआई हेयर प्रो बालों के झड़ने बढ़ने की भविष्यवाणी भी कर सकता है, ताकि सही समय पर हस्तक्षेप किया जा सके।इस हेयर डायग्नोस्टिक टूल में दो हाई-डेफिनिशन कैमरे हैं।

### सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने तय किया मूल्य दायरा

**नई दिल्ली।** सूरज एस्टेट डेवलपर्स ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 340 से 360 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है।

### पावरग्रिड, उत्तरीक्षेत्र-I द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनांक 30 अक्तूबर से 05 नवंबर, 2023 तक क्षेत्रीय मुख्यालय, फरीदाबाद में अत्यन्त उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान संस्थान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अत्यन्त उत्साह के साथ हिस्सा लिया एवं साथ ही केंद्रीय सतर्कता आयोग के इस वर्ष की थीम "भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें हैं" को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। मुख्य अतिथि, श्री शरद कुमार, डी.आई.जी, सी.आई.एस.एफ ने समारोह मेंअपनी उपस्थिती से शोभा बढ़ाई। श्रीए.के. मिश्रा, कार्यपालक निदेशक (उत्तरीक्षेत्र-I) ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। श्री ए.के. मिश्रा, कार्यपालक निदेशक, उ.क्षे-I नेसतर्कता जागरूकता सप्ताह,2023 मनाए जाने के महत्व पर प्रकाश डाला एवं कहा कि सतर्कता जागरूकताजो कि भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती से जुड़ा है, जो अब तक शासन व्यवस्था में भारतीय परंपराओं के उत्कृष्ट मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## अंतिम घंटे की खरीदी से शेयर बाजार में रही मामूली बढ़त

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में एक दिन की गिरावट के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच हल्की तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 34 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों, वाहन और ऊर्जा शेयरों में अंतिम घंटे की लिवाली आने से बाजार बढ़त लेने में सफल रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 33.57 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69,584.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 450.47 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 19.95 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की हल्की बढ़त के साथ 20,926.35 अंक पर बंद हुआ।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार का ध्यान फेडरल रिजर्व की आगामी मौद्रिक नीति बैठक पर लगा हुआ है। अगले साल अमेरिकी नीतिगत दर में बड़ी गिरावट की आशंका को देखते हुए वैश्विक स्तर पर सजगता देखी जा रही है।''

### विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के मामले में गुजरात अव्वल

**नई दिल्ली।** गुजरात विनिर्माण क्षेत्र में निवेश के मामले में पहले स्थान पर है। संपत्ति सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी। कोलियर्स इंडिया ने बुधवार को बयान में कहा कि उद्योग लगाने के लिए सस्ती जमीन, श्रम की उपलब्धता के कारण और सरकार के प्रोत्साहनों के कारण गुजरात अन्य राज्यों के मुकाबले अच्छी स्थिति में है। संपत्ति सलाहकार ने कहा कि इस सूची में महाराष्ट्र दूसरे और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर हैं। कोलियर्स इंडिया ने कहा, ''गुजरात भारत की अग्रणी विनिर्माण शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

**उत्तर रेलवे**

पुनः निविदा सुचना–ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

**क्र.:** 1, **निविदा सूचना संख्या:** 32-W-BR-36-222A-DLI Dt. 11.12.23, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक अधि. अभि. पुल/तिलक ब्रिज के क्षेत्राधिकार में मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 222–A गर्डर के गर्डर की टॉप फ्लैंज व प्लेट को बदलना एवं गाजियाबाद–सहारनपुर खंड के पुल संख्या 36 रेल और क्रॉस गर्डर का सुदृढ़ीकरण, क्रॉस गर्डर के वेब पर स्क्रीन प्रदान करने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 1,37,30,825.73, **धरोहर राशि:** ₹ 2,18,700/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 6 (छह) महीने, **निविदा जमा करने व खुलने का समय:** दिनांक 04.01.24 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात।

**क्र.:** 2, **निविदा सूचना संख्या:** 32-W-BR-385-325-313-UMB Dt. 11.12.23, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक अधि. अभि. पुल/पुल/अम्बाला के क्षेत्राधिकार में अम्बाला लुधियाना खंड के पुल संख्या 313, 325 व 385 के भारी संक्षारित क्रॉस–गर्डर को मजबूत करने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 90,72,811.67, **धरोहर राशि:** ₹ 1,81,500/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 6 (छह) महीने, **निविदा जमा करने व खुलने का समय:** दिनांक 04.01.24 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात।

नोट: उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलनोड किया जा सकता है। 3907/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य लगभग 'असंभव' : राजन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बुनियादी ढांचे पर खर्च और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अच्छे प्रदर्शन के कारण चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तेजी से बढ़ा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने यह बात कही है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि भारत को अभी काफी कुछ करने की जरूरत है और 2025 तक 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य लगभग असंभव है। राजन ने आगे कहा कि भारत की वृद्धि दर मजबूत होने के बावजूद निजी निवेश और निजी खपत में तेजी नहीं आई है।उन्होंने कहा, ''तो अगर आप देखें कि हमने इस साल इतना अच्छा प्रदर्शन क्यों किया है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | कलानौर निर्वाचन क्षेत्र, जिला रोहतक में बेरी रोड से मसूदपुर – सुडाना रोड (रोड आईडी – 7691) तक सम्पर्क सड़क का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 20.12.2023 | 1.67 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01262-270274 eerohtak.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23357/I/88/7 दि. 13.12.23

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**ज्योतिष**

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5363



**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्रता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5362 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ब | न | कु | मा | र | ■ | म | क | ब | रा |
| ला | न | ■ | त | ■ | स | ली | का | ■ | स | त |
| य | ■ | प | र | वा | ना | ■ | न | न | ■ | दि |
| न | का | र | ना | ■ | ■ | क | ■ | म | हा | न |
| वा | ■ | ख | ■ | स | ह | ल | ज | ■ | ज | ■ |
| दी | वा | ना | प | न | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | जि | ■ | र | स | ले | ना | ■ | न | ■ | री |
| ग | ब | न | ■ | नी | ■ | ■ | अ | वा | न्त | र |
| ज | ■ | शा | न | ■ | आ | ब | नू | स | ■ | र |
| रा | ज | ■ | ज | टा | यु | ■ | रू | ■ | क | क्ष |
| ज | ल | च | र | ■ | ध | मों | प | दे | श | क |

## सूडोकु नवताल - 5373

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5372 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



# मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग से बाहर

**मैनचेस्टर।** बायर्न म्युनिख से 1-0 से हारकर मैनचेस्टर युनाइटेड चैंपियंस लीग फुटबाल से प्रारंभिक दौर में ही बाहर हो गई। बायर्न के लिए किंग्स्ले कोमैन ने 70वें मिनट में गोल किया। इसके साथ ही तीन बार की यूरोपीय कप चैंपियन मैनचेस्टर युनाइटेड की नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई। इस सत्र में सभी स्पर्धाओं में 12वीं हार के साथ ही ग्रुप ए में सबसे नीचे रही युनाइटेड ने यूरोपा लीग में स्थान भी पक्का नहीं किया। इस ग्रुप से कोपेनहेगन भी अंतिम 16 में पहुंच गई जिसने गालाटासारे को 1-0 से हराया। इस नतीजे के मायने हैं कि अगर युनाइटेड जीत भी जाती तो अगले दौर में नहीं पहुंच पाती। पूर्व मैनेजर एलेक्स फर्ग्युसन के 2013 में रिटायर होने के बाद से सात प्रयासों में तीसरी बार युनाइटेड नॉकआउट में नहीं पहुंच सकी है और दूसरी बार चैंपियंस लीग ग्रुप में सबसे नीचे रही है।



### सोशिदाद ने इंटर मिलान के साथ गोलरहित ड्रॉ खेला

**मिलान।** रियल सोशिदाद ने चैंपियंस लीग फुटबॉल में शानदार वापसी करते हुए पहली बार ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। ग्रुप डी में मंगलवार को सोशिदाद ने इंटर मिलान से गोलरहित ड्रॉ खेला। इस परिणाम के साथ टीम ग्रुप डी में गोल औसत के आधार पर नेराजुरी से ऊपर शीर्ष पर रही। सोशिदाद ने अभी तक दो ही गोल गंवाए हैं और एक दशक बाद चैंपियंस लीग में वापसी करते हुए पहले सत्र में अपराजेय रही है।

### ब्रागा को हराकर नपोली नॉकआउट में

**नेपल्स।** सीरि ए खिताब बरकरार नहीं रख पाने का गम भुलाते हुए नपोली ने ब्रागा को 2-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। सेरडार सात्की के आत्मघाती गोल से नपोली ने बढ़त बना ली और विक्टर ओसिमहेन ने दूसरा गोल किया। नपोली ग्रुप सी में रियल मैड्रिड के बाद दूसरे स्थान पर रहा। रिकॉर्ड 14 बार की चैंपियन मैड्रिड 18 अंक लेकर शीर्ष पर रही जिसने बर्लिन को दूसरे ग्रुप मैच में 3-2 से मात दी।

## खबर संक्षेप



### टेस्ट दोनों टीम के लिए अनजान: नाइट

**नवी मुंबई।** इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट ने कहा कि भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाला एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच दोनों टीमों के लिए काफी हद तक अनजान है और सही मानसिकता के साथ मैदान पर उतरना महत्वपूर्ण होगा। भारतीय महिला टीम ने 1995 के बाद घरेलू धरती पर और 2006 के बाद विदेशी मैदान पर कोई टेस्ट मैच नहीं गंवाया है और वह इंग्लैंड के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी, लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पिछले दो वर्षों में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है।

### थरंगा संभालेंगे श्रीलंकाई चयन समिति की कमान

**कोलंबो।** खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने बुधवार को श्रीलंका क्रिकेट की सिफारिशों को स्वीकार करने के



बाद पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को राष्ट्रीय चयन समिति का नया अध्यक्ष घोषित किया। पांच सदस्यीय समिति में पूर्व खिलाड़ी अजंता मेंडिस, इंडिका डि सरम, थरंगा परनविताना और दिलरूवान परेरा भी शामिल हैं। नयी समिति दो साल के लिये काम करेगी और अभी सबसे पहले उसकी जिम्मेदारी छह से 18 जनवरी के बीच कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली जाने वाली छह मैचों की सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम का चयन करना है।

### 15 रेड स्नूकर खिताब से एक कदम दूर अमी

**चेन्नई।** मध्य प्रदेश की गत चैंपियन अमी कमानी यहां राष्ट्रीय



बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के महिला 15 रेड स्नूकर खिताब के लिए तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन से भिड़ेंगी। बुधवार को हुए सेमीफाइनल में अमी ने कर्नाटक की पिछले साल की उप विजेता कीर्तना पांडियान को 3-0 से पराजित किया। वहीं अनुपमा ने दूसरे सेमीफाइनल में पश्चिम बंगाल की सुनीति दमानी को इसी स्कोर से शिकस्त दी। अनुपमा अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीतने की कोशिश में जुटी हैं।

### टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और अमृतराज

**नई दिल्ली।** विश्व के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी लिएंडर पेस तथा भारत के प्रसारक और प्रमोटर विजय अमृतराज अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले पहले एशियाई पुरुष बन गये हैं। इन दोनों के अलावा प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक रिचर्ड इवांस को भी टेनिस के इस विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। पुरुष युगल और मिश्रित युगल में 18 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पेस को खिलाड़ियों के वर्ग में जबकि अमृतराज और ग्रेट ब्रिटेन के इवांस को टेनिस में योगदान देने वालों के वर्ग में चुना गया है। टेनिस खेल से जुड़े इन तीनों दिग्गज को शनिवार को न्यूपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया जाएगा। अभी तक 27 देश के 264 लोगों को टेनिस हॉल आफ फेम में शामिल किया गया है।

## क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा और अंतिम टी20 मैच आज

# श्रृंखला में बराबरी करने भारत को करना होगा उलटफेर, मैच आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को तीसरा टी20 मैच जीतकर श्रृंखला में बराबरी के लिए भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा क्योंकि चयनकर्ताओं की नजरें अगले साल इस प्रारूप के विश्व कप के लिए सही संयोजन तलाशने पर भी लगी है। दूसरे टी20 मैच में भारतीय गेंदबाज लय के लिए जूझते नजर आए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने क्रमशः 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। बारिश और ओस ने उनका काम मुश्किल किया लेकिन दोनों की गेंदबाजी में कल्पनाशीलता और नियंत्रण का अभाव भी साफ नजर आया।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर दीपक चाहर की कमी भी टीम को खली। जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर की गैर मौजूदगी में टीम प्रबंधन का भरोसा अर्शदीप और मुकेश पर ही था। लेकिन दोनों अभी तक इस भरोसे पर खरे नहीं उतर सके और दबाव के क्षणों में लय के लिये जूझते दिखे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टी20 श्रृंखला में 4-1 से जीत के बावजूद गेंदबाजी ईकाई की कमियां नजर आई। अर्शदीप ने बेंगलुरु में पांचवें टी20 में बेहतरीन आखिरी ओवर डाला लेकिन उसके अलावा उसने बाकी चार मैचों में 10.68 की औसत से रन दिए और उसे चार ही विकेट मिले।



### युवाओं के पासे सिर्फ चार मैच बाकी

टी20 विश्व कप से पहले भारत को अब सिर्फ चार टी20 मैच खेलने हैं और चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने के लिए अब उनके पास ज्यादा मौके नहीं हैं। एक साल और चार महीने बाद टी20 मैच खेलने वाले रविंद्र जडेजा भी प्रभावित नहीं कर सके। रिंकू सिंह ने इस प्रारूप में पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिरी मैच में फिनिशर की भूमिका निभाना चाहेंगे। कप्तान सूर्यकुमार ने भी एक और अर्धशतक जमाया और उनकी नजरें बल्ले तथा कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला भारत की झोली में डालने पर लगी होंगी। भारत को सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

### आज से भारतीय महिला टीम का टेस्ट

**नवी मुंबई।** टी20 श्रृंखला में औसत प्रदर्शन के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए गुरुवार को उतरेगी तो अपने अनुभवी स्पिन आक्रमण के दम पर उसका पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। भारत और इंग्लैंड के बीच 1986 से अब तक खेले गए 14 टेस्ट में से भारत ने सिर्फ एक गंवाया है। पहली बार टेस्ट में भारत की कप्तानी कर रही हरमनप्रीत इस रिकॉर्ड को बरकरार रखना चाहेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट जून 2021 में ब्रिस्टल में खेला गया था जो ड्रॉ रहा था। स्मृति मंधाना ने पहली पारी में 78 रन बनाए थे और शेफाली वर्मा ने 96 तथा 63 रन की पारी खेली थी। भारतीय टीम को दस दिन के भीतर दो टेस्ट खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बाद 21 से 24 दिसंबर के बीच भारतीय टीम वानखेड़े स्टेडियम पर आस्ट्रेलिया से खेलेगी।



### लियोन की नजरें 500वें विकेट पर

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में आफ स्पिनर नाथन लियोन की नजरें 500वें टेस्ट विकेट पर लगी होंगी। आस्ट्रेलिया के अनुभवी गेंदबाज लियोन के 496 विकेट हो चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों में सिर्फ शेन वॉर्न (708) और ग्लेन मैकग्रा (563) हैं। लियोन ने पर्थ में तीन टेस्ट में 22 विकेट लिए हैं। पाकिस्तानी टीम आस्ट्रेलिया में कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है। दोनों टीमों के बीच आस्ट्रेलिया में हुए मुकाबलों में से आस्ट्रेलिया ने 26 और पाकिस्तान ने चार जीते हैं जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। दोनों टीमों की आखिरी टक्कर 2022 में पाकिस्तान में हुई थी जब आस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीती थी।



## विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के सामने जर्मनी की मजबूत चुनौती



**कुआलालंपुर।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी सेमीफाइनल में गुरुवार को जर्मनी जैसी मजबूत टीम के सामने होगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखते हुए चौथी बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश का होगा। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत ने चौथी रैंकिंग वाली नीदरलैंड टीम को क्वार्टर फाइनल में 4-3 से हराया। हाफटाइम तक दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए भारत ने जीत दर्ज की। कप्तान उत्तम सिंह ने आखिरी सीटी बजने से तीन मिनट पहले विजयी गोल दागा। उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल ने मैच में दो गोल किए। कप्तान उत्तम ने कहा, 'हमें दबाव में खेलने की आदत हो गई है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या जोहोर कप में कांस्य पदक का मुकाबला, हमने दबाव में ही खेलकर जीत दर्ज की है। हमने इस पर काम किया है और इस कौशल को निखारा है। इस टीम के पांच खिलाड़ी पहले भी जूनियर विश्व कप खेल चुके हैं और यह अनुभव काम आ रहा है।'

## 'हार के दर्द से उबरना बहुत मुश्किल था...'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रोहित शर्मा ने वनडे वर्ल्ड कप में मिली हार पर पहली बार खुलकर बात की। वनडे वर्ल्ड कप में हार के बाद रोहित शर्मा को पता नहीं था कि उस हार की निराशा से वह कभी उबर सकेंगे या नहीं, लेकिन अब फैन्स के प्यार ने उन्हें एक बार फिर टॉप पर पहुंचने का प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है। रोहित ने यह नहीं बताया कि वह किस टॉप की बात कर रहे हैं, लेकिन समझा जाता है कि वह अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी के बारे में सोच रहे हैं।

फाइनल तक रोहित के लिए बतौर बल्लेबाज और कप्तान वर्ल्ड कप का सफर शानदार रहा, लेकिन 19 नवंबर को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया। फाइनल की हार के बाद रोहित मैदान से निकले तो उनकी आंखें भरी हुई थी। वह इस दर्द को भुलाने के लिए ब्रेक पर इंग्लैंड चले गए थे। रोहित ने इंस्टाग्राम पर अपने फैन पेज पर लिखा, 'पहले कुछ दिन तो मुझे समझ ही नहीं आया कि इससे कैसे उबरुंगा। मेरे परिवार और दोस्तों ने मेरा हौसला बनाए रखा। हार को पचाना आसान नहीं था, लेकिन जिंदगी चलती रहती है और आगे बढ़ना आसान नहीं था। लोग मेरे पास आकर कहते थे कि उन्हें टीम पर गर्व है।

## चेतेश्वर पुजारा ने किया ससेक्स से अनुबंध



एजेंसी ▶▶| होव

दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने गए अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 2024 के काउंटी सत्र के लिए इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट क्लब ससेक्स के साथ फिर से अनुबंध किया है। पुजारा लगातार तीसरे सत्र में इस क्लब के लिए खेलेंगे। वह पहली बार 2022 में ससेक्स से जुड़े थे। यह स्टार बल्लेबाज 2024 के सत्र में काउंटी चैंपियनशिप के पहले सात मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। पुजारा ने फिर से ससेक्स जुड़ने के बारे में कहा, 'मैंने पिछले दो सत्र में होव में बिताए गए समय का पूरा लुत्फ उठाया और मैं बेहद खुश हूं कि मैं फिर से ससेक्स परिवार से जुड़ रहा हूं। मैं टीम से जुड़ने और उसकी सफलता में योगदान देने को लेकर उत्साहित हूं।' ससेक्स की तरफ से पुजारा का प्रदर्शन शानदार रहा है।

## टी20 रैंकिंग : सूर्यकुमार शीर्ष पर मजबूत, रिजवान से 78 अंक आगे

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गक्बेरहा में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जड़े अर्धशतक की बदौलत आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

सूर्यकुमार ने महज 36 गेंद में 56 बनाए जिससे उन्हें 10 रेटिंग अंक प्राप्त हुए। हालांकि भारतीय टीम इस रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका से पांच विकेट से हार गई। दाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यकुमार के अब कुल 865 रेटिंग अंक हो गए हैं जिससे वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (787 अंक) और दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम (758 अंक) से काफी आगे हैं। सूर्यकुमार ने शीर्ष रैंकिंग पिछले साल के अंत में आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान हासिल की थी और ऐसा लगता है कि वह अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले विश्वकप तक इस स्थान पर कब्जा बनाए रखेंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप शुरू होने में अब छह महीने से भी कम समय रह गया है। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स भारत के खिलाफ 49 रन की पारी के बाद एक पायदान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि तिलक वर्मा (10 पायदान ऊपर 55वें स्थान पर) और रिंकू सिंह (46 पायदान ऊपर 59वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ।



### बिश्नोई को होगा नुकसान

हाल में टी20 अंतरराष्ट्रीय में नंबर एक गेंदबाज बने रवि बिश्नोई अभी तक दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अंतिम एकादश में नहीं चुने गए हैं तो इससे अफगानिस्तान के राशिद खान का गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का रास्ता खुल गया है। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर तबरेज शम्सी दो पायदान के फायदे से 10वें स्थान पर पहुंच गए। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव पांच पायदान के फायदे से 32वें स्थान पर काबिज हो गए हैं।


### बैडमिंटन खिलाड़ी को कमरे के लिए भी चार घंटे तक करना पड़ा इंतजार

# जापानी विश्व चैंपियन नोजोमी से कैब ड्राइवर ने 10 गुना वसूला किराया, बीएआई ने कहा- दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा ने हाल ही में भारत यात्रा का अपना खराब अनुभव साझा किया जहां दिल्ली के एक कैब ड्राइवर ने उन्हें चूना लगाया और ओडिशा के कटक में होटल में उन्हें कमरे के लिए चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

28 वर्ष की ओकुहारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फैंसनेट डॉट जेपी पर लिखा कि दिल्ली हवाई हड्डे पर एक कैब ड्राइवर ने उन्हें परेशान किया और उबर से 10 गुना अधिक किराया वसूला। ओडिशा ओपन के लिए सोमवार को कटक पहुंचने पर उन्हें आधिकारिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी। ओकुहारा ने लिखा कि होटल में चेकइन के लिए उन्हें चार घंटे इंतजार करना पड़ा और अभ्यास सत्र के लिए सुबह आठ बजे भी उन्हें बस या कार नहीं मिली थी। भारतीय बैडमिंटन संघ महासचिव संजय मिश्रा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'मैं समझ सकता हूं कि ओकुहारा पर क्या गुजरी होगी लेकिन हमें उनकी ओर से होटल या परिवहन को लेकर कोई ईमेल नहीं मिला। यह तकनीकी मसला है और संवादहीनता के कारण हुआ। हमें कोई सूचना नहीं थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन जब मुझे पता चला तो मैने आयोजकों से बात की और पूरी मदद की गई। वह बड़ी खिलाड़ी है और हमारी मेहमान है। आइंदा से इस तरह की घटना नहीं होगी।'



*प्रणय और सिंधू ने की मदद : ओकुहारा के भारतीय दोस्तों बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय और पी वी सिंधू ने स्थानीय सदस्यों से बात करके उनके लिए होटल की व्यवस्था की। प्रणय ने अभ्यास के लिए पहुंचने के लिए उन्हें कार उपलब्ध कराई।*

### होटल नहीं कराया था बुक

आयोजन सचिव निलीन कुमार ने कहा कि उन्होंने होटल में ओकुहारा से मुलाकात की और बीएआई संयुक्त सचिव प्रभाकर राव भी वहां थे। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ने बीडब्लूएफ फॉर्म पर होटल के लिए अनुरोध भेजे थे लेकिन ओकुहारा ने ऐसा कोई अनुरोध नहीं भेजा। इसलिए उनके लिए कमरा बुक नहीं किया गया। बाकी 30 देशों से आए खिलाड़ियों को कोई दिक्कत नहीं हुई और आधिकारिक होटल में नहीं रूकने पर शटल बस नहीं मिलती है। अगर आप आधिकारिक होटल में रूकते हैं तो ही शटल बस मिलती है। आयोजकों के लिए शहर भर के होटलों से खिलाड़ियों को पहुंचाना संभव नहीं है।'

## शमी अर्जुन पुरस्कार की दौड़ में शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम की सिफारिश की है। इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने हाल में समाप्त हुए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बीसीसीआई ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया। इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था। शमी ने वनडे विश्व कप में सर्वाधिक विकेट लिए। उन्होंने केवल सात मैच में 24 विकेट हासिल किए थे।






### गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव पारित, भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में किया मतदान

# यूएनजीए ने उठाया बड़ा कदम, अब हमास-इजराइल युद्ध पर लगेगी लगाम

*संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 12 दिसंबर को भारी बहुमत से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें गाजा में युद्धविराम की मांग की गई। भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में मतदान किया। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल सहित दस देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 23 देशों ने भाग नहीं लिया।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की आपात बैठक में गाजा में तत्काल युद्ध विराम प्रस्ताव पारित हो गया। भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष में तत्काल मानवीय युद्धविराम के साथ-साथ सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई की मांग की गई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 12 दिसंबर को भारी बहुमत से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें गाजा में युद्धविराम की मांग की गई। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा ने एक्स और वेबसाइट पर साझा की है।

संयुक्त राष्ट्र की समाचार सेवा के अनुसार, प्रस्ताव में महासभा की मांग को भी दोहराया गया कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। इसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है। यह कानून विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में है।

**खास बातें**

- सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें
- संयुक्त राष्ट्र महासभा की आपात बैठक से 23 देश रहे प्रस्ताव से नदारत

7 अक्टूबर का आतंकवादी हमला और बंधक बनाने पर जताई चिंता

गाजा में बड़ा मानवीय संकट, बड़े पैमाने पर हो रही जनहानि





### रुचिरा बोलीं- गाजा में मानवीय संकट

संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज का कहना है कि भारत ने महासभा द्वारा अभी अपनाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। जिस स्थिति पर यह अगस्त निकाय विचार-विमर्श कर रहा है, उसके कई आयाम हैं। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को इजराइल में आतंकवादी हमला और उस समय बंधक बनाए गए लोगों के लिए चिंता का विषय है। वहाँ एक बड़ा मानवीय संकट है और बड़े पैमाने पर नागरिक जीवन की हानि हो रही है। विशेषकर महिलाओं और बच्चों की। सभी परिस्थितियों में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का मुद्दा है,

### जरुरी है अंतरराष्ट्रीय समुदाय की एकता

उन्होंने कहा कि इस असाधारण कठिन समय में हमारी चुनौती सही संतुलन बनाए रखना है। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 99 को लागू करते हुए महासचिव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों की गंभीरता और जटिलता को रेखांकित किया गया है। इसलिए, हम इस तथ्य का स्वागत करते हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की एकता इस समय क्षेत्र के सामने मौजूद कई चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा आधार खोजने में सक्षम है।

### अमेरिका चला अपनी राह

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी दूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिका युद्ध विराम प्रस्ताव से सहमत नहीं है। अमेरिकी दूत ने युद्ध के लिए सीधे तौर पर हमास को दोषी ठहराया। इजराइल के राजदूत गिलाद अर्दान ने प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा है कि युद्ध रोकने से केवल हमास को फायदा होगा। इजराइल और फिलिस्तीनी संगठन हमास के बीच संघर्ष चल रहा है।

### यह देश उतरे पक्ष में

तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले प्रस्ताव को अल्जीरिया, बहरीन, इराक, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और फिलिस्तीन सहित कई देशों द्वारा प्रायोजित किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल सहित दस देशों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि 23 देशों ने भाग ही नहीं लिया। भारत समेत 153 देशों ने पक्ष में मतदान किया।

### कानूनों का उल्लंघन

यूएनजीए चीफ फ्रांसिस ने कहा कि गाजा में नागरिकों पर हमले हो रहे हैं। मानवीय कानूनों का गंभीर उल्लंघन हुआ है। तत्काल युद्ध विराम का समर्थन जताया है। प्रस्ताव मिस्र के राजदूत अब्देल खालेक महमूद ने पेश किया।

### उफ ये हादसा : चलती बस में ड्राइवर को आया हार्ट अटैक

# पांच लोगों को रौंदते चली गई बस यात्रियों ने किसी तरह लगाया ब्रेक

हादसे के बाद नोएडा-लखनऊ हाईवे पर जाम लगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रेटर नोएडा में रोडवेज बस चलाते वक्त ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद 30 सवारियों से भरी बस बेकाबू हो गई और आगे जा रहे 5 बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में 3 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक की हालत गंभीर है। सवारियों ने ही किसी तरह से बस को रोका। ड्राइवर को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि हादसा दनकौर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंडी श्याम नगर के पुल के पास बुधवार दोपहर 12:20 बजे हुआ। हादसे के वक्त बस की स्पीड 50 किलोमीटर प्रति घंटे थी।

### बस में बेसुध पड़ा था ड्राइवर



रोडवेज बस बुलंदशहर डिपो की है। हादसे के वक्त बस नोएडा से बुलंदशहर जा रही थी। दनकौर रेलवे स्टेशन के पास अचानक ड्राइवर ब्रह्म सिंह के सीने में दर्द हुआ उसने बस से नियंत्रण खो दिया। बस ने दो बाइकों को टक्कर मारी और रौंद दिया, तब यात्रियों का ध्यान ड्राइवर पर गया। उन्होंने देखा कि ड्राइवर बेसुध पड़ा है। यात्रियों में से कुछ ने किसी तरह से बस में ब्रेक लगाया। बस के ड्राइवर की पहचान बुलंदशहर के सलेमपुर के निवासी 38 वर्षीय ब्रह्म सिंह के रूप में हुई है, जबकि बाइक सवार मृतकों की पहचान सुशील (35), बुलंदशहर निवासी करन (32) और हाथरस निवासी बदन सिंह (37) के रूप में हुई है। जबकि, एटा के रहने वाले कमलेश (39) घायल हैं।

### भारत लाने के लिए प्रयास तेज

# जापान में दुनिया की पहली एयर टैक्सी भरेगी उड़ान

एजेंसी ▶▶ टॉक्यो

जापान, दुनिया का पहला देश बनने जा रहा है, जो एयर टैक्सी के लिए टेक-ऑफ और लैंडिंग का बुनियादी ढांचा विकसित कर रहा है। माना जा रहा है कि जापान अपने प्रमुख शहरों में एयर टैक्सियों की सेवा देने वाला पहला देश बन जाएगा। हालांकि अमेरिका भी इस होड़ में शामिल है। इसके बाद भारत ने भी एयर टेक्सी के लिए भारत लाने की कोशिश में अभी से जुट गया है। जिसके परिणाम जल्द आने वाले हैं। ऑल निप्पॉन एयरवेज होल्डिंग्स इंक ने 2022 में ही जापान में एयर टैक्सी सेवा के लिए कैलिफोर्निया की कंपनी जॉबी एविएशन के साथ साझेदारी कर ली थी, अब इन दोनों कंपनियों ने पूरे जापान के प्रमुख शहरों में वर्टीपोर्ट बनाने के लिए जापान की सबसे बड़ी रियल एस्टेट डेवलपर्स, नोमुरा रियल एस्टेट डेवलपमेंट कंपनी के साथ समझौते की घोषणा की है।



### एयर टैक्सी को लेकर उत्साहित हैं जापानी

जापान के लोग भी इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर उत्सुक हैं, क्योंकि जापान परिवहन के मामले में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। वहां संकरी गलियां और जमीन के ऊपर बिजली लाइनों का विशाल नेटवर्क होने के कारण आवागमन में भारी दिक्कतें हैं। 2018 में ही जापान ने एक विस्तृत एयर मोबिलिटी रोड मैप विकसित कर लिया था। जापान की निजी कंपनियां, शिक्षाविद और सरकार एयर मोबिलिटी क्रांति में बढ़त लेने के लिए काफी उत्सुक दिखाई दे रहे हैं।

## चीन के महत्वाकांक्षी बीआरआई प्रोजेक्टस से अलग हुआ इटली

**नई दिल्ली।** इटली की सरकार ने 6 दिसंबर 2023 को आधिकारिक तौर पर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट से खुद को बाहर करने की घोषणा की थी। इटली प्रशासन ने चीन को जानकारी दी कि उनका देश साल 2023 के खत्म होने से पहले ही इस प्रोजेक्ट से बाहर आ जाएगा। इस प्रोजेक्ट के साथ इटली साल 2019 में जुड़ा था। खास बात ये है कि चीन की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बीआरआई पर उस साल हस्ताक्षर करने वाला इटली एकमात्र प्रमुख पश्चिमी देश था। ऐसे में अब इस प्रोजेक्ट से इटली का पीछे हट जाना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। 2024 के मार्च महीने में दोनों देशों के बीच के समझौते की अवधि समाप्त होने वाली थी।



# अयोध्या में बन रहा धर्म पथ प्रवेश द्वार पर विराजेंगे 'सूर्यदेव'

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामायण के प्रसंग जीवंत करती दीवारें एवं हरियाली से आच्छादित डिवाइडर के साथ इस मार्ग का प्रवेश द्वार भी काफी आकर्षक होगा। रथ पर सवार सूर्यदेव प्रवेश द्वार के शीर्ष पर विराजमान होंगे। फाइबर रिइंफोर्सड प्लास्टिक (एफआरपी) से निर्मित सूर्यदेव की अनुकृति भी यहां पहुंच गई हैं। एफआरपी का वजन कम होता है, लेकिन यह बहुत मजबूत होती है। दीवार पर रामायण के प्रसंग उकेरने एवं सूर्यदेव की प्रतिमा युक्त प्रवेश द्वार का निर्माण विकास प्राधिकरण कराएगा।

*अयोध्या में राम मंदिर की बढ़ेगी भव्यता*



### 9 मीटर चौड़ा फोरलेन

फोरलेन वाले इस मार्ग को भविष्य में 8 लेन का किया जाएगा। धर्म पथ पर वाहनों के आवागमन के लिए 9-9 मीटर चौड़े फोरलेन मार्ग हैं। नए प्रस्ताव में इन मार्गों के दोनों ओर 7-7 मीटर चौड़े मार्गों के निर्माण की योजना है।

### विकसित हो रहा है वीवीआईपी मार्ग

अयोध्या में धर्म पथ को राममंदिर तक पहुंचाने वाले वीवीआईपी मार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग एवं विकास प्राधिकरण संयुक्त रूप से इस मार्ग का कायाकल्प कर रहे हैं। एनएच-27 पर रामघाट होते हुए लता चौक तक दो किलोमीटर लंबे इस मार्ग को आकर्षण बनाने के तमाम प्रबंध किए जा रहे हैं।

### दोनों देशों के तनाव के बीच मनीला भेजा पनडुब्बी रोधी युद्धपोत

# चीन के खिलाफ फिलीपींस की मदद को आगे आया भारत

एजेंसी ▶▶ मनीला

दक्षिण चीन सागर में चीन से संघर्ष के बीच भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत फिलीपींस पहुंचा है। फिलीपींस और चीन में दक्षिण चीन सागर में स्थित द्वीपों को लेकर चरम पर तनाव है। अभी हाल में ही चीनी तटरक्षक बल के युद्धपोतों ने फिलीपींस की नौसेना के पोत पर वाटर कैनन से हमला किया था। इस हमले में फिलीपींस की नौका को भारी नुकसान भी पहुंचा था। इसके बाद से दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस ने अपनी नौसैनिक उपस्थिति को बढ़ा दिया है।

इस बीच फिलीपींस की राजधानी मनीला में भारतीय युद्धपोत के पहुंचने को काफी अहम घटना माना जा रहा है। भारत और फिलीपींस के बीच रणनीतिक रूप से काफी मजबूत संबंध हैं। भारत ने हाल में ही फिलीपींस को 7 स्वदेशी एएलएच मार्क-3 हेलीकॉप्टर ऑफर किया है।

फिलीपींस और चीन के मध्य द्वीपों को लेकर चरम पर तनाव



### भारतीय राजदूत ने फिलीपींस को बताया करीबी दोस्त

फिलीपींस में भारत के राजदूत शंभू कुमारन ने इस क्षेत्र में फिलीपींस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने उन्होंने साथी लोकतंत्रों के रूप में दोनों देशों के घनिष्ठ संबंधों पर प्रकाश डालते हुए भारत और फिलीपींस के बीच मजबूत साझेदारी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की शांति और स्थिरता में हमारा साझा हित है। इसलिए आप उम्मीद करेंगे कि भारत एक मजबूत नौसेना और समुद्री सुरक्षा जुड़ाव जारी रखेगा।

### फिलीपींस में युद्धाभ्यास करेगा भारतीय युद्धपोत

भारतीय नौसेना का कामोर्टा क्लास का पनडुब्बी रोधी कॉर्वेट आईएनएस कदमत फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचा है। आईएनएस कदमत इन दिनों इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत के हितों की रक्षा के लिए गश्त लगा रहा है। यह आईएनएस कदमत की दूसरी फिलीपींस यात्रा है। इससे पहले यह युद्धपोत अक्टूबर 2017 में भी फिलीपींस पहुंचा था। 13 दिसंबर को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कदमत और फिलीपीन नौसेना के बीआरपी रेमन अलकराज के बीच पश्चिम फिलीपीन सागर में एक समुद्री साझेदारी अभ्यास भी प्रस्तावित है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109